3 | राजधानी
लीला होटल को 23.48 लाख का चूना लगा गया ठग

6 | अभिमत
जापानी प्रतिक्रिया चीनी खतरे पर

10 | विदेश
आस्ट्रेलिया में एक और हिंदू मंदिर को नुकसान

11 | राष्ट्रीय
यूएई सरकार का अधिकारी बनकर होटल को लगाया चूना

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 75
नई दिल्ली, बुधवार, 18 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सिंधू इंडिया ओपन के पहले दौर में बाहर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# आने वाला है भारत का सर्वश्रेष्ठ समयः मोदी

## भाजपा की दो दिवसीय कार्यकारिणी में पीएम ने कहा- देश के विकास में अपने आप को समर्पित कर दें भाजपा कार्यकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से समाज के हर तबके तक पहुंचने और उनके लिए काम करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बगैर किसी चुनावी लाभ की लालसा के बोहरा, पसमांदा और सिखों जैसे अल्पसंख्यकों सहित समाज के हर वर्ग से संपर्क करें और उनके काम आएं।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा अब केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं है, यह सामाजिक आंदोलन में परिवर्तित हो गई है, जो देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति बदलने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग अब आने वाला है। हमें देश के विकास के लिए खुद को समर्पित कर देना चाहिए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों को बताया कि पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकारिणी में नेताओं से समाज के हर तबके तक पहुंचने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में करीब 400 दिन बचे हैं और इसलिए पार्टी के सभी नेताओं और



भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा

कार्यकर्ताओं को पूरे समर्पण के साथ समाज के हर वर्ग की सेवा करने में जुट जाना है। बैठक में शामिल पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सूफीवाद के बारे में बहुत कुछ कहा और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा कि वे विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों से मिलें और उनसे जुड़ने के लिए विश्वविद्यालयों और चर्च जैसी जगहों का दौरा करें। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से यह आह्वान भी किया कि वे अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दें, तभी देश को तेजी से आगे ले जाया जा सकता है।

सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पार्टी को अति आत्मविश्वास की भावना के प्रति भी आगाह किया और 1998 में मध्य प्रदेश में भाजपा की हार का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार की अलोकप्रियता के बावजूद भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। मोदी उन दिनों में मध्य प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक मामलों का काम देखते थे। बकौल फडणवीस, मोदी ने कहा कि भारत के जीवन का सर्वोत्तम काल आ रहा (शेष पेज 8)

### नड्डा की अध्यक्षता में लोस चुनाव लड़ेगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मंगलवार को सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को जून 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी। भाजपा के शीर्ष संगठनात्मक निकाय के इस फैसले के बाद यह तय हो गया है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में नड्डा के पास ही पार्टी की बागडोर रहेगी। राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में भाजपा की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक के आखिरी दिन संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नड्डा के कार्यकाल को विस्तार दिए जाने की जानकारी दी। कार्यकारिणी में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नड्डा के कार्यकाल को विस्तार दिए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। शाह ने कहा, कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से (शेष पेज 8)

### नाखुश येदियुरप्पा से पीएम ने की गुफ्तगू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा द्वारा पार्टी से 'दूरी' बनाने की खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से इतर उनके साथ 15 मिनट तक बैठक की। चुनावी राज्य कर्नाटक में भाजपा की राज्य इकाई में जारी अंदरुनी कलह के चलते राज्य सरकार की छवि पहुंच रही ठेस पर पीएम और बीएसवाई के बीच बातचीत हुई। पिछले हफ्ते कर्नाटक भाजपा में चल रही अंदरुनी कलह उस समय सतह पर आई जब वरिष्ठ पार्टी नेता ने लिंगायत आरक्षण मुद्दे पर प्रदेश के एक मंत्री पर हमला बोल दिया। कैबिनेट मंत्री और लिंगायत नेता मुरुगेश निरानी (शेष पेज 8)

# मक्की वैश्विक आतंकी घोषित भारत को मिली बड़ी जीत

- पाक स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर के उप प्रमुख पर संयुक्त राष्ट्र ने की कार्रवाई

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



मक्की का फाइल फोटो

**आतंकवाद** के मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत को एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के उप प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया है। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के उप प्रमुख मक्की को काली सूची में डालने के भारत और अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव में अडंगा लगाने से चीन के पीछे हटने के बाद सुरक्षा परिषद की अलकायदा प्रतिबंध समिति को सर्वसम्मति से मक्की को वैश्विक आतंकवादी की सूची में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 आईएसआईएल (दाएश) और अलकायदा प्रतिबंध समिति ने सोमवार को 68 वर्षीय मक्की को घोषित आतंकवादियों की सूची में शामिल किया। इस सूची में शामिल लोगों की संपत्ति जब्त करने, उन पर यात्रा और हथियार संबंधी प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। इसके लिए भारत और उसके सहयोगी देश वर्षों से प्रयास कर रहे थे।

पाकिस्तान के करीबी सहयोगी चीन द्वारा 16 जून, 2022 को जेयूडीएलईटी के राजनीतिक मामलों के प्रमुख और लश्कर प्रमुख हाफिज मुहम्मद सईद के रिश्तेदार मक्की को वैश्विक आतंकवादी की सूची में शामिल करने के भारत और अमेरिका के एक संयुक्त प्रस्ताव पर रोक लगाए जाने के सात महीने बाद ऐसा हुआ है। चीन ने वैश्विक आतंकी के रूप में मक्की को काली सूची में डाले जाने पर रोक क्यों खत्म करने का फैसला किया, इस बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने निर्णय का बचाव करते हुए कहा कि आतंकवादियों की सूची वैश्विक आतंकवाद रोधी सहयोग को बढ़ाने के लिए अनुकूल है। उन्होंने आतंकवाद रोधी प्रयासों का समर्थन करने के लिए इस्लामाबाद की प्रशंसा की। बीजिंग में वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आतंकवाद मानवता का साझा दुश्मन है... 1267 समिति (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की) एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद रोधी तंत्र है और संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आतंकवादियों या आतंकवादी संगठनों को नामित करना आतंकवादी खतरों से निपटने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद रोधी सहयोग बढ़ाने के लिए अनुकूल है।

भारत ने मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से खतरा काफी अधिक है तथा यूएनससी से प्रतिबंध एवं सूचीबद्ध किया जाना, क्षेत्र में ऐसे खतरों एवं आतंकी आधारभूत ढांचे (शेष पेज 8)

# हमारी और वरुण की विचारधारा अलगः राहुल

- कहा- गले तो लगा सकता हूं लेकिन उनकी विचारधारा स्वीकार नही कर सकता
- लगाया आरोप, आरएसएस और भाजपा सभी संस्थाओं को कर रहीं नियंत्रित
- यात्रा के दौरान युवक के गले लगाने की कोशिश को सुरक्षा चूक नहीं बताया, कहा- ऐसा हो जाता है
- पुलिस महानिरीक्षक ने भी कहा- सुरक्षा में ढील नहीं थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/होशियारपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल हो सकने की अटकलों के बीच राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनके चचेरे भाई और कांग्रेस की विचारधारा में बहुत अंतर है। उन्होंने



साथ ही घोषणा की कि यदि कोई उनका गला भी काट दे, तो भी वह आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के कार्यालय नहीं जाएंगे।

राहुल गांधी ने कई मामलों को लेकर भाजपा की अकसर आलोचना करने वाले वरुण गांधी को लेकर कहा, मैं उनसे मुलाकात कर सकता हूं, उन्हें गले लगा सकता हूं, लेकिन मैं उस विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकता। यह असंभव है। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान एक व्यक्ति के उनकी ओर दौड़कर आने और उनके गले लगने की घटना को लेकर कहा कि इस मामले में सुरक्षा संबंधी कोई चूक नहीं हुई है। पुलिस महानिरीक्षक जी. एस. ढिल्लों ने भी कहा कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के इतर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आरएसएस के कार्यालय कभी नहीं जा सकता।

आप मेरा गला काट सकते है, लेकिन मैं नहीं जाऊंगा। मेरे परिवार की एक विचारधारा है, उसकी अपनी एक विचार प्रणाली है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वरुण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में हैं और यदि वह यात्रा में शामिल होते हैं, तो उन्हें समस्याओं का सामना पड़ेगा, यानी भगवा दल आपत्ति कर सकता है। राहुल गांधी ने आरएसएस और भाजपा पर देश की सभी संस्थाओं पर कब्जा करने (शेष पेज 8)

## पंकज कुमार सिंह डिप्टी एनएसए नियुक्त

नई दिल्ली (पीएनएस)।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सेवानिवृत्त महानिदेशक पंकज कुमार सिंह को उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, राजस्थान कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी सिंह को दो साल की अवधि के लिए पुनर्नियोजन अनुबंध पर नियुक्त किया गया है। सिंह 31 दिसंबर, 2022 को बीएसएफ प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए। सिंह ने 31 अगस्त, 2021 को बीएसएफ की कमान संभाली। सिंह के पिता भी बीएसएफ के प्रमुख रहे थे। पंकज कुमार सिंह के पिता और 1959 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह ने जून 1993 से जनवरी 1994 तक बीएसएफ का नेतृत्व किया था। प्रकाश सिंह को देश में पुलिस सुधारों का सूत्रधार माना जाता है। उन्होंने 1996 में पुलिस प्रतिष्ठान में सुधार के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर (शेष पेज 8)

# पहले वार्ता की पेशकश फिर पलट गए शहबाज

- पाक प्रधानमंत्री का यूटर्न- जब तक कश्मीर में धारा 370 पुनः लागू नहीं होती, भारत के साथ कोई बातचीत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने मंगलवार को पहले भारत के साथ गंभीर और ईमानदारी से बातचीत करने की बात कही, लेकिन विरोधाभासी संकेतों को भांपते हुए कुछ ही घंटों में पड़ोसी देश अपने बयान से पलट गया।

यू-टर्न लेते हुए पाकिस्तान फिर कहा कि भारत के साथ तब तक वार्ता नहीं हो सकती जब तक वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को खत्म करने के अपने 5 अगस्त 2019 के फैसले को वापस नहीं ले लेता। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नई दिल्ली को संदेश देते हुए सबसे पहले कहा कि उनके देश ने भारत के साथ



तीन युद्धों से सबक सीखा है। इसलिए वह कश्मीर सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए गंभीर और ईमानदार बातचीत करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को दुबई स्थित अल अरबिया समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार में यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने पड़ोसी भारत के साथ शांति से रहना चाहता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो परमाणु हथियार संपन्न पड़ोसियों के बीच बातचीत की बहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, बाद में इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि भारत द्वारा 5 अगस्त, 2019 को लिए गए अपने अवैध फैसले को वापस लेना होगा, उसके बाद ही बातचीत हो सकती है। भारत द्वारा इस कदम को वापस लिए बिना बातचीत संभव नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने अल अरबिया को शहबाज शरीफ के साक्षात्कार के संबंध में कहा कि पीएम शरीफ ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान और भारत को अपने द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर समस्या को बातचीत और शांतिपूर्ण तरीकों से हल करना चाहिए।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ने बार-बार रिकॉर्ड पर इस बात को दोहराया है कि भारत द्वारा 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 हटाने की अपनी अवैध कार्रवाई को वापस लेने के बाद ही बातचीत हो सकती है। इससे पहले यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार होना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में यूएई की अपनी यात्रा के दौरान अल अरबिया न्यूज के साथ अपने साक्षात्कार में इस स्थिति को बहुत स्पष्ट किया है। शरीफ ने साक्षात्कार में कहा कि भारतीय नेतृत्व (शेष पेज 8)

## हथियार डीलर भंडारी को भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटिश** गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कर वंचना और धनशोधन संबंधी आरोपों का सामना करने के लिए बिचौलिए और हथियारों के सौदे में सलाहकार संजय भंडारी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रत्यर्पण का यह आदेश पिछले हफ्ते दिया गया और भंडारी के पास इस महीने के अंत तक लंदन उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। भंडारी (60) के खिलाफ भारतीय अधिकारियों ने दो प्रत्यर्पण अनुरोध किए थे। पहला अनुरोध धनशोधन से संबंधित था जबकि दूसरा कर वंचना से संबंधित। इससे पहले, नवंबर में ब्रिटेन की एक अदालत ने फैसला दिया था कि भंडारी को कर चोरी एवं धनशोधन के आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। इससे ब्रिटिश सरकार को भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश देने का मार्ग (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,655 | ↑ 562 | |
| निफ्टी | 18,053 | ↑ 158 | |
| सोना | 56,680 | ↓ 130 | /10g |
| चांदी | 69,793 | ↓ 232 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी की 15 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भुवनेश्वर में रेलवे के एक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के परिसर पर छापेमारी के दौरान 17 किग्रा. सोना और 1.57 करोड़ की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने 1987 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी प्रमोद कुमार जेना के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में तीन जनवरी को मामला दर्ज किया था। जेना पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। सीबीआई ने भुवनेश्वर में जेना के परिसरों की तलाशी ली। उन्होंने कहा कि तलाशी में 1.57 करोड़ से अधिक की नकदी, 17 किलोग्राम सोना और आभूषण (8 करोड़ से 10 करोड़ मूल्य के बीच), बैंक और डाकघर में जमा 2.5 करोड़ तथा बड़ी संख्या में संपत्ति के दस्तावेज मिले।

# एनसीईआरटी के ट्रांसजेंडर संबंधी नए मसौदा दिशानिर्देशों में लिंग निरपेक्षता पर जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

**औपचारिक** स्कूली शिक्षा में ट्रांसजेंडर समुदाय के छात्रों के सम्मानजनक तरीके से समायोजन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कुछ नए दिशा निर्देश तैयार किए हैं जिसमें ट्रांसजेंडर समावेशी पाठ्यक्रम, उनके लिए सुरक्षित शौचालय सुविधाएं तथा लैंगिकता आधारित हिंसा को रोकने के उपायों को शामिल किया गया है।

एनसीईआरटी के जेंडर स्टडीज विभाग द्वारा गठित 16 सदस्यीय समिति ने स्कूली प्रक्रियाओं में ट्रांसजेंडर की चिंता का संयोजन शीर्षक से तैयार मसौदा दिशानिर्देश में यह बात कही है। इसमें लिंग निरपेक्ष पोशाक व्यवस्था लागू करने का भी सुझाव दिया गया है। इसमें कहा गया है, कुछ छात्र, खास तौर पर छठी कक्षा से आगे के छात्रों की स्कूली पोशाक को लेकर अपनी पसंद होती है। एक विशेष पोशाक में वे सहज नहीं महसूस करते हैं। ऐसे में स्कूल लिंग निरपेक्ष पोशाक पेश कर सकते हैं जो आरामदायक एवं जलवायु के अनुरूप हो तथा किसी लैंगिक पहचान विशेष से जुड़ी हुई न हो। मसौदा दिशानिर्देश के अनुसार, विभिन्न अकादमिक, गैर अकादमिक और अन्य पदों पर लैंगिक भेदभाव के बिना ट्रांसजेंडर (तृतीय प्रकृति) शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों की नियुक्ति की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि सभी आवेदन पत्रों एवं सभी तरह के पाठ्यक्रमों के प्रमाणपत्रों में ट्रांसजेंडर श्रेणी को शामिल किया जाए, उनके लिए छात्रवृत्ति का प्रावधान करने के साथ ही ट्रांसजेंडर छात्रों की स्वास्थ्य देखरेख पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें साथ ही कहा गया है कि ट्रांसजेंडर श्रेणी के छात्रों की मदद के लिए प्रशिक्षित काउंसलर तैनात किए जाएं क्योंकि ऐसे छात्र एकाकीपन और परेशान किए जाने की घटनाओं का सामना करते हैं। ट्रांसजेंडरों को लेकर स्कूली प्रक्रियाओं में उपयोग पर तैयार दिशानिर्देश में लिंग निरपेक्षता पर खास जोर दिया गया है। साथ ही जाति व्यवस्था आदि के उल्लेख से बचने का सुझाव देते हुए कहा गया है कि संबोधन या नाम पुकराने में अभद्र भाषा पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

एनसीईआरटी के दिशानिर्देश में सुझाव दिया गया है कि स्कूलों में लड़के, लड़कियों जैसे संबोधन की बजाए छात्र, बच्चों जैसी लिंग समावेशी भाषा का उपयोग किया जाना चाहिए। एनसीईआरटी के मसौदा दिशानिर्देश में यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि छात्रों को स्थानीया राष्ट्रीय आपात हेल्पलाइन नंबर की जानकारी हो। इसमें सुझाव दिया गया है कि स्कूलों में लिंग आधारित अवमानना को रोकने के लिए एक समिति का गठन किया जाना चाहिए (शेष पेज 8)

# साठ साल में पहली बार घटी चीन की आबादी

- जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के चलते 1961 के बाद पहली बार सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई
- जन्मदर कम होने से बढ़ी चिंता, जल्द बन सकता है बुजुर्गों का देश

**एपी।** बीजिंग

**चीन** ने देश में बढ़ती बुजुर्गों की आबादी और गिरती जन्म दर के बीच पहली बार हाल के वर्षों में जनसंख्या में गिरावट आने की घोषणा की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, देश में पिछले वर्ष की तुलना में 2022 के अंत में आबादी 8,50,000 कम रही। यह ब्यूरो हांगकांग, मकाओ और स्वशासी ताइवान के साथ-साथ विदेशी निवासियों को छोड़कर केवल



प्रतीकात्मक चित्र

चीन की मुख्य भूमि की आबादी की गणना करता है। ब्यूरो ने मंगलवार को बताया कि 1.041 करोड़ लोगों की मौत के मुकाबले 95.6 लाख लोगों के जन्म के साथ देश की आबादी 1.411.75 अरब रह गई। इनमें से 72.206 करोड़ पुरुष और 68.969 करोड़ महिलाएं हैं। चीन में वर्ष 2016 में एक परिवार एक बच्चा नीति खत्म कर दी गई थी। साथ ही देश में परिवार के नाम को आगे बढ़ाने के लिए पुरुष संतान को तरजीह देने का चलन है। यह नीति खत्म करने के बाद चीन ने परिवारों को एक से अधिक बच्चों के जन्म के लिए प्रोत्साहित किया, हालांकि इसमें अधिक सफलता नहीं मिल पाई।

चीन के शहरों में बच्चों के पालन-पोषण के अत्यधिक खर्च को अक्सर इसकी एक वजह बताया जाता है। पूर्वी एशिया के अधिकतर हिस्सों में ही ऐसा देखने को मिलता है, जहां जन्म दर में तेजी से गिरावट आई है। चीन लंबे समय से दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश रहा है, लेकिन जल्द ही भारत के इसे पीछे छोड़ने की संभावना है। भारत की अनुमानित आबादी अभी 1.4 अरब है और जो लगातार बढ़ रही है। ऐसा माना जाता है कि आखिरी बार चीन में 1950 के दशक के अंत में ग्रेट लीप फॉरवर्ड के दौरान जनसंख्या में गिरावट दर्ज की गई थी। माना जाता है कि सामूहिक खेती और औद्योगीकरण के लिए माओत्से तुंग के इस विनाशकारी अभियान के कारण अकाल की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे लाखों लोग मारे गए।

ब्यूरो के अनुसार, चीन में 16 से 59 साल की उम्र के यानी कामकाजी आयु के कुल 87.556 करोड़ लोग हैं, जो देश की कुल आबादी का 62.0 प्रतिशत है। वहीं 65 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों की कुल संख्या 20.978 करोड़ है, जो कुल आबादी का 14.9 प्रतिशत है। वर्ष 2022 में स्थाई शहरी आबादी 64.6 करोड़ से बढ़कर 92.071 करोड़ हो गई, जो कुल आबादी (शेष पेज 8)

# ऑटो एक्सपो के सातवें दिन उम्मीद से ज्यादा भीड़

## सबसे बड़े वाहन मेले में इलेक्ट्रिक वाहनों का बोलबाला, स्टार्टअप कंपनियों ने भी अपने अविष्कार पेश किए

● प्रवेश के लिए टिकट खरीदने को लगी कतार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में मंगलवार को दुनिया के सबसे बड़े वाहन शो ऑटो एक्सपो को देखने के लिए भारी संख्या में उमड़े लोग।



आटो एक्सपो के दौरान एक पहिए पर करतब दिखातीं युवती।

ऑटो एक्सपो 2023 का सातवां दिन है। बुधवार को ऑटो एक्सपो का आयोजन समाप्त हो जाएगा। मंगलवार होने की वजह से अधिकतर लोग अपने दफ्तर और कामकाज पर गए हैं, लेकिन उसके बावजूद भी कुछ लोग छुट्टी लेकर ऑटो एक्सपो 2023 देखने आए हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हो कि एंट्री गेट और टिकट लेने वालों की लाइन लगी हुई है। लोग लाइन लगाकर एंट्री ले रहे हैं। मंगलवार को भी चार गेट से एंट्री हो रही है और दो स्थानों पर टिकट बिक रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक उम्मीद जताई जा रही थी कि आज मंगलवार को गाड़ियों का मेला देखने के लिए लोगों की संख्या कम होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बड़ी संख्या में जनता ऑटो एक्सपो में पहुंची है। इस बार ऑटो एक्सपो में महिंद्रा, मर्सिडीज़, ऑडी और ठडॅ कंपनी नहीं आई है। जिसकी वजह से लोगों का ध्यान मारुति सुजुकी और टाटा कंपनी पर ज्यादा जा रहा है। मारुति और टाटा कंपनी ने अपनी कई गाड़ियां लॉन्च की है। इसके अलावा किआ, हुंडई और एमजी कंपनी ने भी अपनी गाड़ियां लॉन्च की है। इस बार महिंद्रा और मर्सिडीज़ गाड़ी की कंपनी नहीं आई है, जिसकी वजह से लोगों का ध्यान इनकी तरफ से हटता जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार और रविवार को 2.20 लाख से अधिक लोग ऑटो एक्सपो में गाड़ियां देखने पहुंचे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सोमवार को 60 हजार से अधिक लोग ऑटो एक्सपो में पहुंचे हैं। इस बार ऑटो एक्सपोर्ट तीन सालों बाद लगा है। जिसकी वजह से भारी संख्या में लोग गाड़ियों के मेले को देखने पहुंच रहे हैं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार ऑटो एक्सपो में 7 लाख से ज्यादा लोग पहुंच सकते हैं। ऑटो एक्सपो 2023 में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा बोलबाला रहा है। इसके अलावा स्टार्टअप कंपनियों ने भी अपने नए अविष्कार पेश किए हैं।

गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के लोगों ने अपने स्कूटर और ऑटो पेश किए। इस बार ऑटो एक्सपो में गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा की धमक देखने को मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### लेनदेन के विवाद में मारपीट, वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा में मारपीट का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। ये वीडियो सेक्टर-8 हरौला सब्जी मंडी का है। यहां फल विक्रेता और ग्राहक के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। ग्राहक ने फल विक्रेता पर जमकर लात घूसे बरसाएं। मामले में पीड़ित की शिकायत पर थाना फेज.1 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं वायरल वीडियो को देखकर आरोपी की पहचान करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने दो वाहन चोर पकड़े

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने 2 शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन वाहन चोरों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। साथ ही मोटरसाइकिल चोरी करने के उपकरण भी इनसे बरामद किए गए हैं। यह चोर वाहनों की चोरी किया करते थे। दोनों आरोपी कन्नौज निवासी आरूष और श्रवण को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### ताला तोड़ लाखों के जेवरात व पिस्टल चोरी

**गाजियाबाद।** स्थानीय बैंक कॉलोनी में एक मकान से चोरों ने ताले तोडकर करीब सात लाख के सोने चांदी के जेवरात और लाइसेंसी पिस्टल चुरा लिया। घटना के समय परिवार बंगलोर गया हुआ था। बीती शाम लौटने पर घटना की जानकारी लगने पर परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से खुलासे का प्रयास कर रही है। बैंक निवासी जेपी चौहान बीती 10 जनवरी को परिवार समेत बंगलोर गए थे। सोमवार शाम लौटने पर उन्हें घर के दरवाजों के ताले तोडकर दो सेफ और पलंग से करीब 10 तोले सोने और लाखों के ही चांदी के जेवरात व पिस्टल चोरी कर ले गए थे।

### मारुति कार के शोरूम में लूट

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र साइट.4 में स्थित मोटर क्राफ्ट सेल्स प्रा लि मारूति कंपनी के शोरूम पर धावा बोलकर हथियारबंद बदमाशों ने काफी देर तक लूटपाट की। सूत्रों के अनुसार 15,16 जनवरी की रात तीन.चार बदमाशों ने मारूति कार के शोरूम पर धावा बोलकर पहले तो वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी रूप किशोर व गनर राम अनुज पांडेय को बंधक बना लिया और फिर बदमाशों ने गार्ड्स से कारों की चाबी मांगी। बदमाशों ने शोरूम में रखा कीमती सामान, कैश व डीवीआर लूट लिया।

### हरौला के नाले में नवजात बच्चे का मिला शव

**नोएडा।** थाना फेस वन क्षेत्र के हरौला गांव के बरात घर के पास नाले में आज सुबह एक नवजात बच्चे का शव मिला है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि आज सुबह को थाना फेस वन क्षेत्र के हरौला गांव के बरात घर के पास नाले में एक साथ माह के नवजात बच्चे का शव मिला है। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मर्सिडीज कार में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को एक मर्सिडीज में आग लग गई। कार से धुंआ निकलते देख मर्सिडीज में बैठे लोग गाड़ी का दरवाजा खोलकर बाहर आ गए। देखते ही देखते कार के इंजन वाला हिस्सा धूं-धूं कर जलने लगा।

फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जिसके बाद टीम ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया। ये हादसा मंगलवार दोपहर में गाजियाबाद में एक्सप्रेस.वे पर लालकुआं के पास हुआ। काले रंग की मर्सिडीज दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ आ रही थी। अचानक इंधन से धुआं निकलने लगा। तुरंत ड्राइवर ने कार रोक दी। उसके बाद अंदर बैठे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इतने में आग धधक उठी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। इस घटना में गाड़ी के बोनट वाला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया है। गाड़ी मालिक और उसमें बैठे लोगों के बारें में अभी जानकारी सामने नहीं पाई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर फाइटर्स समय रहते मौके पर पहुंच गए। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया है। इसमें कोई जनहानि नहीं है।

## उत्तरांचल-पूर्वांचल भवन निर्माण की बाधा दूर

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने अब एक बार फिर उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद सिंह ने दिल्ली स्थित आवास पर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि उत्तरांचल और पूर्वांचल भवनों का निर्माण कार्य किया जाए। नगर निगम 14वें वित्तीय आयोग से मिले पैसे का इस्तेमाल करें, इसके लिए सांसद वीके सिंह ने अनुमति दी है। करीब पांच वर्ष पहले शहर में उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन बनाने का फैसला लिया गया था।

# ट्विन टावर भ्रष्टाचार की जद में 14 अफसर

● विजिलेंस के रडार पर प्राधिकरण, सर्किल व नियोजन के अफसर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-93 ए एमराल्ड ट्विन टावर को ध्वस्त कर दिया गया है। शासन के निर्देश पर विजिलेंस की जांच की जा रही है। इस सिलसिले में लखनऊ विजिलेंस की टीम दो दिनों से नोएडा प्राधिकरण में रही। यहां फाइलों को खंगालने के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके जवाब ले रही है। ये वे अधिकारी है जिनकी जिम्मेदारी निर्माण को रोकने की थी।

इस क्रम में विजिलेंस की ओर से नोएडा प्राधिकरण में नियुक्त रहे 14 अधिकारियों की एक सूची जारी की है। इस सूची में ओएसडी से लेकर सर्किल अधिकारी और ड्राफ्ट मैन से लेकर वास्तुविद तक के नाम शामिल है। जिनसे पूछताछ को बुलाया है। वहीं उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण से ये भी कहा गया है कि जिन अधिकारियों का यहां से ट्रांसफर हो गया है या वे रिटायर्ड हो गए है। उन सभी अधिकारियों का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, वर्तमान निवास और कार्यालय का पता लखनऊ विजिलेंस को अवगत करा दिया जाए। दरअसल, 28 अगस्त को ट्विन टावर ध्वस्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने इस टावर को बनाने व उस दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के लिए कहा था। सुपरटेक ट्विन टावर मामले में एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद विजिलेंस विभाग ने कड़ी आपत्ति जताई थी। ये जांच रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण के लोगों ने ही सार्वजनिक की। दरअसल, विजिलेंस ने एसआईटी की रिपोर्ट को आधार बनाकर प्राधिकरण के 26 अधिकारियों, दो आर्किटेक्ट कंपनी और चार सुपरटेक के निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफ आईआर के बाद विजिलेंस ने प्राधिकरण से प्रकरण से जुड़े दस्तावेज मांगे थे।

# कैफे में बार चलाने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

● शराब परोसने के साथ विदेशी लड़कियां कर रही थीं डांस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस और आबकारी टीम ने एक फूड कैफे में बार पकड़ा है। ये बार बिना अनुमति चल रहा था और यहां पर कस्टमर को विदेशी ब्रांड्स की शराब परोसी जा रही थी। इतना ही नहीं, कस्टमर के मनोरंजन के लिए रशियन लड़कियों के डांस का भी इंतजाम किया गया था। पुलिस ने बार मालिक को अरेस्ट कर लिया है, जो भाजपा नेता है।

पुलिस ने बताया कि कविनगर थाना क्षेत्र स्थित राजनगर में द फूड वर्कशॉप में चौथे और पांचवें फ्लोर पर ताशा रेस्टोरेंट है। इसमें अवैध बार का संचालन हो रहा था। इस सूचना पर पुलिस और आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई की। रेस्टोरेंट में बार के संचालन का कोई लाइसेंस नहीं मिला। मौके पर कई विदेशी लड़कियां डांस कर रही थीं। पुलिस ने यहां से अंग्रेजी शराब की कई बोतलें बरामद की हैं। कविनगर एसीपी ने बताया कि धारा-144 का उल्लंघन करके डांस प्रोग्राम आयोजित किया गया था। बार का भी कोई लाइसेंस मौके पर नहीं मिला है। इस मामले में संयम कोहली नामक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है जो इस बार का संचालक है। संयम कोहली भाजपा युवा मोर्चा का महानगर कोषाध्यक्ष है। सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह समेत कई बीजेपी नेताओं के साथ भी संयम कोहली के फोटो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं।

# पार्षद के जन्मदिन पर हुई हर्ष फायरिंग, वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद गांव के पार्षद हिमांशु चौधरी के जन्मदिन की पार्टी में हर्ष फायरिंग हुई है। सूचना के बाद लिंक रोड पुलिस अलर्ट मोड में आ गई।

उक्त घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के संदर्भ में एसीपी पूनम मिश्रा का कहना है कि जांच के दौरान पाये जाने वाले साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जायेगी। एसीपी ने बताया कि जो सूचना पुलिस को मिली उससे पता चला है कि पार्षद हिमांशु चौधरी का जन्मदिन आज है, लेकिन बीती रात ही उनके कुछ दोस्तों व परिचितों ने उनका जन्मदिन मनाना शुरू कर दिया था। उसी समय हर्ष फायरिंग होने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# डासना जेल से दूसरे की बेल पर हुआ रिहा

● फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा, दोनों आरोपियों को फिर भेजा सलाखों में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जेल प्रशासन की बड़ी चूक सामने आई है। चोरी के दो आरोपितों ने आपस में नाम बदलकर गुमराह किया। कोर्ट ने एक को जमानत दी तो दूसरे को रिहाई मिल गई, पर अगले ही दिन कोर्ट में इसका राजफाश हो गया। इसके बाद दोनों को फिर से जेल भेज दिया गया। डिप्टी जेलर विजय कुमार गौतम ने थाना मसूरी में गढ़मुक्तेश्वर के रहने वाले तारा चंद्र व बाबू के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि थाना सिंभावली पुलिस ने ट्रांसफार्मर व विद्युत उपकरण चोरी के आरोप में तारा चंद्र और बाबू को गिरफ्तार किया था। इन्हें 17 दिसंबर 2022 को जेल भेजा गया। यहां तारा ने अपना नाम बाबू व बाबू ने तारा बताया। जेल अधीक्षक के मुताबिक, जेल में दाखिल होने के समय सिर्फ कोर्ट का वारंट होता है। आरोपित का पहचान पत्र या आधार कार्ड नहीं होता। आरोपितों के बताए अनुसार जेल में दाखिल कर रिकार्ड दर्ज कर लिया गया। कोर्ट ने 10 जनवरी को बाबू को जमानत दे दी। आदेश जेल में पहुंचा तो तारा को रिहा कर दिया गया क्योंकि जेल के रिकार्ड में तारा का नाम बाबू दर्ज था। 11 जनवरी को तारा की कोर्ट में पेशी हुईए जहां उसने खुद को बाबू असली नाम बताया।

कोर्ट के आदेश पर सोमवार को तारा को दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में जेल प्रशासन की बड़ी चूक सामने आई है। दाखिल करते वक्त दोनों ने भले ही झूठ बोला पर बाबू के रिहाई के आदेश के साथ उसका पहचान पत्र भी जेल भेजा गया था।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन
आपको सूचना दी जाती है कि विनीत कुमार गुप्ता/प्रतिभा गुप्ता (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002051279 तथा पता फ्लैट नंबर 16 बी, प्रथम तल, अमृतसर वन, टावर के1, शुभम एन्क्लेव, अमृतसर–143001 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 12 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एटीएम एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 18 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन
आपको सूचना दी जाती है कि वीरपाल सिंह/हेमा सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00004915551 तथा पता यूनिट नंबर एलजी25, फ्लोर 1 सिग्नम 36, सेक्टर–36, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 12 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि स्टरनल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 18 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन
आपको सूचना दी जाती है कि विक्रम मल्होत्रा/विनोद मल्होत्रा/उषा मल्होत्रा/रचिता मल्होत्रा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएएमटी00002918093 तथा पता फ्लैट नंबर ए 301, अमृतसर वन, टावर ए, शुभम एन्क्लेव, अमृतसर–143001 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 12 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एटीएम एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 18 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005
ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00004310338, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम मनमोहन नारंग/वरूण नारंग के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांकित 16 अप्रैल, 2022 दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 22 जून, 2022 में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति पता डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 27–बी, द्वितीय तल, ब्लॉक–बी, पाकेट–डी, शालीमार बाग, दिल्ली–110088 के स्थान पर डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 27–बी, द्वितीय तल, ब्लॉक–बीडी, वेस्ट शालीमार बाग, दिल्ली वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 27–बी, द्वितीय तल, ब्लॉक–बी, पाकेट–डी, शालीमार बाग, दिल्ली–110088 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 18 जनवरी, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## संभव कार्यक्रम में डेढ़ दर्जन शिकायतें दर्ज

**गाजियाबाद।** नगर निगम में आज संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव और शिवपूजन यादव की अध्यक्षता में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 शिकायतें संभव कार्यक्रम में दर्ज कराई जा चुकी थी।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005
सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी:

| क्र. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी (कर्ज़दार), श्रीमती शोभा देवी (सह–कर्ज़दार) QZNOD00005016405 | संपत्ति संख्या सी–8ए, बिना छत के अधिकार के साथ दूसरी मंजिल पर पीछे की ओर, ब्लॉक–सी, खसरा नंबर 333, ग्राम बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली–110059। क्षेत्रफल: 360 वर्ग फीट. | रु. 19,38,219/- (जनवरी 12, 2023 तक) | रु. 11,80,000/- / रु. 1,18,000/- | जनवरी 25, 2023 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 09, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को फरवरी 08, 2023 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005 में फरवरी 08, 2023 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित फरवरी 08, 2023 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को फरवरी 08, 2023 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 8126013708/7304914763 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया 1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।
तिथि : जनवरी 18, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# वेब सिटी थाना प्रभारी के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साइबर अपराधियों ने वेव सिटी थाने के एसओ मनोज कुमार के अलावा एक निरीक्षक का मोबाइल नंबर हैक करके उनके साथ ठगी का प्रयास किया। इसके अलावा साइबर क्रिमिनलों ने दो पुलिसकर्मियों के बैंक खातों को भी निशाना बनाया।

वेव सिटी थाने के एसओ मनोज कुमार ने बताया कि साइबर क्रिमिनलों ने उनका मोबाइल नंबर हैक कर अपने नंबर पर उनका फोटो लगाकर उनके परिचितों, दोस्तों व रिश्तेदारों से पैसे मांगने शुरू कर दिये। उन्हें इस आपराधिक मामले का पता उस समय चला जब कुछ लोगों ने उन्हें इस संदर्भ में जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि जब उन्होंने अपने मोबाइल की पड़ताल की तो पता चला कि साइबर क्रिमिनलों द्वारा उनका मोबाइल नंबर हक कर लेने की वजह से उनकी लॉग बुक में फीड नंबरों का डेटा भी उड़ गया। उसके बाद उन्होंने सभी को इस मामले की जानकारी दी।

## गौतमबुद्ध नगर में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में यमुना प्राधिकरण पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के तत्वधान में सफाई कर्मचारियों ने हंगामा किया। सफाई कर्मचारी शुक्रवार से 7 सूत्रीय मांगों लेकर धरने पर बैठे हुए हैं।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के तत्वधान में धरना प्रदर्शन चल रहा है। मंगलवार को भी सफाई कर्मचारियों ने यमुना प्राधिकरण पर हंगामा कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के शाखा अध्यक्ष संजय ढाकुरिया ने बताया कि 13 से यमुना प्राधिकरण पर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन चल रहा है।

# आधे ट्रक चालक दृष्टि दोष के शिकार

● नोएडा मीडिया क्लब में लगाया गया नेत्र जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आई केयर आई हॉस्पिटल के सीईओ डॉ सौरभ चौधरी ने बताया कि सड़क हादसों का एक बहुत बड़ा कारण दृष्टि दोष भी है। इसीलिए वाहन चालकों को आंखों की जांच समय-समय पर करानी चाहिए।

प्रेस वार्ता के बाद आई केयर आई हॉस्पिटल की तरफ से पत्रकारों के लिए नोएडा मीडिया क्लब में नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 से अधिक पत्रकारों ने अपनी आंखों की जांच कराई। भारत की सड़कों पर ट्रक चलानेवाले 50 फीसदी से अधिक ड्राइवर किसी ना किसी तरह की दृष्टि दोष की समस्या से ग्रस्त है। इसका पता नोएडा अस्पताल आई केयर आई हॉस्पिटल ने साइटसेवर्स इंडिया की मदद से 34000 ट्रक ड्राइवरों की आंखों का परीक्षण किया।

इनमें से 38 फीसदी ट्रक ड्राइवरों में नजदीकी तौर पर देखने में समस्या पाई गई तो वहीं 8 फीसदी ट्रक ड्राइवरों को दूर की दृष्टि संबंधित समस्याओं से ग्रस्त पाया गया जबकि इनमें से 4 फीसदी लोग ऐसे थे जिनमें दूर और नजदीक दोनों तरह का दृष्टि दोष था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सदन में दूसरे दिन भी हंगामा विपक्ष के 5 विधायक निलंबित

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर बोला तीखा हमला, कहा- वे होते कौन हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को में शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोकने के मुद्दे पर चर्चा की शुरुआत में जोरदार हंगामा हुआ। आप विधायक आतिशी ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने अपने बजट का एक चौथाई हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित किया।

आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने शिक्षकों के प्रशिक्षण का बजट 10 गुना बढ़ा दिया है जिससे राष्ट्रीय राजधानी की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल का शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने से रोकने का आदेश अवैध है। भाजपा विधायक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे। जिसके बाद विस अध्यक्ष ने भाजपा के छह विधायकों को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बेहद आक्रामक रूप देखने को मिला।

केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर जमकर अपनी भड़ास निकाली और यहां तक कह दिया कि एलजी होते कौन हैं, दिल्ली सरकार के कार्यों में हस्तक्षेप करने वाले। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ा दावा भी किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें एलजी ने धमकी दी है कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में अगला विधानसभा चुनाव नहीं जीतने देंगे। केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि एलजी ने उनसे कहा था कि उन्होंने भाजपा को एमसीडी चुनाव में 104 सीटें जीतने में मदद की है, भाजपा तो इस चुनाव में 20 सीट जीतने की स्थिति में भी नहीं थी। एलजी भाजपा की मदद कर रहे हैं ताकि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की 7 लोकसभा सीटें जीत सके।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके लिए जनतंत्र, संविधान और कानून सर्वोपरि हैं। एलजी को भी इसका सम्मान करना चाहिए। हो सकता है, कल केंद्र में आम आदमी पार्टी की सरकार और दिल्ली में उनका एलजी हो और यहां आप, कांग्रेस या भाजपा की सरकार हो, तो उनका एलजी इस तरह तंग नहीं करेगा। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जितनी अच्छी शिक्षा अपने बच्चों को दी, उतनी ही अच्छी शिक्षा वह दिल्ली के हर बच्चे को देना चाहते है। पिछले दिनों एलजी से मिलने गया था। मैंने संविधान, कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिखाकर उनसे पूछा कि इसमें कहां लिखा है कि एलजी को चुने हुए मुख्यमंत्री के काम रोकने का अधिकार है तो एलजी ने कहा कि वह प्रशासक है। उन्हें राष्ट्रपति ने भेजा है। वह कुछ भी कर सकते है। एलजी दिल्ली को ठप कर आप को बदनाम करने आए हैं।



विधानसभा में मंगलवार को अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

### एक हजार से अधिक टीचर्स-प्रिंसिपल को प्रशिक्षण

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि टीचर्स और प्रिंसिपल को प्रेरित करने और उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए अच्छी से अच्छी ट्रेनिंग दिलवाई है। हमने बहुत सारे टीचर्स को विदेश, आईआईएम और अलग-अलग यूनिवर्सिटी में ट्रेनिंग करने के लिए भेजा। अभी तक एक हजार से अधिक टीचर्स को ट्रेनिंग करा चुके हैं। अब 30 टीचर्स और प्रिंसिपल को ट्रेनिंग करने के लिए फिनलैंड जाना था। उपराज्यपाल ने रोक लगा दी है।

### सौरभ भारद्वाज ने पेश किया संकल्प पत्र

विधायक आतिशी ने सदन में फिनलैंड में शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजने के खिलाफ ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा। इसके बाद विधायक सौरभ भारद्वाज ने इस पर एक प्रस्ताव रखा। उन्होंने संकल्प पढ़ते हुए कहा, यह सदन उपराज्यपाल द्वारा शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने से रोकने की कड़ी निंदा करता है। यह सदन स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने के दिल्ली सरकार के कदम का समर्थन करता है।



विधानसभा परिसर में काले कपड़े पहनकर विरोध जताते भाजपा विधायक।

# भाजपा विधायकों ने काले कपड़े पहनकर जताया विरोध

- केजरीवाल सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप, बिधूड़ी ने विपक्ष के खिलाफ मनमाना रवैया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन यानी मंगलवार को भाजपा विधायक काले पकड़े और काली पगड़ी पहकर सदन में पहुंचे। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप मढ़ा और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की।

विपक्षीय सदस्यों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की सरकार तानाशाहीपूर्ण और मनमाना रवैया अपनाते हुए विपक्ष का गला घोंट रही है। विपक्ष के नियमानुसार नियम-55 के अंतर्गत भ्रष्टाचार पर चर्चा को मंजूरी देने के बावजूद उन्हें सदन में बोलने की इजाजत नहीं दी गई। छह विधायकों को मार्शल द्वारा विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। इस पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और विजेंद्र गुप्ता वाकआउट कर गए। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को छीनने के कारण भाजपा के सभी विधायकों ने इसके बाद विधानसभा परिसर में बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने धरना दिया।

रामवीर सिंह विधूड़ी ने बताया कि भाजपा के विधायकों ने नियम-55 के अंतर्गत विषय उठाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास नोटिस भेजा था जिसे मंजूर कर लिया गया। भाजपा विधायक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना चाहते थे। केजरीवाल सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। शराब घोटाले में हजारों करोड़ रुपए आप नेताओं की जेब में जाने के पर्याप्त सबूत सामने आ चुके हैं। क्लास रूम घोटाले में तो स्वयं केंद्रीय सतर्कता आयोग ने रिपोर्ट दी है। जल बोर्ड घोटाले का आलम यह है कि वर्ष 2016 के बाद न तो बैलेंस शीट बनी है और न ही ऑडिट हुआ है।

इस बीच विधानसभा परिसर से बाहर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणीयों की गलत व्याख्या करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे पता चलता है कि केजरीवाल ने एलजी द्वारा कई जांचों का निर्देश देने के बाद अनदेखी की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार लोक अभियोजकों की नियुक्ति में तेजी लाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप सरकार को अदालतों में लोक अभियोजक के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज करने के लिए चार हफ्ते का आखिरी मौका दिया है। अदालत ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों का निपटारा तभी किया जा सकता है जब रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने सरकार से इस मामले में स्थिति रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि यदि इसे नहीं दायर किया गया और रिक्त पदों को लेकर उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, तो वह कानून सचिव और उन अन्य अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश देंगे जो विलंब के लिए जिम्मेदार हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 14 फरवरी को होगी।

### शरजील की जमानत पर महीने के अंत में सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम की दो अलग-अलग अर्जियों पर 30 जनवरी को एक साथ सुनवाई करेगा। इमाम ने दोनों अलग-अलग अर्जियों में 2020 दंगों से संबंधित राजद्रोह के एक मामले में नियमित जमानत और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) के तहत मामले पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के मद्देनजर अंतरिम जमानत देने के लिए इमाम की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी।

### डीयू के शिक्षकों के संगठन ने कुलपति को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शिक्षकों के एक निकाय ने कॉलेज में काम कर रहे तदर्थ शिक्षकों को बड़े पैमाने पर हटाए जाने के खिलाफ कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखा है और न्याय की अपील की है। सिंह को लिखे पत्र में डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट ने दावा किया कि हंसराज कॉलेज, रामजस कॉलेज और लक्ष्मीबाई कॉलेज जैसे कॉलेज में हटाए जाने की दर (खासकर जो लंबे समय से पढ़ा रहे हैं) 80 प्रतिशत से अधिक है। इनमें नियमित चयन समितियों के माध्यम से नियुक्त अस्थाई शिक्षक भी शामिल हैं। डीयू के कॉलेज और विभागों में 4,500 से अधिक शिक्षक तदर्थ के रूप में काम करते हैं।



### सैनिकों के साहस गाथा है इंडियाज मोस्ट फियरलेस-3

**नई दिल्ली।** अन्य सभी लोगों से ज्यादा सैनिक ही शांति के लिए प्रार्थना करता है, क्योंकि यह सैनिक ही है, जिसे युद्ध के सबसे गहरे घावों और आघातों से गुजरना और सहन करना होता है। अमेरिकी सैन्य कमांडर डगलस मैकआर्थर की ये पंक्तियां वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में पत्रकार शिव अरूर और राहुल सिंह की पुस्तक इंडियाज मोस्ट फियरलेस 3 के लोकार्पण के अवसर पर कही। इंडियाज मोस्ट फियरलेस सीरीज की तीसरी पुस्तक है जिसे पेंग्विन ने प्रकाशित किया। इस कार्यक्रम में तीनों सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे (थल सेना), एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी (वायु सेना), एडमिरल आर. हरि कुमार (नैसेना) मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर आईजीएनसीए के डीन डॉ. प्रतापानंद झा, लेखक शिव अरूर और राहुल सिंह, संपादक मिलि ऐश्वर्या, नीलिमा डालमिया ने किया।

### झुग्गियां बचाने को सड़कों पर उतरने से नहीं हिचकेंगे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को भाजपा पर एमसीडी चुनाव में हार के बाद शहर की झुग्गियां गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। विकास मंत्री गोपाल राय ने विधानसभा में कहा कि केजरीवाल सरकार झुग्गीवासियों के साथ खड़ी है। राय ने कहा कि आप सरकार का यह स्पष्ट मत है कि जब तक पुनर्वास नहीं किया जाता है, तब तक कोई नई तोड़फोड़ नहीं हो सकती है। विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि आप विधायकों ने मुद्दे की पूरी तस्वीर पेश किए बिना विधानसभा में झूठ बोला।

# लुटियंस दिल्ली में लगा जाम जिधर निकले, उधर ही फंसे



नई दिल्ली में मंगलवार को कर्त्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल में नजर आते टैंक व सेना के जवान।

- गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल को लेकर दिल्ली पुलिस ने नहीं जारी किया था परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड के लिए ड्रेस रिहर्सल और इसकी अन्य तैयारियों के कारण मंगलवार सुबह लुटियंस दिल्ली और उसके आसपास की सड़कों को बंद किए जाने की वजह से दफ्तर जाने वाले तथा अन्य यात्रियों को भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। संसद मार्ग, मंडी हाउस, आईटीओ और कर्तव्य पथ जैसे इलाकों में यातायात जाम देखा गया, जहां गणतंत्र दिवस परेड के लिए ड्रेस रिहर्सल हुई।

मध्य दिल्ली को जोड़ने वाले अकबर रोड, कामराज रोड, राजाजी मार्ग, सफदरजंग रोड पर भी जाम की स्थित रही। मध्य दिल्ली के कई गोल चक्कर और ला मेरिडियन होटल की ओर जाने वाली सड़क पूरी तरह से जाम रही जिसकी वजह से यात्रियों और कार्यालय जाने वाले लोगों के पास 20 मिनट से अधिक समय तक जाम में फंसे रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और वाहन कछुए की चाल चल रहे थे। दिल्ली पुलिस द्वारा कोई परामर्श जारी नहीं किए जाने की वजह से यातायात जाम की स्थिति और गंभीर हो गई।

एक यात्री ने बताया, मुझे मंडी हाउस से संसद मार्ग स्थित कार्यालय तक आने में करीब एक घंटे का समय लगा। इस मार्ग पर यातायात की गति बहुत ही धीमी है। एक अन्य यात्री ने अपनी व्यथा कहने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और बताया कि जाम की वजह से कितना बुरा हाल है।

# कंझावला कांड के छह आरोपियों पर हत्या की धारा जुड़ी

- मामले में हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद दी जा सकती है मृत्युदंड या उम्रकैद और जुर्माने की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कंझावला में युवती की स्कूटी को कार से टक्कर मारने के बाद करीब 12 किलोमीटर तक उसे घसीटने से जुड़े मामले में छह आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा जोड़ दी गई है।

पुलिस के कहा कि मामले के सात में से छह आरोपियों के खिलाफ पहले भारतीय दंड संहिता की धारा-304 (गैर-इरादतन हत्या) के तहत आरोप लगाए गए थे। हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद आरोपियों को मृत्युदंड या उम्रकैद और जुर्माने की सजा दी जा सकती है।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा, सुल्तानपुरी की घटना में भौतिक, मौखिक, फॉरेंसिक और अन्य वैज्ञानिक सबूतों को जुटाने के बाद पुलिस ने आईपीसी की धारा-304 की जगह धारा-302 शामिल कर दी है। यह कदम दिल्ली पुलिस द्वारा एक सत्र अदालत को यह बताए जाने के एक दिन बाद उठाया गया है कि वह मामले में आईपीसी की धारा-302 शामिल करेगी। अंजलि सिंह (20) की स्कूटी को 31 दिसंबर की देर रात एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद वह कार में फंसकर सुल्तानपुरी से कंझावला के बीच 12 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक घसीटती चली गई थी। इस घटना में अंजलि की मौत हो गई थी। इस बीच मंगलवार को बलेनो कार के मालिक आशुतोष भारद्वाज को रोहिणी कोर्ट ने जमानत दे दी है। आशुतोष की बलेनो कार से ही वह हादसा हुआ था, जिसमें अंजलि की जान गई थी।

### अदालत ने दी आशुतोष भारद्वाज को जमानत

कंझावला कांड आरोपी आशुतोष भारद्वाज को मंगलवार को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर ने कहा, आरोपी को 50,000 रुपए की जमानत राशि और इतने के ही मुचलके पर जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि भारद्वाज कार में मौजूद नहीं था और उसकी भूमिका घटना के बाद ही सामने आई। अदालत ने कहा कि अन्य सह-आरोपियों के साथ घटना को अंजाम देने के लिए उनके साथ पूर्व की बैठक को दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं है।

## लीला होटल को 23 लाख का चूना लगा गया ठग

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात सरकार का वरिष्ठ अधिकारी बताकर पांच सितारा होटल लीला को 23.48 लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोपी होटल में करीब चार महीने तक रहा और बिना बिल चुकाए वहां से भाग गया। आरोपी की पहचान महमेद शरीफ के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी महमेद शरीफ पिछले साल एक अगस्त को नई दिल्ली स्थित होटल लीला पैलेस पहुंचा था। वह कमरा नंबर 427 में रह रहा था और 20 नवंबर को होटल से भाग गया। आरोपी बकाया बिल का भुगतान न कर होटल को 23.48 लाख का चूना लगाने के साथ ही कुछ कीमती सामान भी लेकर फरार हो गया।

# रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी रैपो में लेंगे प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मेरठ

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण/लोक व्यवस्था प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो), मेरठ में विशेष प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल के 15 अधिकारियों के लिये द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में 02 सप्ताह का लोक व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिनांक 16 से 30 जनवरी तक संचालित किया जाएगा।

रैपो मेरठ के प्रांगण में सोमवार 16 जनवरी को प्रशिक्षण का शुभारंभ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षणों को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये प्रशिक्षणार्थी अपने विभाग में वापस जाने के उपरांत कानून एवं व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था प्रबंधन ड्यूटियों के दौरान आने वाली चुनौतियों का दक्षतापूर्वक सामना करने में सफल होंगे।



इससे पहले भी वर्ष 2022 के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के कुल 190 कार्मिकों को भीड़ नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। वर्तमान में रेलवे सुरक्षा बल के 41 कार्मिकों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित भारत के एक मात्र दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर श्याम लाल, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, प्रमोद कुमार सिंह, गोविन्द सिंह नेगी, अजीत कुमार व अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## बेवजह जेल में रखने के हक में नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में तीन छात्र कार्यकर्ताओं की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को कहा, हम लोगों को अनावश्यक रूप से जेल में रखे जाने में विश्वास नहीं करते हैं। मामले की सुनवाई 31 जनवरी को होगी।

न्यायमूर्ति एस. के. कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले में जमानत याचिकाओं पर घंटों सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के समय की पूरी तरह बर्बादी थी। पीठ दिल्ली उच्च न्यायालय के 15 जून 2021 के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

# हर मौसम के अनुरूप अणुव्रत, गोयाला दीनपुर मार्ग का होगा कायाकल्प

## उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने 17.79 करोड़ रूपये लागत के 3 परियोजनाओं को दी मंजूरी

- जीटी रोड के साथ मानसरोवर पार्क से केंद्रीय विद्यालय तक नाले का किया जायेगा पुनर्निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। दिल्ली वालों को सुगम आवागमन का अनुभव प्रदान करने, सड़कों को सभी मौसमों के अनुकूल बनाने और सड़कों की क्षमता को मजबूत करने के लिए सरकार विशेषज्ञों द्वारा सड़कों का नियमित आकलन करवा रही है और नियमित रूप से सड़क रखरखाव का काम भी कर रही है।



इस बाबत मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया ने 17.79 करोड़ रुपये की तीन परियोजना को मंजूरी दी। परियोजनाओं में दक्षिणी दिल्ली के अणुव्रत मार्ग व गोयला दीनपुर रोड पर दीनपुर से कच्चा तालाब और ताजपुर मोड़ से पुलिस चेक पोस्ट तक सड़क की मरम्मत और सौन्दर्यकरण के साथ-साथ जीटी रोड के साथ बने नाले का पुनर्निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद गोयला दीनपुर रोड और जीटी रोड पर मानसून के मौसम में जलभराव से छुटकारा मिलेगा।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली की सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व वर्ल्ड-क्लास बनाने के विजन के तहत सरकार बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए विशेषज्ञों से सर्वे करवा रहे है ताकि सड़कों को मजबूत व सुरक्षित बनाने के लिए उनका ब्लू-प्रिंट तैयार किया जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार क्रमबद्ध तरीके से पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को बेहतर बनाने का काम कर रहे है। सड़क के पुराने हो जाने के कारण उसकी उपरी सतह पर दरार आदि देखने को मिली जिससे कई जगहों पर वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। इसे देखते हुए सुदृढ़ीकरण का काम शुरू किया जा रहा है ताकि जनता को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने बताया कि अणुव्रत मार्ग पर 2.50 किलोमीटर के लिए सड़क सुदृढ़ीकरण परियोजना की लागत 7.82 करोड़ रुपये है और गोयला दीनपुर रोड की लागत 4.2 किमी के लिए 8.07 करोड़ रुपये है। गोयला के संबंध में दीनपुर रोड जो निचले इलाके में है, सरकार ने पीडब्ल्यूडी को मानसून में जलभराव की समस्या से निजात के लिए सड़क की ऊंचाई बढ़ाने को कहा है। एक अन्य परियोजना में 1.90 करोड़ से मानसरोवर पार्क के सामने से केंद्रीय विद्यालय तक जीटी रोड के साथ नाले का पुनर्निर्माण शामिल है।

### सड़क की मजबूती के साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा ख्याल

फुटपाथ, व सेंट्रल वर्ज का रखरखाव किया जाएगा। मानकों के अनुसार की जाएगी रोड मार्किंग, पैरापेट की दीवारों, रेलिंग आदि के पेंट वर्क भी किया जाएगा। सेंट्रल वर्ज व रोड के दोनों ओर बढाई जाएगी हरियाली। रोड के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा जाएगा ख्याल, पैदल मार्ग विकसित की जाएगी, एलईडी लाइट्स भी लगाई जायेंगी।

# राजधानी में अगले सप्ताह ओलों के साथ हो सकती है बारिश

- मौसम विभाग के अनुसार 19 को भी छाएंगे बादल, 23 व 24 जनवरी को पड़ेंगी ओलों के साथ बौछारें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्र इस समय शीत लहर की चपेट में हैं। दिल्ली में रात का औसत तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अभी एक दिन और शीतलहर चल सकती हैं। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 21 से 25 तारीख तक मौसम खराब रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं ओलों के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेंगी जो ठंड बढ़ा सकती हैं। विभाग का कहना है कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। इसके प्रभाव से, पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में 21 जनवरी के शुरुआती घंटों में बारिश या हिमपात शुरू होने और 23-24 जनवरी को चरम गतिविधि के साथ 25 जनवरी तक इसके जारी रहने की संभावना है।

# पानीपत में कौशल अभियान शुरू करने को गुरुग्राम में एमओयू साइन

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### श्री विश्वकर्मा कौशल विवि व सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के बीच हुआ करार

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विवि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के साथ मिलकर पानीपत जिले में कौशल अभियान चलाएगा। इसी कड़ी में कुलपति राज नेहरू और सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के अध्यक्ष पवन जिंदल की उपस्थिति में एमओयू साइन हुआ।

कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़ और केंद्र के सचिव राकेश अग्रवाल ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के अंतर्गत समालखा के पट्टी कल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में पांच शॉर्ट टर्म स्किल कोर्स शुरू किए जाएंगे।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि कौशल में कई सामाजिक समस्याओं का समाधान है। बेरोजगारी खत्म करने के लिए कौशल अत्यंत आवश्यक है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर कौशल के अभियान को और व्यापक बनाएगा, ताकि हर युवा को कुशल बनाकर उसे इंडस्ट्री और स्वावलंबन के लिए सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र की अवधारणा अत्यंत व्यापक है। इस संगठन के साथ मिलकर कौशल प्रदान करने के अभियान को बड़ा स्वरूप देने में सफलता मिलेगी। कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत सेवा साधना केंद्र में कंप्यूटर, स्मार्ट प्लंबिंग, स्मार्ट इलेक्ट्रीशियन, ब्यूटी वैलनेस और सिलाई के शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू होंगे। इससे आसपास के देहात के युवकों और युवतियों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर इंडस्ट्री में काम करने और अपना काम शुरू करने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके काफी अच्छे परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेंगे।


श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के बीच कौशल अभियान को लेकर एमओयू साइन के बाद फाइलें दिखाते अधिकारी।

सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के अध्यक्ष पवन जिंदल ने कहा कि हमारे केंद्र और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दोनों का एक ही ध्येय है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और इसी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन तेजी से हो रहा है। किसान अपनी जमीन बेच रहे हैं। बेरोजगारी इसकी बड़ी वजह है। सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र अब श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करेगा, ताकि युवक और युवतियों को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जा सके। इससे वह अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे या स्किल्ड होकर इंडस्ट्री में जगह बनाएंगे, ताकि उनको अच्छा वेतन मिले। पवन जिंदल ने कहा कि इसके लिए रूपरेखा बनकर तैयार हो गई है। अप्रैल से हम सेवा साधना केंद्र में यह कोर्स शुरू करेंगे। सेवा साधना केंद्र एवं ग्राम विकास केंद्र के सचिव राकेश अग्रवाल, डीन एकेडमिक प्रोफेसर ज्योति राणा व विजय गुप्ता भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भोंडसी टोल पर फ्री लगा आंखों का चेकअप कैंप


भोंडसी टोल प्लाजा पर लगे आंखों के फ्री कैंप में मौजूद आयोजक।

**सोहना।** मंगलवार को एलिवेटेड मार्ग के भोंडसी में स्थित टोल प्लाजा पर वाहना चालकों के लिए आंखों की रोशनी जांच के लिए कैंप लगाया। कैंप में 75 वाहन चालकों ने अपनी आंखों की रोशनी की जांच कराई। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बने पाथ इंडिया लिमिटेड टोल प्लाजा पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्वावधान में आंखों की जांच का फ्री कैंप लगाया। कैंप में सामाजिक संस्था आरपी सेंटर एम्स नई दिल्ली से डॉक्टरों की टीम आई। प्रोजैक्ट प्रबंधक विजय तिवारी, प्रबंधक रंगेश मिश्रा व निशांत प्रासर एचजी इंफ्रा, रघुवीर भारत सहित अन्य टोल प्लाजा की पूरी टीम मौजूद थी। कैंप के बाद टोल प्लाजा के प्रबंधक रंगेश मिश्रा ने बताया कि आज कैंप में 75 वाहन चालकों ने जांच कराई। जिसमें 28 नागरिकों को चश्मे दिए गए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर इस प्रकार के कैंपों का आयोजन करती रहेगी। प्रोजैक्ट प्रबंधक विजय तिवारी ने बताया कि वाहन चालकों को विशेष रूप से ध्यान रखना उनका कर्तव्य है। क्योंकि यदि वाहन चालक शारीरिक रूप से स्वस्थ होने पर ही सड़क हादसों में कमी होती है। वाहन चालक अपने वाहन को सजगता से चलाते हुए अपना और अन्य वाहन चालकों के जीवन को सुरक्षित बनाता है।

### घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सोहना।** शहर की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी रात में चोरी हो गई। गाड़ी मालिक की शिकायत पर सोहना शहर थाना पुलिस ने गाड़ी चोरी होने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर के वार्ड-5 की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी विरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसने 12 जनवरी की रात समय करीब 7 बजे सायं अपनी पिकअप गाड़ी को घर के बाहर रास्ते में खड़ा किया था। 13 जनवरी की सुबह उठकर देखा तो गाड़ी मौके से गायब मिली। तीन दिन के बाद उसने स्थानीय पुलिस को गाड़ी चोरी होने की शिकायत दी। पुलिस ने गाड़ी चोरी का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

### घर बैठे ऑनलाइन करें अपनी प्रॉपर्टी के डेटा में सुधार

**गुरुग्राम।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण(एचएसवीपी) द्वारा प्लॉट और संपत्ति प्रबंधन पोर्टल पर डेटा सुधार की प्रक्रिया को सरल और यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। इस सुधार प्रक्रिया के लिए एचएसवीपी द्वारा एक नया डेटा करेक्शन मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसका इस्तेमाल कर सभी आवंटी अब सीधे पोर्टल के माध्यम से अपनी संपत्ति डेटाबेस में सुधार के लिए एचएसवीपी से अनुरोध कर सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने सुधार प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम आवंटी को एचएसवीपी के पोर्टल पर अपने डेटा सुधार का अनुरोध भेजना होगा। पोर्टल पर अनुरोध स्वीकार होते ही एचएसवीपी द्वारा संबंधित अनुरोध पर टिकट जेनरेट की जाएगी। इसके उपरांत आवंटी को रसीद जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन का स्टेटस जानने के लिए रसीद पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। वही प्रक्रिया पूरी होने पर आवंटी को अधिसूचना जारी की जाएगी। उपायुक्त ने पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाओं के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑनलाइन माध्यम से मिलने वाले प्रत्येक अनुरोध का बेहतर प्रबंधन करने के साथ-साथ इसमें पारदर्शिता भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर मिले अनुरोधों का शीघ्र निस्तारण हो सके इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पोर्टल को अनुरोधकर्ता की सुविधा के हिसाब से यूजर फ्रेंडली रखा गया है।

### शीतकालीन अवकाश में निजी स्कूल खोले तो होगी सख्त कार्रवाई

**गुरुग्राम।** हाड़ कंपकंपा देने वाली सर्दी को देखते हुए सरकार ने स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी हैं, लेकिन कई बार निजी स्कूल सरकार के नियमों का उल्लंघन करके स्कूल खोल देते हैं। निजी स्कूलों को चेतावनी देते हुए गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि अगर स्कूल खोले तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश में पड़ रही भीषण सर्दी और शीतलहर के अलर्ट को देखते हुए हरियाणा सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों (सरकारी तथा प्राइवेट) में शीतकालीन अवकाश 21 जनवरी, 2023 तक बढ़ा रखा है। सभी विद्यालय उक्त समय अवधि के दौरान बंद रहेंगे। 23 जनवरी 2023 से विद्यालय खुलेंगे। बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पूर्व की भांति कक्षाएं लग रही हैं। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन को अभिभावकों के माध्यम से ऐसी शिकायतें मिल रही है कि कुछ निजी विद्यालय सरकारी आदेशों की अवेहलना कर ऑफलाइन कक्षाएं लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से मिल रही शिकायतों के आधार पर शिक्षा विभाग को राज्य सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

### सोहना आईटीआई में 600 बच्चों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य व 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत गुरुग्राम में सूर्य नमस्कार के निरन्तर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को सोहना स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 600 बच्चों ने एक साथ 13 बार सूर्य नमस्कार किया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक डॉ. भूदेव ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी डॉ. मन्जु कुमारी के निर्देशन में समस्त गुरुग्राम में सूर्य नमस्कार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

# 21 प्रवासी मजदूर टीबी से ग्रस्त

### रेडक्रॉस ने सेक्टर-74 की झुग्गियों में लगाया शिविर

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम के सेक्टर-74 की झुग्गियों में प्रवासी मजदूरों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच करती टीमें।

**टीबी** को लेकर देश में जांच और जागरुकता की जा रही है। पोलियो की तरह टीबी को भी अब जड़ से खत्म करने के प्रयास जारी हैं। इन्हीं प्रयासों से वे लोग टीबी से ग्रसित पाए जा रहे हैं, जो झुग्गियों में रहकर मजदूरी करते हुए अपने परिवार का पेट पालते हैं।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सेक्टर-74 स्थित झुग्गियों में जाकर लोगों की नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं टीबी प्रोजेक्ट के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 204 प्रवासी मजदूरों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 100 मजदूरों की टीबी की जांच की गई, जिसमें से 21 मजदूर टीबी रोग से ग्रस्त पाए गए। प्रति 100 लोगों में 21 लोगों का टीबी से ग्रसित पाया चिंताजनक है। इन 21 लोगों को तुरंत प्रभाव से वहां मौजूद नागरिक अस्पताल की ओर से डाटा एकत्रित करके अस्पताल में उपचार शुरू कराने के लिए भेजा गया। इस शिविर में नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 गुरुग्राम, ईएसआई मानेसर, आयुष विभाग, रियोन अस्पताल पालम विहार की टीम ने मजदूरों की जांच की।

**मरीजों के सम्पर्क में आने वालों की जांच जरूरी :** टीबी की जांच के लिए नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में विशेष तौर पर लैब भी शुरू की गई है। 12 सितम्बर 2022 को इस आईसीआरए लैब का शुभारंभ किया गया था। यह लैब अस्पताल की एनेस्थीसिया की डा. शिवानी गुप्ता के नाम पर स्थापित की गई है। इसे डॉ. शिवानी गुप्ता मैमोरियल आईजीआर लैब नाम दिया गया। इसमें टीबी के उन लोगों के संक्रमण की जांच होती है, जो किसी न किसी रूप में टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहते हैं। उनमें फेफड़े की टीबी का संक्रमण होने का अंदेशा बना रहता है।

**ब्लड सेंपल से की जाती है टीबी जांच :** नागरिक अस्पताल में उप-सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. केशव का कहना है कि टीबी मरीजों के साथ रहने वाले 80 फीसदी लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। आईजीआरए लैब में ब्लड सेंपल से जांच करके संक्रमण का पता लगाया जाता है। टीबी मरीजों के साथ घरों में रहने वाले पांच साल से ऊपर के लोगों की यहां जांच की जाती है। इस जांच से यह पता लगाया जाता है कि व्यक्ति में टीबी पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है, लेकिन संक्रमण है। संक्रमण का पता चलते ही उन लोगों की भी टीबी की दवा शुरू कर दी जाती है।

**गरीब, निम्न तबके के लोगों की स्वास्थ्य की जांच जरूरी :** सचिव विकास कुमार ने कहा कि सोसायटी द्वारा गरीब, निम्न तबके के लोगों की स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें बीमारियों से बचाने का ऐसे शिविर एक प्रयास है।

व्यक्ति चाहे किसी भी तबके का हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलना जरूरी है। सामान्य तौर पर प्रवासी मजदूर अपने काम में इतने व्यस्त रहते हैं कि वे अपने शरीर की देखभाल नहीं कर पाते। इसलिए रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ऐसे तबके की सेहत को लेकर समय-समय पर शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया का ध्येय लेकर रेडक्रॉस सोसायटी काम कर रहा है। आमजन से भी उन्होंने अनुरोध किया कि अपनी सेहत को लेकर सजग रहें, ताकि हमारा जीवन बेहतर हो सके।

# मशरूम कंपोस्ट व प्रोडक्शन यूनिट लगाने पर लें 40 प्रतिशत का अनुदान

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**


किसानों के लिए फायदेमंद है मशरूम कंपोस्ट व प्रोडक्शन यूनिट।

**प्रदेश** में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। किसानों को जिलावार मशरूम कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है।

मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता, जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने बताया कि जिला में उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा वित्तिय वर्ष 2022-23 में विभागीय स्कीम के तहत गुरुग्राम जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दोनों यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें 40 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी। इसके साथ ही जिला में हाइड्रोपोनिक के लिए 4000 स्क्वायर मीटर का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 3450 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर यूनिट कोस्ट रखी गयी है व इसके लिए 35 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी। डॉ. नेहा ने बताया कि इसके साथ साथ जिला में राइपिंग चाम्बर के लिए 300 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें 35 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा। अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि विभागीय गाइडलाइंस अनुसार ही दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस पर जिला उद्यान अधिकारी एवं उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मार्सेलस इंवेस्टमेंट मैनेजर्स ने निवेश के मौके प्रदान करने के लिए क्वांट फंड मेरिटोरक्यू फंड लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**मार्सेलस** इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत की अग्रणी पोर्टफोलियो प्रबंधन कंपनी, ने खुदरा निवेशकों (रिटेल इनवेस्टर्स) को बेहतर रिस्ट-एडजेस्टेड रिटर्न देने के लिए डिजाइन किया गया एक खास क्वांट-आधारित फंड मार्सेलस मेरिटोरक्यू लॉन्च किया है। मेरिटोरक्यू को न्यूनतम 10 लाख रुपये के निवेश की आवश्यकता है।

इस उत्पाद का उद्देश्य लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में 35-45 स्टॉक वाला एक डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो तैयार करना है। फंड को निफ्टी 500टीआरआई के समक्ष बेंचमार्क किया जाएगा। यह पोर्टफोलियो आंतरिक रूप से विकसित नियम-आधारित प्रणाली पर बनाया गया है ताकि सूचीबद्ध शेयरों के एक बड़े यूनिवर्स से अच्छी गुणवत्ता वाली, कम मूल्य वाली कंपनियों की पहचान की जा सके। व्यवहार संबंधी पूर्वाग्रहों से बचने के लिए एक मात्रात्मक दृष्टिकोण सबसे उपयुक्त है और पूंजी पर उच्च रिटर्न, ठोस वित्तीय स्थिति और स्वच्छ खातों के साथ शेयरों के दीर्घकालिक जीतने वाले पोर्टफोलियो के निर्माण में विवेक पर प्रक्रिया को प्राथमिकता देता है। जुलाई 2006 से अगस्त 2022 तक 16 साल की अवधि में मेरिटोरक्यू की बैक टेस्टिंग के साथ, फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई के लगभग 7.3 गुना की तुलना में 20 गुना अधिक रिटर्न दिया है। मेरिटोरक्यू ने बेहद अस्थिर बाजार स्थितियों के दौरान बेहद कम ड्रॉडाउन के साथ काफी तेजी से रिकवरी देखी है। सौरभ मुखर्जी, चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर, मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने इस नए फंड के बारे में बात करते हुए कहा कि कई छोटे खुदरा निवेशक लंबे समय से इच्छा रखते हैं कि मार्सेलस बाजार में एक उत्पाद लाए जिसके लिए छोटे आकार के निवेश की आवश्यकता होती है। इस नए फंड के साथ निवेश निर्णयों के लिए एक मात्रात्मक और नियम-आधारित दृष्टिकोण लेकर मेरिटोरक्यू निवेशकों को उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों को समझने में मदद करने के लिए एक उपयोगी विकल्प पेश कर रहा है कृष्णन वीआर, इंवेस्टमेंट एडवाइजर, मेरिटोरक्यू ने कहा कि मेरिटरक्यू एक नियम-आधारित रणनीति है, जो मूल सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करती है। मेरिटोरक्यू स्वच्छ खातों वाली उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों और अपेक्षाकृत कम मूल्य वाली कंपनियों को खरीदने में मार्सेलस के समझौतावादी दृष्टिकोण का अनुसरण करता है।

# वेल्थडेस्क ने 2023 के निवेश ट्रेंड पर साल के अंत का बुलेटिन लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**वेल्थडेस्क** जो एक निवेश प्रौद्योगिकी मंच है, ने आज वेल्थडेस्क साल के अंत का बुलेटिन जारी किया जो इस बात का स्नैपशॉट प्रदान करता है कि भारत ने 2022 में कैसे निवेश किया और 2023 में लोकप्रिय होने वाले निवेश ट्रेंड पर भी चर्चा की। बुलेटिन 2022 में वैश्विक इंडेक्स, प्रमुख क्षेत्र के प्रदर्शन और 2022 में खुदरा निवेशकों द्वारा पसंद किए जाने वाले टॉप-परफॉर्मिंग वेल्थबास्केट के बारे में जानकारी प्रदान करता है। बुलेटिन उन निवेश विचारों की झलक भी देता है, जिन पर वेल्थबास्केट क्यूरेटर 2023 में दांव लगा रहे हैं।

डिजिटल इंडिया विषय के बारे ने जानकारी देते हुए, बुलेटिन इस बात को दर्शाता है कि देश ने 2017 से डिजिटल रूप से जागरूक होने के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 25 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के योगदान को जीडीपी के 20 प्रतिशत तक बढ़ाना है। देश 2025-26 तक जीडीपी की 5 ट्रिलियन रेखा के करीब होगी, डिजिटल अर्थव्यवस्था से सकल घरेलू उत्पाद में .1 ट्रिलियन, सरकार और व्यवसायों के लक्ष्य के लिए एक अत्यधिक आशाजनक प्रक्षेपण है। यदि इसे हासिल कर लिया जाता है, तो देश में कई धन-सृजन की संभावनाओं के विकल्प की वृद्धि देखी जा सकेगी, जिसे एक निवेशक को आगे बढ़ाना चाहिए। साल के अंत के बुलेटिन के अनुसार, आईटीसी लिमिटेड, आईसीआईसीआईआई बैंक, कोल इंडिया, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वेल्थबास्केट क्यूरेटर के बीच सबसे लोकप्रिय स्टॉक थे।

आईटीसी लिमिटेड के पास 19 वेल्थबास्केट में शामिल स्टॉक के साथ सबसे अधिक वेल्थ बास्केट था। आईसीआईसीआईआई बैंक 12 वेल्थ बास्केट संख्या के साथ इसके बाद रहा। कोल इंडिया की वेल्थबास्केट संख्या 11 थी, जबकि सन फार्मा और एसबीआई क्रमश: 10 वेल्थबास्केट में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, अल्फा ब्लूचिप 13.21 प्रतिशत के पूर्ण रिटर्न के साथ 2022 के सबसे ट्रेंडिंग वेल्थबास्केट के रूप में उभरा और गुलाक गियर 6 16.4 प्रतिशत पूर्ण रिटर्न के साथ सूचकांक को बेहतर बनाने के मामले में सबसे अच्छा वेल्थबास्केट था।

2023 के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए, वेल्थडेस्क के संस्थापक और सीईओ, उज्जवल जैन ने कहा, प्रतिभूति बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों की रुचि को केंद्र में रखते हुए पूंजी बाजार में नवाचार को सक्षम करने के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार की है। इक्विटी में पहली बार निवेश करने वाले कई निवेशकों में आत्मविश्वास पैदा करता है और अपनी निवेश यात्रा शुरू करने के लिए सशक्त बनाता है। मुझे विश्वास है कि अगले कुछ वर्षों में हम अधिक खुदरा निवेशकों की भागीदारी देखेंगे। उन्होंने कहा, मजबूत व्यापक आर्थिक माहौल के कारण भारत कई उभरते बाजारों की तुलना में बेहतर गति से विकास करना जारी रखेगा।

# इन फाइनेंनशियल प्रोडक्ट्स में निवेश से टैक्स में मिलेगी बड़ी बचत

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**जैसे-जैसे** व्यक्ति की जीवनशैली में बदलाव आता है, उसी तरह उनकी वित्तीय जरूरतें भी बढ़ती जाती हैं। इसलिए अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। इसका मतलब न केवल बचत करना है बल्कि संचित धन से लाभ भी प्राप्त करना है।

विवेक जैन, हेड-इन्वेस्टमेंट्स, पॉलिसीबाज़ार डॉट कॉम आज के समय में फोकस इंश्योरेंस कम इंवेस्टमेंट प्रोडक्ट्स की तरफ शिफ्ट हो गया है, जो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूंजी निर्माण उपकरण के रूप में काम करेगा, अचानक आने वाली परेशानी के समय में सुरक्षा प्रदान करेगा, और टैक्स बेनिफिट भी प्रदान करेगा। इसलिए हाई रिटर्न पाने के लिए इंश्योरेंस कम इंवेस्टमेंट प्रोडक्ट्स जैसे यूलिप, गारंटीड रिटर्न प्लान, कैपिटल गारंटी प्लान, चाइल्ड प्लान आदि में निवेश कर अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग को मजबूत बनाना चाहिए। इन इंश्योरेंस कम इंवेस्टमेंट प्रोडक्ट्स में जल्दी निवेश करने की सलाह दी जाती है ताकि आप ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकें और साथ ही टैक्स बचाकर अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त कर सकें। हालांकि अंतिम निर्णय लेने से पहले ऑनलाइन सभी विकल्पों की जांच करनी चाहिए। यूनिट लिंक्ड इंवेस्टमेंट प्लान को यूलिप के रूप में भी जाना जाता है, इसमें प्रीमियम का निवेश इक्विटी और डेट इंस्ट्रूमेंट्स में उपलब्ध विभिन्न फंडों में किया जाता है। यूलिप प्लान में प्रीमियम का एक हिस्सा अतिरिक्त रूप से पॉलिसीधारक को लाइफ कवर प्रदान करने में चला जाता है। निवेशक यहां फंडों के बीच स्विच करने और अपनी जोखिम लेने की क्षमता के अनुसार इन्वेस्ट करने की फ्लेक्सबिलिटी का आनंद लेता है।

हालांकि यूलिप में एक जोखिम तत्व होता है, अगर बाजार की स्थिति को समझते हुए इंवेस्ट किया जाता है, तो व्यक्ति अपने इन्वेस्टमेंट पर 12-15 प्रतिशत तक रिटर्न कमा सकता है। यूलिप को एक आकर्षक निवेश विकल्प बनाने का एक अन्य लाभ यह हैं कि वे इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80सी और 10 (10डी) के तहत टैक्स सैविंग प्रदान करता हैं। इसके अलावा यूलिप पॉलिसीधारक को 2.5 लाख रुपये वार्षिक प्रीमियम तक टैक्स फ्री इंवेस्टमेंट प्रदान करता है।

गारंटीड रिटर्न प्लान इंवेस्टमेंट कम सेविंग के लाभ के साथ आते हैं जो एक निश्चित अवधि के बाद सुनिश्चित रिटर्न का वादा करते हैं। एफडी, एनएससी और पीपीएफ जैसी पारंपरिक योजनाओं की तुलना में नए युग की गारंटीड रिटर्न योजनाएं एक अच्छे विकल्प के रूप में देखी जाती है और 7.2 प्रतिशत के हाई रिटर्न की पेशकश करती हैं। यह कम जोखिम वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो अपने पैसे को बाजार के उतार-चढ़ाव और आर्थिक मंदी जैसी स्थितियों से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहते है। इस तरह की योजनाएं मैच्योरिटी पर एकमुश्त राशि या आय के नियमित प्रवाह को चुनने की सुविधा भी प्रदान करती हैं, जिसे पॉलिसी खरीदते समय तय किए गए मासिक और वार्षिक आधार पर लिया जा सकता है। गारंटीड रिटर्न प्लान भुगतान किए गए वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के बराबर लाइफ कवर बेनिफिट प्रदान करते हैं।

# पद्मश्री सोनू निगम का आई बिलीव म्यूजिक और जेटसिंथेसिस का ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन दर्शकों के लिए

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**गोरखपुर** में 'मकर संक्रांति' के पावन अवसर पर पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक ने जेटसिंथेसिस के डिजिटल मनोरंजन अंग, ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के साथ श्री हनुमान चालीसा का म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया। यह लॉन्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 'गोरखपुर महोत्सव 2023' में किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से 50,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। गायक सोनू निगम ने कहा, बचपन में मेरी मां मुझे हर मंगलवार मंदिर ले जाकर हनुमान चालीसा पढ़ने को कहा करती थी। उसी ने मेरे अंदर विभिन्न आस्थाओं द्वारा प्रतिपादित एक ही परम चेतना के प्रति आदर का भाव विकसित किया। अपनी मां का आज्ञाकारी रहते हुए मैंने हमेशा उसका कहा माना और इसलिए हनुमान चालीसा मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई। जब मैं यह कंपोज करने बैठा तो मुझे लगा कि मेरी माँ आध्यात्मिक रूप से इसकी कंपोजशिंस और अरेंजमैंट्स को स्ट्रीम करती जा रही हैं। यह बिल्कुल जादुई था। यह मेरी मां, जिस हिंदू धर्म में मैंने जन्म लिया, उसके श्रेष्ठ 'संस्कारों', महान संत तुलसीदास और हमारी खूबसूरत मातृभूमि एवं भारत माता को मेरी ओर से श्रृद्धांजलि है।'' म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के बारे में राजन नवानी, चेयरमैन एवं एमडी, जेटसिंथेसिस ने कहा, हनुमान चालीसा हनुमान जी की स्तुति में सबसे लोकप्रिय स्तोत्र है और लाखों लोग प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ते हैं। हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ गठबंधन में हनुमान चालीसा का एक नया रूपांतर लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जिसके साथ हम भारत में जेटसिंथेसिस डिजिटल एंटरटेनमेंट का और ज्यादा विस्तार कर रहे हैं। अपने सभी वर्टिकल्स में सोनू जी के साथ काम करने में बहुत मजा आता है, और हम इस लंबी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। म्यूजिक वीडियो का लिंक - https://www.youtube.com/watch?v=VWrC&BR hTy®

# 'नाट्य वृक्ष ने गीता चंद्रन के सफर पर प्रकाशित की नई पुस्तक'

**पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम**

**प्रसिद्ध** नृत्यांगना (पद्मश्री) गीता चंद्रन के शिष्यों ने उन्हें एक अनूठा उपहार भेंट किया है। पिछले 18 महीने से अधिक समय में उन्होंने सामूहिक रूप से अपने गुरु को समृद्ध श्रद्धांजलि देने के लिए मिलकर काम किया और उनके सफर पर पुस्तक तैयार की। इसमें भरतनाट्यम को समृद्ध बनाने के लिए गुरु गीता चंद्रन के जुनून और उनके मिशन की झलक दिखती है। 'द ए टु जेड प्लस ऑफ गीता चंद्रन एट नाट्य वृक्ष' पुस्तक के लेख गीता चंद्रन द्वारा नाट्यवृक्ष में अपनाई गई अनूठी शैक्षणिक प्रक्रियाओं तथा नाट्यवृक्ष के छात्रों (पूर्व और वर्तमान), माता-पिता और अन्य पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करते हैं।

परिचय लेख में उनके रचनात्मक साथी और पति राजीव चंद्रन लिखते हैं, 'कोई भी जो कभी भी गीता से मिला है वह मेरी इस बात को समझ सकता है, जब मैं गीता को 'नाट्य रूपेण संस्थिता' कहता हूं, क्योंकि शास्त्रीय नृत्य उनमें घुला हुआ है, जिसे उन्होंने अपने जीवन के पचपन वर्ष समर्पित किए हैं। वह नृत्य हैं, और नृत्य उनका है। इसमें कोई विभाजन नहीं! भरतनाट्यम के बाहर उनके लिए बहुत कम ही कुछ है। यह नृत्य उनकी शारीरिक शक्ति, भावनात्मक मजबूती, उनकी कल्पना और उनके प्रभाव को दर्शाता है।'



गीता की वरिष्ठ छात्रा डॉ. स्नेहा चक्रधर लिखती हैं, 'हाल के वर्षों में उनका ध्यान नृत्य के लिए एक शिक्षाशास्त्र विकसित करने पर रहा है ताकि शिक्षकों को अपने छात्रों से अधिक सार्थक तरीके से जुड़ने में मदद मिल सके। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनसे कला शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखा है। विरले ही हम ऐसे कलाकारों के संपर्क में आते हैं, जिनमें इतनी विविधता भी है और जो इतने केंद्रित भी हैं। एक ओर वह सुधारों को अपनाती हैं और धारा के साथ चलती हैं, तो दूसरी ओर वह उतनी ही सतर्क और विद्वान भी हैं। वह छवि में नहीं बंधी हैं। उनका काम ही उनके बारे में बोलता है और वह किसी खेमे में नहीं हैं। कुछ नया गढ़ने की उनकी प्यास ने नृत्य को नई दिशा दी है। गीता चंद्रन का भरतनाट्यम वास्तव में सीमाहीन और सबसे परे है!' शिष्य मधुरा भ्रूशुण्डि कहती हैं, 'नृत्य उस शिक्षा का एक अंश मात्र है, जो गीता के मार्गदर्शन में मिलती है। मुझे लगता है कि आस-पास की सुंदरता को देखने और उसकी सराहना करने की संवेदनशीलता एक ऐसा गुण है, जिसे नाट्य वृक्ष का प्रत्येक छात्र आत्मसात करता है। मैं गीता अक्का का धन्यवाद करती हूं, क्योंकि उनकी शिक्षा से ही आज फूल चमकीले लगते हैं, महकते हैं, पेड़ हरे लगते हैं और वे थोड़ा ज्यादा झूमते और नाचते हुए से लगते हैं! सौंदर्यशास्त्र को लेकर एक पैनी नजर को विकसित करना नाट्य वृक्ष के शिक्षाशास्त्र में अंतर्निहित है।' पुस्तक में लेखों को अद्भुत तस्वीरों से समृद्ध किया गया है, जो दुनियाभर में फैले गुरु गीता चंद्रन और उनके शिष्यों के बीच की निकटता को दर्शाती हैं। चित्रों, रेखाचित्रों और कविताओं के रूप में भी छात्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस पुस्तक को नियोगी बुक्स ने खूबसूरती से डिजाइन और मुद्रित किया है। नियोगी बुक्स को उच्च गुणवत्ता वाली कला पुस्तकों के प्रकाशन के लिए जाना जाता है।

# इलाज न मिलने पर दिव्यांगजन ने किया हंगामा

कविता। फरीदाबाद

बादशाह खान सिविल अस्पताल में मरीज आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं। इन मामलों को लेकर अस्पताल आए दिन सुर्खियों में छाया रहता है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को सामने आया। जब विशेष योग्यता वाले मरीज ने इलाज न मिलने की बात पर हंगामा कर दिया। उन्होंने गुस्से में अपातकालीन कक्ष में कार्ड तक फाड़कर फेंक दिया।

**यह है पूरा मामला :** जवाहर कॉलोनी निवासी विशेष योग्यता वाले व्यक्ति धर्मपाल सिंह अपनी मां की दवा लेने के लिए बीके

### इलाज न देने का लगाया आरोप फाड़कर फेंका कार्ड

अस्पताल पहुंचे थे। उसकी मां ने बताया कि दवा लेकर वह बाहर जा रहे थे। धर्मपाल नेत्रहीन है, जब वह बाहर निकले तो उसका पैर मुड़ गया। जिससे पैर में दर्द शुरू हो गया।

दोनों मां-बेटे वापस बीके पहुंचे। विशेष योग्यता रखने वाले धर्मपाल सिंह ने बताया कि ड्यूटी डॉक्टर के रूम में उन्होंने अपनी परेशानी बताई तो डॉक्टर ने


विशेष योग्यता रखने वाला मरीज धर्मपाल अपनी मां के संग हंगामा करते हुए।


अपातकालीन कक्ष के फर्श पर फटा पड़ा कार्ड।

इंजेक्शन लिख दिए। ऐसे में वह इंजेक्शन लगवाने पहुंचे, तो वहां उन्हें कार्ड पर पर्ची लगवाने के लिए कहा गया, लेकिन रूम नम्बर 40 पर कम्प्यूटर में दिक्कत थी। जिस पर वह स्टाफ से बोले कि इंजेक्शन पहले लगा दें, बोलचाल में दोनों के बीच बहस हो गई। जिस पर गुस्से में आकर धर्मपाल ने कार्ड फाड़ दिया और पीएमओ कार्यालय में जाकर शिकायत करने की बात कही।

**स्टाफ का कथन :** इस विषय में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से बात की तो उन्होंने बताया कि कार्ड पर पर्ची लगवाने को मरीज की मां को कहा गया था, लेकिन गुस्से में धर्मपाल ने अपना कार्ड फाड़ दिया और उन्हें भला बुरा कहने लगा। वहीं ड्यूटी डॉक्टर को बुलाया गया तो मरीज ने उससे भी गुस्से में बात की। मरीज की वह हेल्प के लिए तैयार थी। उसे कार्ड फाड़ने के बाद भी बिना कार्ड के ही इंजेक्शन लगाने के लिए चिकित्सक ने निर्देश जारी कर दिए थे, लेकिन वह उठने को तैयार ही नहीं थे।

**पीएमओ से शिकायत :** धर्मपाल अपनी मां के संग पीएमओ दफ्तर के लिए अपातकालीन कक्ष में हंगामा करने के बाद निकल गया। उसने स्टाफ व डॉक्टरों को धमकी देते हुए कहा कि वह पीएमओ को नीचे लाने के बाद ही अब यहां इलाज करवाएंगे। दिव्यांगजनों के साथ यहां दुर्व्यवहार होता है। वह इसकी शिकायत पीएमओ से करेंगे।

# मरीज के परिजनों ने किया ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


शहर में मजूदरों के अंशदान से चल रहा ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में एक मरीज के परिजनों ने बिना चिकित्सकों से बातचीत के मरीज के ऑपरेशन के दौरान मशीन खराब होने के बाद चीरा लगा कर ऑपरेशन बीच में ही छोड़ने के कारण हंगामा शुरू कर दिया। मरीज के परिजनों ने मौके पर मीडिया और पुलिस तक को बुला लिया। वहीं परिजनों का हंगामा देखकर सुरक्षाकर्मियों ने सभी को बाहर जाने को कहा तो हंगामा और बढ़ गया। ईएसआई के डीन डॉ. असीम दास ने बताया कि मरीज फिलहाल अस्पताल में ही भर्ती है। ऑपरेशन करके ही उसे अवकाश दिया जाएगा।

**लगाया यह आरोप :** राजीव कॉलोनी निवासी बजरंग ने बताया कि उसका 42 वर्षीय भाई भंवर सिंह हिन्दुस्तान सीरिंज कम्पनी में काम



करता है। पिछले दिनों उन्हें दर्द होने पर इलाज करवाया तो पता चला कि उसके गुर्दे के ऊपर पत्थरी है। ईएसआई के चिकित्सकों ने शुक्रवार को अस्पताल में दाखिल कर लिया। जहां सोमवार को उसका ऑपरेशन किया जा रहा था। लेकिन बीच में ही ऑपरेशन मशीन खराब होने के कारण रोक दिया और आज उसके पैट पर बड़ा कट लगा है। ऑपरेशन न होने के बाद भी एक बड़ा कट लगा हुआ है। ऐसे में मरीज का ऑपरेशन बीच में ही रोकना कहां तक ठीक है। मरीज को रेफर नहीं किया जा रहा है। उसे यहां से डिस्चार्ज तक कर दिया गया। मरीज के भाई की सूचना पर मीडिया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिससे वहां हंगामा बढ़ गया। लेडिज गार्ड और सुरक्षाकर्मियों ने सभी को बाहर जाने का कहा। जिस पर मरीज के भाई ने पुलिस को लिखित में शिकायत दी है।

**मशीन ठीक होते ही ऑपरेशन:** ईएसआईसी अस्पताल के डीन डॉ.


डॉ. असीम दास।

असीम दास ने बताया कि हमें भी खेद है कि मरीज का ऑपरेशन हमें मशीन खराब होने के कारण बीच में ही रोकना पड़ा।

उन्होंने कहा कि मरीज का चीरा कोई बड़ा नहीं है, केवल चीरा लगाकर मशीन को अंदर डालने के लिए एक ही कट है, जोकि एक या दो टांके का है। ऐसे में मशीन से जब पत्थरी की जांच की गई, तो पता चला कि मशीन ठीक से काम नहीं कर रही है। जिसे देखते हुए तुरंत ऑपरेशन को रोक दिया गया। जब मशीन ठीक हो जाएगी, तब मरीज का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल मरीज अस्पताल में ही भर्ती है।

# फर्जी कागजों से बैंक को चूना लगाने वाला गिरोह काबू

फरीदाबाद। साइबर अपराध डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत व उनकी टीम ने फर्जी आधार व पैन कार्ड तैयार करके साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विनीत, साहिल, टीकम, दीपक, आबिद, मुकेश तथा हरमेल का नाम शामिल है। आरोपी विनीत, मुकेश, आबिद, टीकम तथा हरमेल गाजियाबाद तथा आरोपी दीपक और साहिल दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपी फर्जी कागजात तैयार करके उसपर मोबाइल फोन फाइनेंस करवाकर बैंक व फाइनेंस कंपनियों को चपत लगाते हैं और ग्राहकों के सिबिल स्कोर को भी नुकसान पहुंचाते हैं। अक्टूबर 2022 में साइबर थाने में धोखाधड़ी तथा षड्यंत्र की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया



था जिसमें आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पीड़ित का पैन नंबर और आधार कार्ड उपयोग करके उसपर फाइनेंस कंपनी से एक आईफोन फाइनेंस कराया था जिसके बारे में पीड़ित को कोई जानकारी नहीं थी। शिकायतकर्ता जब बैंक में लोन लेने के लिए पहुंचा तब उसे पता चला कि उसके नाम पर तो पहले ही एक मोबाइल का करीब 49 हजार रुपये का लोन चल रहा है। बैंक से पता चला कि किस्त न भरने की वजह से उसका लोन डिफॉल्ट हो चुका है और जिसकी वजह से उसका सिबिल स्कोर खराब है इसलिए उसे और लोन नहीं मिल सकता। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में दी और उसके आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

# ऋषिपाल चौहान सुपर इंडियन्स कार्यक्रम में सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 21बी स्थित जीवा शिक्षण संस्थान के लिए यह एक अत्यंत गर्व का विषय है किए संस्थान के डायरेक्टर ऋषिपाल चौहान को हिंदी समाचार चैनल भारत 24 की ओर से आयोजित सुपर इंडियन्स कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आंमत्रित कर समाज के लिए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्टार पैनल में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपति शामिल रहे और कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री और उच्च सरकारी अधिकारी भी शामिल रहे।

सुपर इंडियन्स कार्यक्रम का लक्ष्य असाधारण व्यक्तियों को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना है, जो वर्तमान समय में अपने सराहनीय एवं समाज कल्याणकारी कार्यों से देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। ये सभी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक आदर्श के रूप में कार्य कर रहे हैं और न्यू इंडिया के विजन में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं, इनके इन्हीं विशिष्ट योगदान के लिए इन नायकों के प्रति इस आयोजन में सामूहिक कृतज्ञता की अभिव्यक्ति प्रकट की है। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के ताज होटल में


जीवा के डायरेक्टर ऋषिपाल चौहान सुपर इंडियन्स कार्यक्रम में सम्मानित होते हुए।

आयोजित किया गया। सुपर इंडियन्स कार्यक्रम में अतिथि होना एक सम्मान की बात हैए जिसे हिंदी समाचार चैनल भारत24 और बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा द्वारा होस्ट किया गया।

ऋषिपाल चौहान ने अपने कुछ विचार भी व्यक्त किए उनके अनुसार सुखी और समृद्ध जीवन जीने के लिए हम सभी को पारंपरिक भारतीय ज्ञान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यावरण के साथ सद्भाव से रहने के लिए हमें अपने पारंपरिक तरीकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर उपस्थित थे। उनके साथ जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर, संसद सदस्य, अर्जुन राम मेघवाल, राज्य मंत्री, केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी शामिल थे।

# एचएलवी फिल्म सिटी में क्रिएटिव माइंड्स रच रहे हैं सिनेमैटिक मैजिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हाल ही में एचएलवी फिल्म सिटी का लोकार्पण किया गया। एचएलवी फिल्म सिटी की स्थापना के पीछे लक्ष्य युवा फिल्म निर्देशकों, निर्माताओं और अभिनेताओं के इनोवेटिव विचारों को प्रोत्साहित करना है। एचएलवी फिल्म सिटी को फिल्म उद्योग से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। यहां फिल्म निर्माण के आधुनिकतम उपकरण और संसाधन जुटाए गए हैं, जो इसे फिल्म निर्माण के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय विकल्पों में शुमार करते हैं।

यह फिल्म सिटी खरार के भुखरी गांव में कई एकड़ क्षेत्र में बनी है और शहरी सुविधाओं एवं ग्रामीण आकर्षण का अनूठा मेल है, जहां हर थीम को नई ऊंचाई दी गई है। बेहतरीन खूबसूरती के साथ तैयार एचएलवी फिल्म सिटी की हर थीम अपने आप को खास तरीके से पेश करती है। एचएलवी फिल्म सिटी सपनों को सच में बदलने का माध्यम बनकर सामने आई है, जहां निर्माता बड़े एवं छोटे पर्दे के लिए निर्माण करते हुए अपनी कहानियां दुनिया के सामने रख सकते हैं।

युवा आइकॉन हितेश लकी वर्मा ने एचएलवी फिल्म सिटी की अवधारणा तैयार की थी। यह फिल्म सिटी सभी को अपने सिनेमैटिक मैजिक से रोमांचित करने का वादा करती है। अमेरिका से वापस आने के बाद उन्होंने पंजाब के युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में सहयोग की जरूरत को महसूस किया। इस प्रोजेक्ट को कुलविंदर सिंह बैंस ने डिजाइन किया है और आर्किटेक्चरल सर्विस एटेलियर एज (तेजप्रीत कौर, कमलदीप सिंह एवं टीम) ने दी है। एचएलवी फिल्म सिटी में प्री-प्रोडक्शन से लेकर पोस्ट प्रोडक्टशन तक की सभी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे किसी प्रोजेक्ट से जुड़े सभी पहलुओं का ध्यान रखा जा सके। यहां कई तरह की थीम और सेट हैं, जो निर्माताओं को किसी भी जेनर की फिल्म बनाने में सहयोग



करते हैं। यहां मैक्सिकन, वाइल्ड वेस्ट, यूरोपियन, दुबई, चाइना टाउन, रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, एयरोप्लेन हैंगर, डिस्ट्रिक्ट सेशन कोर्ट, गैराज समेत कई थीम हैं। इतना ही नहीं, यहां खूबसूरती से तैयार सेट और थीम हैं, जहां ऐतिहासिक, हॉरर, फैंटेसी व अन्य जेनर की फिल्में बनाई जा सकती हैं। लोगों को सहज और परेशानी से मुक्त अनुभव देने के लिए प्रोडक्शन हाउस फूड कोर्ट, प्राइवेट वैनिटी रूम, कैमरामैन लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम जैसी तमाम सुविधाएं भी देता है।

एचएलवी फिल्म सिटी की एक बड़ी खूबी चंडीगढ़ और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से इसकी नजदीकी भी है, जिससे लोग यहां आसानी से पहुंच पाते हैं। फिल्म निर्माण के लिए एक लोकेशन के तौर पर शहर की खूबी इसलिए भी बढ़ जाती है, क्योंकि यहां कई ग्लोबल रेस्टोरेंट, सेवन स्टार होटल और हॉस्पिटल हैं। एचएलवी फिल्म सिटी एक प्रेरक और इनोवेटिक फिल्म प्रोडक्शन हब बनने को तैयार है, जहां सिनेमैटिक मास्टरपीस तैयार हों। हमारा लक्ष्य लोगों को अपनी कहानियां दुनिया के समक्ष लाने में सक्षम बनाना और मनोरंजन की दुनिया में नई विरासत बनाने का मौका देना है। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी नवीनतम टेक्नोलॉजी, अद्वितीय प्रोडक्शन मानकों और श्रेष्ठता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ कहानियां दुनिया के सामने आएं। हम विश्वस्तरीय सुविधा, संसाधन और समर्थन देते हुए फिल्म निर्माताओं के लिए क्रिएटिव की प्रक्रिया को आसान बनाना चाहते हैं।

# एक्सिस एकेडमी ने 106 रन से जीता मैच

फरीदाबाद। सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 के खेले गए मैच में एक्सिस क्रिकेट अकैडमी ने रविन्द्र फागना क्रिकेट एकेडमी मिर्जापुर को 106 रन से शिकस्त दी। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि एक्सिस क्रिकेट अकैडमी ने पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 254 रन का लक्ष्य दिया। आशीष सिंह ने 99 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 134 रन, जेडी ने 44 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 34 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी के अयान अख्तर ने 2 विकेट, सक्षम चौधरी ने 2 विकेट, भव्य और रुद्र भाटिया ने 1/1 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर38.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 148 रन सकी। शिवांश भार्गव ने 58 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से सार्वाधिक 39 रन और रोशन ने 20 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 20 रन बनाए। एक्सिस क्रिकेट एकेडमी के साहिल पुनिया ने 7 विकेट, कुशल, अबीर और सक्षम ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच आशीष सिंह को घोषित किया गया।

# आधार रि-वैलिडेशन प्रक्रिया में लाएं तेजी

### नागरिकों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पीपीपी कैंपों में विशेष आधार अपडेटिंग काउंटर भी लगाए जाएंगे

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

जिन नागरिकों के आधार कार्ड बने हुए 10 साल से अधिक समय हो गया है और उन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है, उन्हें सरकारी सेवाओं का लगातार लाभ उठाने के लिए पहचान के प्रमाण तथा पते के प्रमाण के वैध दस्तावेजों के साथ आधार अपडेट करके अपने आधार विवरण को फिर से सत्यापित करने की आवश्यकता है।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और जिला मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आधार


सेक्टर 12 लघु सविालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

अपडेशन को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने जिला मुख्यालय के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को आधार सत्यापन क्यूआर कोड स्कैनर एप्लिकेशन एमआधार के उपयोग के बारे में अन्य अधिकारियों को भी अवगत कराने के निर्देश दिए, ताकि डुप्लिकेसी की जांच की जा सके और जनता को दी जाने वाली सेवाओं का गलत तरीके से लाभ लेने वालों पर नियंत्रण किया जा सके। नई विकसित एमआधार, आधार क्यूआर स्कैनर एप्लिकेशन अधिकारियों को संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान को प्रमाणित करने की सुविधा भी प्रदान करती है, यह व्यक्ति के नाम के कुछ अक्षर या अंक, जन्म तिथि, पता, लिंग, फोटो, मोबाइल और हस्ताक्षर आदि प्रदर्शित करती है। उन्होंने अधिकारियों को जिला मुख्यालय स्तर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए ताकि अधिकारियों को आधार प्रमाणीकरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा सके, जिससे उन्हें विभिन्न विभागों के कार्यों में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आगामी दिनों में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) ठीक कराने के शिविरों में ही आधार कार्ड अपडेट करने के लिए विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। साथ के साथ उन्होंने अधिकारियों को आधार कार्ड रि-वैलिडेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# युवा महोत्सव की पदक विजेता छात्राएं सम्मानित

फरीदाबाद। महर्षि दयानंद विवि रोहतक में आयोजित तीन दिवसीय इंटर जोनल युवा महोत्सव में राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद की छात्रा ने संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। पंजाबी कविता पाठ एवं क्लासीकल एकल गायन में छात्राओं ने क्रमश: तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।

यूथ फेस्ट से पदक जीतकर लौटी छात्राओं को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रयास करने से हर मुकाम हासिल हो जाता है। उन्होंने बताया कि संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता में बीए द्वितीय की छात्रा अन्नू ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। वहीं बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गिरीशा तथा बीए अंतिम वर्ष की छात्रा सबा क्लासिकल एकल गायन में तृतीय स्थान पर रहीं।

# आंत में फंसा स्टील का तार निकाल बचाई जान

फरीदाबाद। अगर आप भी घर की बजाय बाहर का खाना खाने के शौकीन हैं तो सावधान हो जाएं। इससे न केवल आपको पेट की बीमारी हो सकती है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में हाल में ही एक ऐसा मामला आया जहां मरीज ने घर से बाहर खाना खाया और इस दौरान स्टील धातु की नुकीली तार युवक के पेट में पहुंच गई और उसकी आंत में छेद कर दिया जिससे मरीज की जान पर बन आई।

हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने बहुत ही सावधानी से बिना ऑपरेशन किये आंत में फंसी तार को निकाल मरीज की जान बचाई। इस बारे में मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में पेट एवं लिवर रोग विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. बीर सिंह सहरावत ने बताया कि फरीदाबाद बसेलवा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय निक्की सिंह जब हमारे पाया तो उसके पेट में असहनीय दर्द था। ब्लड जांच में थोड़ा सा इंफेक्शन सामने आया।



सीटी स्कैन करने पर हमें पता चला कि मरीज की छोटी आंत के अंदर एक मैटेलिक (धातु) जैसी वस्तु दिखाई दी।

उस मैटलिक वस्तु ने मरीज की छोटी आंत के अंदर एक छेद किया हुआ था और आंत के आर-पार हो गई थी और इसके आस-पास सूजन थी। सूजन के कारण मरीज को असहनीय दर्द हो रहा था। हमने एंडोस्कोपी विधि द्वारा बारीक उपकरणों की मदद से स्टील की कील पकड़कर बाहर निकाल दिया। अब मरीज के पेट में कोई दर्द नहीं है। स्वस्थ होने के बाद उसे घर भेज दिया गया है। अगर समय पर इलाज न होता तो पेट में इन्फेक्शन ज्यादा बढ़ने से मरीज की जान जा सकती था।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों ने स्थान बदलने पर किया प्रदर्शन



फरीदाबाद। एएचपीसी वर्कर यूनियन के कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अरुण कुमार, संजय कुमार व प्रवीन रावत जो कि एएलएम के पद पर कार्यरत हैं। ये तीनों कर्मचारी विद्युत निगम कार काम पूरी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा से करते हैं। अरुण कुमार शिकायत केंद्र एस्कॉर्ट्स, प्रवीण शिकायत क्रेंद्र सेक्टर 16 व संजय कुमार सेक्टर 15 शिकायत केंद्र पर कार्यरत है। इन तीनों कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से बिना किसी कारण के शिकायत केंद्रों पर एक-दूसरे के स्थान पर बदल दिया है। उपभोक्ता की गलत शिकायत की गलतफहमी के कारण हमारे इन कर्मचारियों का आपस में शिकायत केंद्र बदल दिए हैं। एएचपीसी वर्कर यूनियन निगम के अधिकारियों की हठधर्मिता का कड़ा विरोध करती है। यदि निगम अधिकारियों ने हमारे कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से उनके पूर्व शिकायत केंद्र पर वापस नहीं भेजा और उनके द्वारा इस तरह के तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया तो एएएचपीसी वर्कर यूनियन आंदोलन को उच्च स्तर पर करने के लिए मजबूर होगी। एएचपीसी वर्कर यूनियन बिल्कुल नहीं चाहती कि हमारे कर्मचारियों की वजह से उपभोक्ताओं को किसी तरह की कोई परेशानी हो। इसलिए एएचपीसी वर्कर यूनियन चेतावनी देते हुए निगम अधिकारियों को आगाह करती है कि हमारे कर्मचारियों को वापस उनके पूर्व के शिकायत केंद्र पर कार्य करने का आदेश पारित करे। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता अरुण कुमार व मंच संचालन संजय ने किया। प्रदर्शन को राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन, ओल्ड फरीदाबाद युनिट सेक्रेटरी देवेंद्र त्यागी, सीसी मेंबर विनोद कुमार शर्मा, प्रवेश कुमार, प्रकाश ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

### मोहित हत्याकांड में फरार नौवां आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने 26 अक्टूबर को लाठी-डंडों से चोट मारकर की गई मोहित की हत्या के मामले में नौवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में इससे पहले क्राइम ब्रांच ने करण, मुकेश, कुणाल, राहुल, विशाल, सुमित, शुभम तथा निशांत सहित आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी का नाम संजय (24) है जो फरीदाबाद के भुपानी का रहने वाला है। 26 अक्टूबर को मृतक मोहित की पत्नी द्वारा भूपानी थाने में शिकायत दी। बताया कि 25, 26 अक्टूबर की रात आरोपी व उसके 10-11 अन्य साथियों ने कुल्हाड़ी लाठी व डंडों से चोट मारकर मोहित तथा मोहित के साथी नवीन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मोहित और नवीन को अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टर ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मोहित के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों के हवाले कर दिया। मोहित की पत्नी की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने वारदात की मुख्य आरोपी करण को 26 अक्टूबर को ही गिरफ्तार कर लिया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर क्राइम ब्रांच ने तीसरे आरोपी संजय को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों पक्षों की किसी बात को लेकर रंजिश थी। आरोपियों ने मोहित की हत्या कर दी। मृतक मोहित (30) गांव देहा का रहने वाला था। मोहित के खिलाफ भी थाना भूपानी में लड़ाई झगड़े ,स्नैचिंग आदि के पांच मुकदमे दर्ज हैं इसके अलावा थाना खेड़ी पुल में भी हत्या, स्नेचिंग, लड़ाई झगड़ा और अवैध हथियार सहित 4 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी करण का दोस्त था और एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वारदात की रात करण ने फोन करके संजय को झगड़े में बुलाया था जहां आरोपियों ने मोहित की पिटाई की थी जिससे मोहित की मृत्यु हो गई। आरोपी संजय के खिलाफ इससे पहले भी लड़ाई झगड़े का एक मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी एक साल की सजा काटकर जमानत पर बाहर आया था। आरोपी को जेल भेज दिया है।

### एशियन हॉस्पिटल ने तेजस की टीम को हराया




फरीदाबाद। एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का दूसरा मुकाबला एशियन हॉस्पिटल और तेजस के बीच खेला गया जिसमें एशियन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में सिर्फ तीन विकेट गंवाकर 262 रन बनाए। टीम एशियन के विनीत गांधी ने 59 बॉल्स में सबसे अधिक 106 रन बनाए। जिसमें 3 छक्के और 18 चौके शामिल रहे। सनी विराट ने 25 बॉल में 69 रन बनाए। टीम तेजस बॉलर सचिन ने 3 ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। टीम तेजस ने 15 ओवर में अपने सभी विकेट गंवाकर 107 रन बनाए। टीम तेजस रवि टंडन ने 22 बॉल में 40 रन बनाए। रोहित यादव ने 17 बॉल में 32 रन बनाए रहे। टीम एशियन आकाश राणा ने 3 विकेट लिए। टीम एशियन ने 155 रन से मैच जीता और विनीत गांधी को मैन ऑफ थे मैच दिया गया।

### एनएसएस शिविर में पौधरोपण अभियान

फरीदाबाद। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में एनएसएस की दोनों इकाइयों, जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया। विद्यालय की जेआरसी एवं एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि एनएसएस अधिकारियों सीमा और सुनील कुमार एवं प्रवीन कुमार तथा विद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों और जूनियर रेडक्रॉस व सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं ने विद्यालय में पौधे रोपे। पौधारोपण करते हुए प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि पौधे हमे शुद्ध वायु प्रदान करते हैं और शुद्ध वायु से आयु बढ़ती है। हम जितने अधिक पौधे लगाएंगे और जितना उन्हें बड़ा करेंगे अर्थात जितनी पौधे वृद्धि करेंगे पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। हम सभी जानते हैं कि पौधारोपण से ही जैव विविधता में वृद्धि होती है और प्रदूषण नियंत्रण में अत्यधिक प्रभावी है। उन्होंने सभी अध्यापकों और छात्राओं से आग्रह किया कि अपने घर के आंगन में भी पौधा अवश्य लगाएं और उस के बड़ा होने तक विशेष ध्यान रखें यदि आंगन में स्थान न हो तो गमले में भी पौधा लगाया जा सकता है। आप पौधा लगाने के लिए अपने विद्यालय, सड़क किनारे अथवा अन्य अनुकूल स्थान का भी चयन कर सकते है परंतु पौधारोपण उपरांत पौधे के बड़े होने तक उस की सुरक्षा का भी प्रबंध अवश्य करें ताकि हम सभी शुद्ध वायु से लाभान्वित हो सकें। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों, एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर, अध्यापकों और सभी एनएसएस वॉलंटियर छात्राओं का पौधरोपण करने और दूसरों को पौधरोपण के लिए जागरूक करने पर आभार व्यक्त किया।

### जल संरक्षण से भविष्य की परेशानियों से बच सकते हैं

फरीदाबाद। उपायुक्त फरीदाबाद के दिशा निर्देशानुसार सीटीआर में आपदा मित्र का 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। जिसमें चीफ वार्डन सिविल डिफेंस व विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉ. एमपी सिंह ने सूखा की परिभाषा सूखा से होने वाले नुकसान सूखा से बचाव के तरीके पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. एमपी सिंह ने इनडोर कंजर्वेशन और आउटडोर कंजर्वेशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जल है तो कल है जल ही जीवन है जल बचाओ कल बचाओ यदि ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में विषम परिस्थिति पैदा हो सकती हैं और हो सकता है कि 10- 15 साल के बाद में जल पर ही युद्ध की संभावना बन जाए। डॉ. एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जल बचाने के टिप्स दिए। इस अवसर पर डॉ. एमपी सिंह ने जल संरक्षण पर शपथ दिलाई और कहा कि आप देश के भविष्य हैं इसलिए देश बचाने के लिए जल बचाना बहुत जरूरी है तथा लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है।

# कॉलेजियम मुद्दा

## संवाद जरूरी

**अच्छा** होता यदि सरकार और न्यायपालिका कॉलेजियम मुद्दा परस्पर संवाद से हल कर लेती और यह सार्वजनिक विमर्श का विषय न बनता। विधि मंत्री किरन रिजीजू ने भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ को पत्र लिख कर कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम में सरकार के प्रतिनिधि शामिल किए जाने चाहिए। इस पत्र के अच्छे नतीजे निकल सकते हैं। विधि मंत्री का यह कहना उचित है कि इससे प्रक्रिया में 'पारदर्शिता आएगी तथा जनता के प्रति जवाबदेही पैदा होगी।' इच्छित परिणामों के लिए सरकार के दोनो अंगों में परस्पर सम्मान होना जरूरी है। इसके लिए कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच स्वस्थ संवाद विकसित होना चाहिए। हालांकि, वर्तमान परिस्थितियों में इसके लिए उचित माहौल तैयार करना थोड़ा कठिन लग रहा है। सरकारी पक्ष तथा सत्तारूढ़ अवस्थापना व न्यायपालिका के बीच कॉलेजियम मुद्दे पर काफी बातचीत सार्वजनिक हुई है। माना जाता है कि न्यायपालिका का बड़ा हिस्सा न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम व्यवस्था के पक्ष में है, लेकिन सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति का आधार विस्तृत करना चाहती है। वर्तमान समय में सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के साथ जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस के.एम. जोसेफ, जस्टिस एम.आर. शाह, जस्टिस अजय रस्तोगी व जस्टिस संजीव खन्ना शामिल हैं। सरकार ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग-एनजेएसी नामक एक नई व्यवस्था बनाई थी, पर इसे सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर पिछले काफी समय से विचार-विमर्श किसी न किसी बहाने जारी है जिसे मीडिया की सुर्खियों में जगह मिल रही है।



कुछ सप्ताह पहले केन्द्रीय विधि मंत्री किरन रिजीजू ने राज्यसभा को बताया था कि इस मुद्दे का समाधान उस समय तक नहीं हो सकता जब तक नियुक्तियों के लिए 'नई व्यवस्था' न बन जाए। उन्होंने कॉलेजियम व्यवस्था को 'अपारदर्शी' बताते हुए राज्यसभा में जन- भावनायें व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की नजर में अदालतों में लंबी छुट्टियां न्याय चाहने वालों के लिए बहुत सुविधाजनक नहीं हैं। विधि मंत्री द्वारा कॉलेजियम पर टिप्पणी के बाद विभिन्न पक्षों की ओर से इस मुद्दे पर एक प्रकार से बहस शुरू हो गई। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में अपनी व्यक्तिगत भावनायें रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के 2015 के उस निर्णय की आलोचना की जिसके द्वारा एनजेएसी को खारिज कर दिया गया था। धनखड़ ने इसे संसद की संप्रभुता के साथ 'गंभीर समझौता' तथा 'जनता के आदेश' की अनदेखी कहा। उन्होंने संसद की संप्रभुता के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित संविधान की 'मूल संरचना' सिद्धान्त की भी आलोचना की। हालांकि, उप-राष्ट्रपति होने के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय में वकालत कर चुके जगदीप धनखड़ को विधि संबंधी मुद्दों पर अपने व्यक्तिगत विचार रखने का पूरा अधिकार व क्षमता प्राप्त है, पर भाजपा-विरोधियों ने इसे गलत तरीके से कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच टकराव की तरह पेश किया। इसके बावजूद प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ का यह बयान स्वागत योग्य है कि वे कॉलेजियम व्यवस्था पर पुनः विचार के इच्छुक हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि विधि मंत्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र तथा जस्टिस चंद्रचूड़ के सकारात्मक बयान के बाद कार्यपालिका व न्यायपालिका में समुचित संवाद विकसित होगा जो भारत में संविधान तथा संविधान निर्माताओं की भावनाओं को और मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'अमृत काल' में देश का गुलामी की बचीखुची विरासतों से मुक्ति पाने का आह्वान किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि परस्पर संवाद के माध्यम से कार्यपालिका व न्यायपालिका इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ेंगी।

# चीनी खतरे पर जापानी प्रतिक्रिया

भारत और जापान को सैनिक अभ्यासों व व्यापार से आगे बढ़ते हुए समान उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सैनिक समझौतों की ओर बढ़ना चाहिए। चीनी खतरे पर जापान की त्वरित प्रतिक्रिया स्वागत योग्य है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)




**चीन** दक्षिण चीन सागर व हिंद महासागर के देशों के लिए लगातार खतरा पैदा कर रहा है। लेकिन वह अपने ऊपर 'युद्ध शुरू करने वाले' देश का ठप्पा नहीं लगवाना चाहता है और इस प्रकार अपने सैनिकों को बड़ी संख्या में हताहत होने तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया से बचना चाहता है। इसलिए उसकी रणनीति 'वुल्फ वैरियर' राजनय तथा 'सलामी स्लाइसिंग' की है। इन स्थितियों से संशोधनवादी चीन बिना सीधे टकराव के वर्तमान व्यवस्था बदलने का प्रयास कर रहा है। शी जिनपिंग के 'चीनी सपने' में 'अनौपचारिक स्थानीय युद्धों' को महत्व दिया गया है जिसमें लिए कृत्रिम बुद्धि-एआई, सैनिक-विहीन प्रणालियों व ऊर्जा-निर्देशित आयुधों का प्रयोग शामिल है। इस प्रकार वह कंप्यूटर नेटवर्क हमलों तथा एलेक्ट्रानिक युद्ध को मिला कर 'समन्वित नेटवर्क एलेक्ट्रानिक युद्ध' का विकास कर रहा है। इस प्रभुत्व को पीएलए की क्षमताओं में शक्ति संवर्धन के रूप में देखा जा रहा है। इस उद्देश्य से लंबी छलांग लगाते हुए चीन ने गैर-काइनेटिक भौतिक निर्देशित ऊर्जा आयुधों-डीईडब्लू के विकास पर जोर दिया है जो भविष्य में गेम चेंजर की भूमिका निभा सकते हैं। अनेक डीईडब्लू प्लेटफार्मों में लक्षित उच्च शक्ति वाले लेज़र तथा वेव इमिटर या पार्टिकिल बीम इमिटर, आदि शामिल हैं। इनसे बीजिंग की एलेक्ट्रोमैग्नेटिक युद्ध क्षमतायें बढ़ेंगी। डीईडब्लू से उपग्रह सेंसरों को बेकार किया जा सकता है तथा स्वचालित सिग्नल व संचार व्यवस्थाओं को निष्क्रिय बनाया जा सकता है।

वाशिंगटन की रक्षा खुफिया एजेंसी रिपोर्ट 'चैलेंजेज़ टु सिक्यूरिटी इन स्पेस'-2022 में आकलन किया गया है कि बीजिंग के पास 'विभिन्न क्षमताओं वाले मल्टिपिल ग्राउंड बेस्ड लेज़र हथियार हैं जिनका प्रयोग कर सीमित क्षमता वाले उपग्रहों को बेकार या कमजोर कर उनको नुकसान पहुंचाया जा सकता है अथवा लेज़र व्यवस्थाओं के प्रयोग से उपग्रह सेंसरों को निष्क्रिय किया जा सकता है।' इस प्रकार उसके पास दुश्मनों की अंतरिक्ष व्यवस्थाओं में परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय प्रभाव डालने की क्षमता है। 2018 से बीजिंग का खुफिया, निगरानी व जासूसी-आईएसआर उपग्रहों का बेड़ा दूना हो गया है और 2022 में इसमें 250 व्यवस्थायें शामिल थीं। ये उपग्रह पीएलए को हिंद महासागर, दक्षिण चीन सागर व कोरियाई प्रायद्वीप की समुद्री व धरती पर स्थिति संरचनाओं की निगरानी व मैपिंग की व्यवस्था देते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस और चीन अपनी 'असीम साझेदारी' का क्रियान्वयन करते हुए संयुक्त रूप से सैनिक अभ्यासों में एसैट आयुधों का विकास व प्रयोग कर रहे हैं। पीएलए के तकनीकी विकास के कारण पूर्वी व दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। पूर्वी एशिया में जापान चीनी खतरों के खिलाफ खड़ा होने का प्रयास कर रहा है और उसने इसे 'द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सर्वाधिक गंभीर व जटिल सुरक्षा परिवेश' कहा है। वह समझता है कि चीन का दो मोर्चों पर मुकाबला करना जरूरी है। पहला, संख्यात्मक वर्चस्व के साथ उसके नौसैनिक विस्तार का मुकाबला करना तथा दूसरा, एलेक्ट्रोमैग्नेटिक युद्ध क्षेत्र का विस्तार करना। इसके परिणामस्वरूप बीजिंग के प्रति टोकियो के दृष्टिकोण में अंतर आया है और वह अब आर्थिक साझीदार के बजाय सक्रिय सैनिक खतरा बन गया है। इससे जापानी नेतृत्व की सुरक्षा आवश्यकताओं व नीतिगत परिवर्तनों की रणनीतिक समझ स्पष्ट होती है। 2026 तक जापान लाकहीड मार्टिन के टामाहाक व संयुक्त सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल कई अड्डों पर तैनात करेगा। दूसरी ओर वह सैनिक-सिविल समन्वय के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसके चलते मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्री अब सतह से जहाजों पर निशाना लगाने वाले मिसाइल बनाने की ओर आगे बढ़ रही है।

इसके साथ ही जापान ने पावर ग्रिडों व अन्य महत्वपूर्ण सैनिक संसाधनों को बेकार करने वाले संभावित चीनी एलेक्ट्रोमैग्नेटिक हमले की कल्पना की है जिससे युद्ध शुरू होने से पहले ही जेट विमानों, आदि को भारी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। उसने 'क्रास डोमेन आपरेशन्स' के लिए 'मल्टी डोमेन डिफेंस फोर्स' की तैयारी शुरू की है जिसमें नई तकनीकें समाहित होंगी। तत्कालीन आवश्यकतायें पूरी करने के लिए जापान ने ओकीनावा क्षेत्र के योनागुनी में एलेक्ट्रानिक युद्ध इकाई तैनात करने की योजना बनाई है। इससे उसकी विश्लेषणात्मक व डेटा संग्रह क्षमतायें बढ़ेंगी। अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण से जापान ने तेजी से साझेदारी आयाम को छोड़ कर औपचारिक संस्थागत सुरक्षा सहयोग शुरू किया है। अब वह 'निष्क्रिय यथार्थवादी' वाली स्थिति में नहीं है। इस परिवर्तन की नीव स्वर्गीय प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने डाली थी जिसके फल अब मिलना शुरू हो गए हैं। इससे जापान चीनी खतरे से निपटने के प्रति ज्यादा सुरक्षित हुआ है और उसके खिलाफ खड़ा हो रहा है।

इस दृष्टिकोण से पिछले साल दो महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, जापान व जर्मनी ने 'जापान के आत्मरक्षा बलों व जर्मन सेना के बीच संयुक्त गतिविधियों में सहायता के लिए विधिक ढांचा बनाने' पर सहमति प्रकट की है। खुफिया जानकारियों का साझा करने तथा रक्षा उपकरणों व तकनीक का हस्तांतरण करने के समझौतों के साथ जापान व जर्मनी में बढ़ती निकटता स्वागत योग्य है। दूसरा, जापान ने आस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें 'व्यावहारिक सहयोग व परस्पर समन्वय' दो उभरते हुए क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में खुफिया जानकारियां एकत्र करना, निगरानी व जासूसी, उत्कृष्ट रक्षा विज्ञान एवं तकनीक, रक्षा उद्योग तथा उच्च स्तरीय क्षमताओं का विकास शामिल हैं। हालांकि, 2023 अभी शुरू हुआ है, पर जापान कार्रवाई के लिए तैयार है। हाल ही में 'सहयोगी गतिविधियों' के लिए जापान-ब्रिटेन परस्पर पहुंच समझौते का विस्तार 'स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत' के विमर्श को बढ़ावा देगा। इसके पूरे क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव होंगे। इसके साथ ही गहरे समुद्र में 'खोज, विज्ञान व शोध' के लिए अमेरिका-जापान समझौता दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों का प्राविधान करता है। इनमें अंतरिक्ष आपरेशन्स व तकनीक, अंतरिक्ष परिवहन, सुरक्षा व मिशन सुरक्षा शामिल हैं। इस परिदृश्य में भारत के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश हैं क्योंकि वह भी भूमि तथा समुद्र में आक्रामक चीन का सामना कर रहा है। समुद्र में परिवर्तनों के साथ ही संभावित चीन-पाक गठजोड़ भारत के लिए चिन्ताजनक है। समय आ गया है कि भारत हिचक वाली सोच से बाहर निकल कर दुहरे-प्रयोग की महत्वपूर्ण तकनीकों के बारे में समझौते करे तथा जापान, फ्रांस व जर्मनी का विश्वसनीय सहयोगी बने।

भारत को बहुआयामी सुरक्षा समझौतों को संस्थाबद्ध करने में पीछे नहीं रहना चाहिए। हालांकि, क्वाड व आकुस के बीच अघोषित समानतायें हैं, पर अलग दृष्टिकोण के कारण क्वाड पर चीनी खतरा कम नहीं है। कहने की आवश्यकता नहीं, गलवान व तवांग झड़पों ने दिखा दिया है कि भारत-चीन संबंधों का भविष्य कतई स्थिर नहीं है। इसलिए चीन की चुनौती से निपटने के लिए हमें उसके खिलाफ व्यापक टैक्टिकल व रणनीतिक कदम उठाने चाहिए। भारत और जापान के साझा लक्ष्य हमें सैनिक अभ्यासों व व्यापार से आगे सैनिक समझौतों की ओर ले जाते हैं। सुरक्षा समझौतों के विभिन्न आयाम दोनों सेनाओं के बीच परस्पर समन्वय की ओर ले जाते हैं जिनमें एलेक्ट्रानिक क्षेत्र में तकनीकों को तैयार करने में संयुक्त शोध व उत्पादन तथा साइबर आक्रामक व्यवस्थाओं का विकास शामिल हैं जिनसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायित्व व शांति आएगी। भावी टकराव में चीन किसी न किसी समय एक या दोनों देशों को उकसाएगा जिससे स्वाभाविक रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर अस्थिरता पैदा होगी। इसलिए जरूरी हो गया है कि चीन को उसके खेल में मात दी जाए। अतः भारत-जापान रक्षा संबंधों को गति देने की आवश्यकता है।

# नैसर्गिक नहीं समाज द्वारा रचित है लिंगभेद



**श्रेया गर्ग**
(लेखिका सामाजिक व पर्यावरण मामलों पर टिप्पणीकार हैं)

**यदि** लोगों से यह पूछने के लिए एक सर्वेक्षण किया जाता है कि क्या उन्होंने कभी अपने जैविक लिंग या लिंग पहचान के कारण किसी प्रकार के भेदभाव का अनुभव किया है, तो संभावना है कि अच्छी संख्या में उत्तरदाता सकारात्मक उत्तर देंगे। चाहे वह किसी की भावनात्मक बुद्धिमत्ता हो, किसी कार्य को करने की क्षमता हो, नेतृत्व के गुण हों, करियर विकल्प हों या करुणा जैसे व्यवहार संबंधी पहलू हों, पुरुषों में क्या अच्छा है और महिलाओं में क्या अच्छा है, इस संबंध में रूढ़िबद्ध धारणाएं हैं। यह समय है कि हम इन सभी प्रचलित धारणाओं पर सवाल उठाएं।

आखिरकार, व्यापक शोध के बावजूद, वैज्ञानिक स्पष्ट रूप से मनुष्यों के व्यवहार पैटर्न के साथ वाई गुणसूत्रों के जीन के बीच संबंध स्थापित करने में सक्षम नहीं हुए हैं। वाई गुणसूत्र बमुश्किल 340 विषम जीनों वाले गुणसूत्रों में सबसे छोटा है, जबकि एक्स गुणसूत्र में 1500 से अधिक जीन हैं, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आनुवंशिक रूप से लिंगों के बीच बहुत कम अंतर है। पुरुषों और महिलाओं के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर इन अंतरों का असर स्पष्ट और वैज्ञानिक रूप से स्थापित नहीं किया गया है। इसके अलावा, जो भी मामूली अंतर है, यदि कोई है, तो उसे आसानी से पर्यावरणीय कारकों और एक व्यक्ति के परिवेश से ऑफसेट किया जा सकता है। इस प्रकार, पुरुषों और महिलाओं के बीच उनके लिंग के आधार पर असमानता न के वल अन्यायपूर्ण है, बल्कि अवैज्ञानिक भी है। तब यह कहना सुरक्षित होगा कि लिंग एक सामाजिक रचना है।

बचपन से ही हमें लोगों को पुरुष और महिला के बाइनरी में देखने के लिए कहा जाता है। समाज ने कुछ लक्षणों को जोड़ा है और मर्दाना और दूसरों को अधिक स्त्रैण के रूप में कार्य करता है। अलग-अलग लिंगों को खुद को कैसे संचालित करना चाहिए, इसकी रूढ़िवादिता हमारे दिमाग में इतनी प्रचलित और उलझी हुई है कि इससे होने वाले किसी भी विचलन का मज़ाक उड़ाया जाता है। सरल विशेषण जैसे महत्वाकांक्षी, मजबूत, नाजुक, साहसी, नम्र, कायर, व्यावहारिक, देखभाल करने वाला, तेजतर्रार, आक्रामक, बोल्ड और अन्य एक विशेष लिंग के साथ अधिक जुड़े हुए हैं। उदाहरण के लिए, किसी महिला को नम्र कहना ठीक है, लेकिन पुरुष को दिए गए विशेषण को अपमान के रूप में देखे जाने की संभावना है। यदि कोई महिला खुद को महत्वाकांक्षी कहती है, तो वह निश्चित रूप से कुछ भौहें उठाती है। अगर कोई आदमी सरेआम रोता है तो उसकी मर्दानगी



पर सवाल खड़ा हो जाता है। यदि कोई महिला अपने बच्चे को काम करने के लिए घर छोड़ देती है, तो उसे गैर-जिम्मेदार और स्वार्थी करार दिया जाता है। और अगर एक आदमी घर के कामों में मदद करता है, तो उसे एक आदमी से कम समझा जाता है। कई अन्य प्रणालीगत मुद्दे भी हैं जैसे वेतन असमानता, असमान मस्तिष्क संबंधी अवसर, कार्यस्थल पर भेदभाव जब पदोन्नति और जिम्मेदारी सौंपी जाती है - ये सभी मौजूदा रूढ़िवादिता से उत्पन्न होते हैं।

सत्यापन के लिए और समाज द्वारा स्वीकार किए जाने के लिए, हममें से कुछ अपनी आत्म अभिव्यक्ति पर भी अंकुश लगाते हैं। इसे समझाने के लिए, हममें से कई ऐसे हैं जो जन्म से पुरुष हैं और ब्लाउज और साड़ी पहनना पसंद करते हैं। ऐसी महिलाएं हैं जो बॉय कट हेयरस्टाइल को स्पोर्ट करना पसंद करती हैं। सवाल यह है कि क्या ये लोग फैसले से डरे बिना अपनी मर्जी से खुद को अभिव्यक्त करने में सक्षम हैं? यह स्पष्ट है कि लैंगिक भूमिकाओं और अभिव्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमने वाली सभी रूढ़ियाँ निस्संदेह ऐसे बहुत से व्यक्तियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान कर रही हैं, जो शायद इसे महसूस किए बिना ही अपने दिल और दिमाग में अधूरेपन और भ्रम की भावना से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जेंडर आइडेंटिटी से तात्पर्य किसी व्यक्ति के लिंग के बारे में गहराई से महसूस किए गए, आंतरिक और व्यक्तिगत अनुभव से है, जो व्यक्ति के शरीर विज्ञान या जन्म के समय निर्दिष्ट सेक्स के अनुरूप हो भी सकता है और नहीं भी। लिंग एक सामाजिक निर्माण है। इसी तरह हार्वर्ड के एक अध्ययन के अनुसार, लोग आमतौर पर 2 या 3 साल की उम्र के आसपास बचपन में लिंग पहचान विकसित करना शुरू करते हैं। लिंग पहचान कई सामाजिक संदर्भों में विकसित होती है- एक व्यक्ति का परिवार, उनका बड़ा समुदाय, और समाज और ऐतिहासिक समय जिसमें वो रहते हैं।

हालांकि, कुछ सकारात्मक बदलाव हैं जो कई क्षेत्रों में हो रहे हैं। यह वास्तव में एक स्वागत योग्य कदम है कि सशस्त्र बलों में नौकरियों को सेक्स न्यूट्रल बना दिया गया है। हमने गोल्डन ग्लोब्स 2023 में जेंडर न्यूट्रल फैशन फेस्ट देखा।

यह समय है जब हम लोगों की नौकरियों, अवसरों और प्राथमिकताओं को उनके लिंग से अलग कर दें। हमें यह भी समझने की आवश्यकता है कि अलग-अलग व्यक्ति अलग-अलग तरीके से भाव व्यक्त करते हैं, और यहीं पर विज्ञान दिलचस्प हो जाता है। हम करुणा को स्त्रैण दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति रखते हैं। यह बताता है कि हममें से कुछ लोग उन तरीकों पर ध्यान देने से पूरी तरह चूक सकते हैं जिनमें पुरुष पीड़ा को कम करने की कोशिश करते हैं। वास्तव में, यदि आप किसी न्यूरोसाइंटिस्ट से पुरुष और महिला मस्तिष्क में अंतर करने के लिए कहें, तो उन्हें ऐसा करने में मुश्किल होगी।

किसी के लिंग के बावजूद, एक व्यक्ति के पास एक अनुकूल वातावरण होना चाहिए जहां वे खुद को जिस तरह से चाहते हैं उसे अभिव्यक्त करने में सुरक्षित महसूस कर सकें। पुरुषों और महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमने वाली प्रचलित रूढ़ियों को समाप्त किया जाना चाहिए ताकि उनके विकास और रचनात्मक अभिव्यक्ति में कोई बाधा न आए।

कोई यह कह सकता है कि वास्तव में कोई कितना भी शिक्षित, प्रगतिशील और समतावादी क्यों न हो, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण गुण जो किसी को विकसित करने या अपने मौजूदा विश्वासों पर सवाल उठाने की इच्छा रखने की आवश्यकता है। सामाजिक कंडीशनिंग एक ऐसी चीज है जो यथास्थिति पर सवाल उठाने की हमारी चेतना को लूट सकती है और हमें वैकल्पिक दृष्टिकोणों से मुक्त कर सकती है, उन्हें ध्यान दिए बिना उन्हें फर्जी बना सकती है। इसे बदलने और अधिक समावेशी समाज बनने का समय आ गया है। यह के वल तभी संभव है जब हम व्यक्तियों को उसी रूप में अपनाएं और उनका सम्मान करें जो वे हैं और उन्हें स्वयं में आने दें और उनकी अभिव्यक्ति पाएं।

## आप की बात

### सुदूर मतदान

**भारतीय** निर्वाचन अयोग ने 50 से अधिक प्रादेशिक दलों और मुख्य राष्ट्रीय दलों को बुलाकर रिमोट वोटिंग सिस्टम का प्रारंभिक प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है, जिसे लेकर बातचीत आरम्भ हो गयी है। रिमोट वोटिंग सिस्टम लागू होने से न केवल मतदाताओं को सुविधा होगी बल्कि मतदान प्रतिशत भी काफी बढ़ेगा ऐसा विशेषज्ञ, विचारक और समीक्षक मानकर चल रहे हैं। अभी तक कामकाज के सिलसिले में बाहर गए लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं और इस कारण स्पष्ट जनादेश में भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यदि निर्वाचन अयोग का रिमोट वोटिंग का फार्मूला अमल में आएगा तो निश्चित ही ये एक अच्छा प्रयोग होगा। भविष्य में मतदान को और भी अधिक सुगम बनाने में ये एक निर्णायक कदम होगा। बढ़ते प्रोद्योगिक चलन में मतदान के लिए भी पारदर्शी और सुगम व्यवस्था सुनिश्चित होने से लोग आसानी से मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे तो ये निश्चित ही लाभदायक सिद्ध होगा। विडंबना है कि पहले से ही ईवीएम पर शंका जाहिर करने वाले अधिकांश विपक्ष ने आरवीएम का विरोध करने का निर्णय किया है। अतः इसे लागू करने में अभी कुछ साल तक और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

**मनोज**, मेरठ

### प्रकृति और विकास

**भारतीय** संस्कृति में विकास की अवधारणा प्रकृति से जुड़ी रही है। यहां वृक्षों, नदियों और पर्वतों को भी पूजने की परंपरा है। इसके पीछे उद्देश्य ही रहा कि प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से हो। धीरे-धीरे समय बदला और विकास की पश्चिमी अवधारणा हावी होती चली गई। बेतहाशा पेड़ काटे गए, लेकिन दशकों तक प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों की अनदेखी कर विकास की राह पर बड़े कदम अब विनाश की गाथा लिख रहे हैं। जोशीमठ एक उदाहरण मात्र है। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति लगातार बढ़ रही है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि विकास की राह पर बढ़ना ही नहीं चाहिए। बड़ी आबादी को देखते हुए हमें विकास करना ही होगा। विकास अपरिहार्य है। हमें बिजली भी चाहिए और मजबूत ढांचागत संरचना भी चाहिए। आवश्यकता विकास के तौर-तरीके को बदलने की है। हमें समझ में आया होगा कि विकास और पर्यावरण दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत को विकास के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करना होगा। सरकार और प्रशासन को विकास योजनाएं बनाते समय प्रकृति के साथ साम्य ध्यान में रखना होगा।

**सदन जी**, पटना

### सत्ता का लालच

**हमारे** देश मे सत्ता पाने के लिये राजनीतिक दल कुछ भी करने को तैयार है। ज्यादातर दलों ने अब नया तरीका निकाल रखा है वो है फ्री का लालच देकर वोट लेना। एक समय था जब सत्ताधारी दल व विपक्षी दल अपने द्वारा किये गए कार्यों का गुणगान करके या फिर विपक्षी दल की कमियों को बताकर वोट पाने की कोशिश करते थे परंतु अभी ज्यादातर दलों ने फ्री या खैरात बांटो की राजनीति करना शुरू कर दिया है। कुछ इसका लालच देकर सत्ता तक भी पहुँच गए हैं। कांग्रेस इसमें सबसे अग्रणी है। कर्नाटक की एक चुनावी सभा मे प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस प्रदेश की सत्ता में आई तो घर की प्रत्येक महिला मुखिया को दो हजार रुपये मासिक भत्ता देगी। कांग्रेस के अलावा सपा, बसपा, आप सहित बहुत से दल भी ऐसी घोषणाएं कई बार कर चुके हैं। परन्तु सत्ता पाने के बाद कुछ घोषणाओं पर अमल किया तो बजट ही गड़बड़ा गया। ऐसे सभी दल केंद्र सरकार पर पैसे न देने का आरोप लगाकर जनता को भृमित करने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति बंद होनी चाहिए।

***ललित शंकर***, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**वंदे भारत** उस भारत का सच्चा प्रतीक है जो निर्भरता की सोच से बाहर निकल कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यह** सुविधाजनक सोच छोड़ देनी चाहिए कि अमीरों पर टैक्स की कटौती से उनकी संपत्ति का कुछ हिस्सा सब तक पहुंचता है।

– **गैब्रिएला बूचन**
कार्यकारी निदेशक आक्सफैम





**अधिकांश** विपक्ष ने निर्वाचन आयोग की सुदूर एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन-आरवीएम का विरोध किया है।

– **दिग्विजय सिंह**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता

## कोलकाता के उद्यमी बोले

# अपराधमुक्त यूपी कह रहा सफलता की नई कहानी

## कोलकाता पहुंची टीम योगी के साथ मीटिंग में उद्यमियों ने योगी सरकार के प्रयासों को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, कोलकाता



**प्रदेश** को नये भारत का ग्रोथ इंजन बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देशन में जारी चौथे घरेलू रोड शो का मंगलवार को कोलकाता में भी काफी उत्साह रहा। होटल ओबेरॉय ग्रैंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों व निवेशकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने उत्तर प्रदेश को निवेश के दृष्टिकोण से अपार संभावनाओं वाला प्रदेश बताया। कहा कि जिन्हें बदला यूपी देखना है वे वहां जरूर जाएं।

योगी ने अपराधमुक्त यूपी बना दिया। यूपी सड़क, एयरपोर्ट, बिजली, मेट्रो, हाइवे वाला प्रदेश हो गया है। यहां आए उद्यमियों में कोई यूपी के शहरों को ट्रांसपोर्ट सेवाओं के जरिए जोड़ने में निवेश करने की चाह लिए दिखा तो किसी ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करने के लिए उत्साह दिखाया। इसके अलावा वेस्ट टू एनर्जी, हॉस्पिटल, पर्यटन आदि में निवेश के लिए उद्यमियों ने सकारात्मक भाव प्रदर्शित किया। उद्यमियों ने खुले तौर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में काफी शानदार और रचनात्मक विकास कार्य हुए हैं। अब अपराधमुक्त यूपी के कारण वहां की दशा-दिशा बदल गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोलकाता के उद्यमियों को प्रदेश के विकास में साझीदार बनाने की पहल की है तो हम उत्तर प्रदेश को नये भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करते देखना चाहते हैं। निवेशकों ने अपराध मुक्त होने, निवेश के लिए उचित माहौल, पर्यटन-औद्योगिक नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश के प्रति बदले अपने नजरिये की भी चर्चा की।

## बाजार के दृष्टिकोण से समृद्ध हुआ उत्तर प्रदेश

**बर्जर** पेंट्स के प्रबंध निदेशक व सीईओ अभिजीत रॉय ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब समृद्ध हुआ है। और इज ऑफ डूइंग के लिहाज से उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित हैं। बाजार बहुत महत्व रखता है। निवेश करने के लिए आधुनिक व प्रगतिशील सड़कें, व्यवसाय की नींव बनती हैं। रॉय ने यूपी के नियम और अनुशासन की भी अत्यंत तारीफकी। कहा कि इस वजह से वहां सभी कार्यों को सफलता पूर्वक अंजाम दिया जाता है। ब्याज दर की बात की जाए तो इसमें भी मुनाफे की आकर्षित योजनाएं तैयार होती हैं। इन सभी चीज़ों को पर्याप्त समाधानों से ही व्यवसाय की इच्छा हर एक व्यवसायक को प्रेरित करती हैं। ग्रीन टेक एनवायरन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमाकांत बर्मन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 4 से 5 वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने को उत्सुक हूँ। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर आदि शहरों में काफी सम्भावना है। पहले से काशी में काम कर रहा हूँ। यह किसी योगी के राज में ही संभव था कि व्यापारी सुरक्षित हो सकें। रात 2 बजे भी निर्भीक होकर हाइवे पर जा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने हमें यही सुरक्षा दी इसलिए हम यहां निवेश चाहते। योगी सरकार ने बिजली, सड़क और पानी की समुचित व्यवस्था की है।



## जेपी नड्डा को कार्यकाल विस्तार मिलने पर सीएम योगी ने दी बधाई

● राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी है। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने नई दिल्ली गये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट करके जेपी नड्डा को बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि जेपी नड्डा के कुशल व आत्मीय मार्गदर्शन में हम सभी श्सेवा ही संगठनश् भाव को आत्मसात करते हुए भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु संकल्पित हैं। बता दें कि बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजनाथ सिंह ने जेपी नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था जिसे कार्यकारिणी द्वारा स्वीकार कर लिया गया। इसके साथ ही अब 2024 के लोकसभा चुनाव तक जेपी नड्डा ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे।

## नड्डा के कार्यकाल विस्तार पर प्रदेश बीजेपी संगठन ने दी बधाई

**लखनऊ।** बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल विस्तार पर प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ कहा कि नड्डा जी के नेतृत्व में प्रदेश के सभी कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के भाव पथ पर चलते हुए हर एक बूथ को राष्ट्रीय भावना से प्रदीप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा संगठन आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक अभियान, कार्यक्रम तथा संगठनात्मक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी ने नई ऊचाइयों को छुआ है। श्री नड्डा के नेतृत्व में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई पुन: सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास की नीति, केन्द्र सरकार की उपलब्धियां व ऐतिहासिक निर्णय सतत संपर्क संवाद के माध्यम से जनता तक पहुंचाने तथा सेवा व समर्पण का मूल मंत्र लेकर कार्य करने के लिए तत्पर है। प्रदेश भाजपा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रत्येक लक्ष्य को प्राणार्पण से जुटकर प्राप्त करेगा।

## नए सत्र से संचालित होने लगेंगे अटल आवासीय विद्यालय

● विद्यालयों में प्रचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त परिषदीय स्कूलों में बड़े कायाकल्प की तैयारी है। श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हर मण्डल में जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं। इनका संचालन उत्तर प्रदेश बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से सत्र 2023-24 से होने लगेगा। विद्यालयों के सुचारु रूप से संचालन हेतु विभिन्न स्तरों पर संचालन समितियों का गठन किया गया है। अटल आवासीय विद्यालयों में सत्र 2023-24 हेतु प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो रही है। विद्यालयों में बच्चों का प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर सीबीएसई के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।

राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति में प्रदेश के मुख्य सचिव अध्यक्ष होंगेए जबकि प्रमुख सचिव श्रम सदस्य और सचिव होंगे। इसके अतिरिक्त सचिव उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण व प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा इसके सदस्य के तौर ओर सम्मिलित होंगे। वहीं मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति में मंडलायुक्त अध्यक्ष होंगे जबकि संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप श्रमायुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग तथा डिप्टी कमीश्नर, नवोदय विद्यालय द्वारा नामित नवोदय विद्यालय प्रचार्य इसके सदस्य होंगे। नवोदय विद्यालय, राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और 10 वर्ष का विशिष्ट अनुभव रखने वाले शिक्षाविदों तथा राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नामित सदस्य के रूप में समिति का हिस्सा होंगे। वहीं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक विद्यालय की वित्तीय अनुश्रवण समिति वित्तीय निर्णय लेने के लिए अनुमन्य होगी। संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य इस समिति के सदस्य सचिव होंगे जबकि उप श्रमायुक्त, एसीएफ वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक इसके सदस्य होंगे। अटल आवासीय विद्यालयों के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रत्येक विद्यालय में कक्षा-6 में 80 बच्चों के साथ में अध्ययन अध्यापन का कार्य किया जाना तय किया गया है। अटल आवासीय विद्यालयों में निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों का प्रवेश सीबीएसई के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय की बच्चों की प्रवेश परीक्षा आयोजित अटल आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 2023 के आधार पर किया जाएगा।

## यूपी की बिजली व्यवस्था में सुधार को एशियन डेवलमेन्ट बैंक सहयोग करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की बिजली व्यवस्था को और बेहतर करने में एशियन डेवलपमेन्ट बैंक सहयोग करेगा। बिजली चोरी रोक कर लाइन हानियॉं कम करने, एरियर बेंच कन्डक्टर लगाने, आदि कार्यों के लिये वह वित्तीय सहयोग करेगा। इसी तरह विद्युत उत्पादन परियोजनाओं में प्रदूशण के मानक स्थापित करने में भी वह सहयोग करेगा।

बैक के प्रतिनिधि मण्डल तथा उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज के नेतृत्व में शक्ति भवन में सम्पन्न बैठक में बैंक अधिकारियों के साथ प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने हेतु चर्चा हुई। एडीबी ने 500 से ऊपर की आबादी वाले मजरों में एरियर बंच कडक्टर लगानें के लिये होने वाले लगभग 1000 करोड़ रूपये की वित्तीय सहयोग जारी रखने के लिये भी सहमति दी है। इसी तरह लाइन हानियॉं कम करनें, ट्रांसफार्मर डैमेज रेट कम करने, एसेट मैनेजमेन्ट, पावर परियोजनाओं में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने, आईटी के माध्यम से आर्थिक प्रबन्धन को मजबूत करने, बिलिंग एवं वसूली में और अधिक सुधार के सम्बन्ध में चर्चा हुई। शक्ति भवन में सपन्न इस बैठक में उप्र पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार, उत्पादन निगम के प्रबन्ध निदेशक पी गुरू प्रसाद तथा एशियन डेवलेपमेन्ट बैंक के वरिश्ठ अधिकारी निलय मितास सहित अनेक वरिश्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रत्याशियों की जीत के लिए सपा जनपदवार करेगी बैठकें

**लखनऊ।** विधान परिषद खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 30 जनवरी को होने वाले चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए समाजवादी पार्टी की जनपद के कार्यालयों में प्रमुख नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को कानपुर नगर तथा कानपुर ग्रामीण की बैठक प्रत्याशी के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर (कानपुर नगर) में करेंगे, 20 जनवरी को कानपुर देहात बैठक अकबरपुर जिला कार्यालय पर 01 बजे, 21 जनवरी को उरई (जालौन) बैठक 11 बजे, 23 जनवरी को उन्नाव में, 24 जनवरी शाहजहांपुर में, 25 जनवरी को बरेली एवं 26 जनवरी को मुरादाबाद में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा सरकार में हर दिन नए-नए घोटाले उजागर हो रहे हैं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हर दिन नए-नए घोटाले उजागर हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में दवाओं के नाम पर लूट मची हुई है। मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। लेकिन न तो मुख्यमंत्री और न ही स्वास्थ्य मंत्री को इसकी फिक्र है। वे केवल वाहवाही लूटने और अखबारों में नाम छपवाने में व्यस्त हैं। अखिलेश ने कहा कि दवाओं की खरीद में पिछले घोटालों की हुई जांच का नतीजा क्या हुआ, इधर फिर नए नए घोटाले उजागर हो रहे हैं। इस घोटाले में ऊपर से नीचे तक की संलिप्तता हैं जिसके कारण दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ताजा मामला विटामिन ए से जुड़ा हुआ है। विटामिन ए की सीसी की खरीद को लेकर स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आया है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में विटामिन ए की घटिया दवा सप्लाई की गई। सप्लाई की गई विटामिन ए की दवा की गुणवत्ता बेहद घटिया पाई गई है। आम जनता और बच्चों के लिए जो विटामिन ए की सिरप अस्पतालों में सप्लाई की गई है वह सीसी में ही जम जा रही है। इसके पहले भी 16 करोड़ की घटिया दवाओं की खरीद का मामला सामने आया था। सरकार ने उसकी लीपापोती कर दी और जांच का कोई नतीजा सामने नहीं आया। अखिलेश ने कहा कि इसी तरह से डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में दवाओं में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का भी मामला सामने आया।

## फीस वापसी के आदेश का जल्द पालन कराए सरकार: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश का स्वागत किया है जिसमें उसने अभिभावकों की पीड़ा को देखते हुए कोविडकाल के दौरान ली गई फीस का 15 फीसदी वापस करने का सभी विद्यालयों को आदेश दिया है। कांग्रेस ने योगी सरकार से मांग की है कि वह जल्द से जल्द इस आदेश का अनुपालन कराने के लिए जिलाधिकारियों को आदेशित करे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता हम्माम वहीद ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020-21 में जिस प्रकर से निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से फीस वसूली गई उससे अभिभावकों पर बोझ बढ़ गया। कोरोना के चलते तमाम लोगों के उद्योग धंधे, व्यापार, रोजगार चौपट हो गए तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए स्मार्ट फोन की आवश्यकता ने कमर तोड़ दी। विद्यालयों द्वारा मोटी फीस लिए जाने के कारणवश उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार किसान विरोधी: रालोद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्र और प्रदेश में चल रही सरकारें किसान विरोधी सिद्ध हो चुकी हैं। दिल्ली बार्डर पर लगभग 1 वर्ष से अनवरत चलते रहे किसान आन्दोलन और उस आन्दोलन में लगभग साढ़े सात सौ किसानों के शहीद होने पर भी आज तक एमएसपी पर कोई भी कानून नहीं बना। राय मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से मुखातिब थे।

प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है जबकि पेराई सत्र समाप्त होने वाला है। राष्ट्रीय लोकदल इस सन्दर्भ में सम्पूर्ण प्रदेश में मुख्यमंत्री को संबोधित किसान संदेश अभियान पत्र के माध्यम से लगभग 1 माह से चला रहा है। फिर भी प्रदेश सरकार इसका कोई संज्ञान नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को विगत 8 वर्ष से हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा आय दुगुनी करने का लॉलीपॉप दिखाया जा रहा है और मंदिर मस्जिद, भारत पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान के नाम पर किसानों तथा आम जनता का बहला फुसलाकर वोटो का ध्रुव्रीकरण किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में पुन: इन्वेस्टर समिट का आयोजन कर रहे हैं और प्रचार माध्यमों से प्रदेश को ग्रोथ इंजन की संज्ञा दे रहे हैं। सोचने की बात यह है कि जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था इतनी खराब हो जहां बस रूकवाकर छात्रा को गोली मार दी जाय और अपराधी भाग जाय, बड़े व्यापारियों और पेट्रोल पम्पों पर खुलेआम लूट की घटनाएं हो रही हों। वहां निवेश के नाम पर कैसे सफलता मिल सकती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अथवा देश के प्रधानमंत्री अपने वक्तव्य में केवल भविष्य के आंकड़े प्रस्तुत करके देश के युवाओं और बेरोजगारों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। उनके द्वारा कभी भी उन विभागीय आंकड़ों को नहीं प्रस्तुत किया गया कि अब तक किस विभाग में कितने युवाओं को नौकरी या रोजगार दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्व. चौधरी अजित सिंह की जयन्ती आगामी 12 फरवरी से 1 सप्ताह तक सरकार की अब तक की कारगुजारियों, असफलताओं और गलत नीतियों को लेकर घर-घर और गांव गांव में जनसम्पर्क एवं जनसंवाद कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल चलायेगा।

## कई किश्तों में जारी होगा कुशल खिलाड़ी भर्ती का परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस माह कुशल खिलाड़ी व मृतक आश्रित कोटे के तहत उपनिरीक्षक भर्ती का परिणाम घोषित करने की तैयारी में है। सिपाही नागरिक पुलिस के पदों पर प्रचलित कुशल खिलाड़ी भर्ती में अलग-अलग विधा के खिलाड़ियों के अभिलेखों की जांच और उनके खेल कौशल का परीक्षण आरंभ किया गया है। बोर्ड ने एक विधा का परीक्षण पूरा होने के बाद उसका परिणाम घोषित करने की योजना बनाई है। इस तरह कुशल खिलाड़ी भर्ती का परिणाम कई किश्तों में जारी होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए इसका निर्णय किया गया है। भर्ती बोर्ड टेबिल टेनिस व एथलेटिक्स विधा के खिलाड़ियों का खेल कौशल परीक्षण संपन्न कराने के के बाद उनका परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है। तैराकी का परीक्षण अगले मौसम में परिवर्तन के बाद कराया जाएगा।

# केंद्रीय कारागार आगरा के कैदी पढ़ेंगे श्रीमद्भगवत गीता

## कैदियों की जिंदगी सुधारने और उन्हें अध्यात्म से जोड़ने के लिए की गई पहल

● गीता बैंक में श्रीमद् भागवत गीता की 100 प्रतियां रखी गई हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की जेलों में बंद कैदी अब गीता का ज्ञान भी ले सकेंगे। योगी सरकार द्वारा कैदियों के लिए केंद्रीय कारागार आगरा में गीता बैंक की स्थापना की गई है। इस गीता बैंक में श्रीमद् भागवत गीता की 100 प्रतियां रखी गई हैं। गीता बैंक से श्रीमद् भागवत गीता को लेकर कारागार के बंद कैदी गीता का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। योगी सरकार की मंशा है कि इससे जेल में बंद कैदियों की मनोदशा में बदलाव आएगा और वह अच्छे नागरिक बनकर जेल से रिहा होंगे।

डीआईजी कारागार आगरा राधाकृष्ण मिश्रा ने बताया कि गीता के ज्ञान से कैदियों को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश की जेलों में केंद्रीय कारागार आगरा से गीता बैंक की शुरुआत की गई है। इस बैंक से कैदी श्रीमद् भागवत गीता जारी कराकर पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों को नैतिक, चारित्रिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास के लिए जेल प्रशासन की ओर कई काम किए जा रहे है। कैदियों के नैतिक व चारित्रिक उत्थान के साथ ही धर्म और न्याय की स्थापना में गीता ज्ञान यज्ञ बहुत उपयोगी साबित होगा। संपूर्ण विश्व और विश्वबंधुत्व के लिए एकमात्र आधार सिर्फश्रीमद् भागवत गीता है। इसी सोच के साथ भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के सहयोग से केंद्रीय कारागार आगरा में गीता बैंक की स्थापना की गई है। इस गीता बैंक में फिलहाल श्रीमद् भागवत गीता की 100 प्रतियां उपलब्ध हैं। समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से गीता बैंक के लिए गीता दान करा इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। बता दें कि केंद्रीय कारागार आगरा में 2200 से ज्यादा सजायाफ्ता कैदी निरुद्ध हैं। केंद्रीय कारागार आगरा में 150 से अधिक का स्टाफतैनात है।

## गोविवि को मिली नैक की डबल प्लस रैंक, सीएम ने दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि को नैक मूल्यांकन में ग्रेड डबल प्लस की रैंकिंग प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवि परिवार और प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दी है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन कॉउंसिल नैक के मूल्यांकन में डबल प्लस रैंक मिली है। मंगलवार को नैक की तरफ से भेजे गए मेल में विवि को यह जानकारी दी गई। राज्य विवि में अभी तक लखनऊ विवि को अधिकतम प्लस प्लस ग्रेड मिली है। गोरखपुर विवि में नैक टीम की फील्ड विजिट के दौरान इवैल्यूएशन किया गया था। इस दौरान नैक की तरफसे छह सदस्यीय टीम ने विवि में गहनता से तमाम पहलुओं को परखा था। आज नैक की तरफसे फाइनल ग्रेडिंग जारी कर दी गई। विवि की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए एक ट्वीट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पावन श्री गोरक्षपीठ के आशीर्वाद से ज्ञान की यह बगिया गोरखपुर विवि अपने स्थापना काल से ही समूचे पूर्वांचल को गुणवत्तापरक शिक्षा और उत्कृष्ट संस्कारों के आलोक से प्रदीप्त कर रही है। यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में विवि ऐसे ही गुणवत्ता के नित नए प्रतिमान स्थापित करे यही कामना है।

## बैंक मैनेजर समेत दो मुल्जिमों को चार साल की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**सीबीआई** के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने रिश्वत लेने के एक मामले में पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा पुरनपुर पीलीभीत के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर सुधीर कुमार मेहरा को चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 30 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। उन्होंने इस मामले में मुल्जिम जगदीश कुमार सक्सेना उर्फ राजू को भी चार साल की सजा सुनाई है व इस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोंका है। चार फरवरी 2014 सीबीआई ने इन दोनों को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ सरवतउल्ला उर्फ अकरम ने शिकायत दर्ज कराई थी। अकरम के किसान क्रेडिट कार्ड का लोन पास करने के एवज में मैनेजर सुधीर ने 15 हजार की रिश्वत मुल्जिम जगदीश के मार्फत लिया था।

## विधान परिषद की पांच सीटों के लिए 30 को मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश रत्नेश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद की तीन खंड स्नातक गोरखपुर-फैजाबाद, बरेली-मुरादाबाद एवं कानुपर तथा दो खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों इलाहाबाद-झांसी एवं कानपुर के द्विवार्षिक निर्वाचन-2023 के लिए 30 जनवरी 2023 को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से ऐसे मतदाता जिन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है उनको अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना निर्वाचन फ ोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि तथापि ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फ ोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान स्टाफ को प्रस्तुत करना होगा। वैकल्पिक फ ोटो पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य-केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें सम्बन्धित शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री-डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाणपत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) मान्य है।

# संतों ने नैमिष की 84 कोसीय परिक्रमा को लेकर गिनाईं समस्याएं

**● डीएम ने दिया भरोसा, कहा सुचारू रहेंगे प्रबंध**

**● यूपी की योगी सरकार ने नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद का किया है गठन**

**संवाददाता।** सीतापुर

**वीओ**- 21 फरवरी से शुरू हो रही तीर्थ नगरी नैमिषारण्य की विख्यात और पौराणिक 84 कोसीय परिक्रमा की व्यवस्थाएं इस बार सुचारू होंगी, इसे लेकर श्रद्धालुओं से लेकर संत महात्माओं तक के बीच चर्चाएं हो रही हैं। योगी सरकार द्वारा तीर्थों के सौन्दर्यीकरण की कड़ी में यहां के लिए नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन बीते नवंबर माह में कर दिया था, जिसके बाद से यह दावा भी किया जा रहा है कि आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं का सफर इस बार पहले से आसान रहेगा। हालांकि कुछ समस्याएं शेष हैं, मंगलवार को इसे लेकर श्री 84 कोसीय परिक्रमा समिति के सचिव और बनगढ़ आश्रम महंत संतोष दास खाकी, पहला आश्रम महंत डंका वाले बाबा, नन्हकूदास महाराज और विख्यात हनुमान गढ़ी महंत बजरंग दास कुछ अन्य संतों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम अनुज सिंह से मिले और उन्हें 8 सूत्रीय समस्याओं का पत्र प्राप्त कराया। बता दें कि इस विख्यात परिक्रमा में शामिल होने के लिए पदयात्रियों का सागर सा उमड़ता है, जिसमें प्रदेश और देश ही नहीं विदेशों तक से श्रद्धालु शामिल होने आते हैं, पड़ाव स्थलों और परिक्रमा मार्ग की दुश्वारियां काफी अर्से से श्रद्धालुओं के लिए भारी परेशानी पैदा करती रहीं हैं। इस बार डीएम द्वारा की जा रही लगातार समीक्षा और निरीक्षण देखते हुए माना जा रहा है कि व्यवस्थाएं कुछ हटकर हो सकती हैं।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरबीएसबीएस कॉलेज गेट पर 5 घंटे किया हंगामा

**संवाददाता।** सीतापुर

**तीन** छात्राओं द्वारा आत्महत्या किए जाने से चर्चा में आए सीतापुर के राजा बहादुर डा. सूर्यबख्श सिंह इण्टर कॉलेज कमलापुर गेट पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने करीब 5 घंटे तक जमकर हंगामा काटा और धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानाचार्य शाकिब जमाल अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की और कॉलेज गेट पर नारेबाजी की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौजूदा प्रधानाचार्य शाकिब जमाल अंसारी पर आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य और बच्चों में बेहतर सामंजस्य न होने के कारण ऐसी घटनाएं हुई हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि किसी योग्य प्रधानाचार्य की नियुक्ति विद्यालय में की जाए जो विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य समन्वय स्थापित कर सके। पांच घंटे तक चले हंगामे को शांत कराने के लिए सिधौली और कमलापुर की पुलिस लगी रही। सिधौली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह और कमलापुर प्रभारी निरीक्षक राजकरन शर्मा, एसआई शिवप्रसाद पाण्डेय, सुरेन्द्र बहादुर सिंह आदि मौके पर पहुंचे और कई घंटे बाद कार्यकर्ताओं को शांत कराया। कार्यकर्ताओं को हंगामा करते देख पहले सिधौली के नायब तहसीलदार विनोद शर्मा ज्ञापन लेने पहुंचे लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से मना कर दिया। इसके बाद सिधौली एसडीएम राखी वर्मा कॉलेज गेट पर पहुंची और कार्यकर्ताओं का ज्ञापन

**● प्रधानाचार्य शाकिब जमाल अंसारी को बर्खास्त करने की उठायी मांग**

लिया। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य और कुछ शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे छात्र-छात्राएं मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं और विद्यार्थियों को अवसादग्रस्त बनाने के साथ आत्महत्या के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र-छात्राओं पर मानसिक दबाव बनाए जाने के कारण तीन छात्राओं ने आत्महत्या कर ली और एक छात्रा द्वारा विद्यालय क्लास में ही आत्महत्या की कोशिश की गयी। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन और पुलिस पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस इस प्रकरण को दबाने की कोशिश कर रही है जो छात्र हितों का हनन है। इसके अलावा ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने अवगत कराया कि विद्यालय में बच्चों के लिए शौचालय की कोई शुद्ध व्यवस्था नहीं है और कक्षाओं का संचालन भी शुद्ध रूप से नहीं होता है। करीब 5 घंटे तक पुलिस और प्रशासन हलकान रहा और कार्यकर्ताओं को शांत कराने का प्रयास करता रहा। बता दें कि बीते दिसम्बर माह में विद्यालय की तीन छात्राओं ने आत्महत्या कर ली थी और एक छात्रा ने कक्षा में ही हाथ की नस काट ली थी।

बीती 14 जनवरी को कक्षा 12 के मनचले छात्र ऋषि यादव से परेशान होकर छात्रा ने छात्र के चेहरे पर पेपर स्प्रे छिड़क दिया था जिसके बाद छात्र पर मुकदमा भी दर्ज हो गया था और विद्यालय से भी छात्र को निष्कासित कर दिया गया था। फिलहाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज गेट पर धरना देकर प्रधानाचार्य की बर्खास्तगी के नारे लगाने के साथ विद्यालय को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। धरना प्रदर्शन में एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक अमन अवस्थी, संदीप लोधी, अंकित गिरि, कौशलेन्द्र सिंह, प्रांशु मिश्रा, धर्मप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नगर इकाई ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा** की सीतापुर नगर इकाई द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर नगर के तरीनपुर स्थित ताड़कनाथ मंदिर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इस दौरान सांसद राजेश वर्मा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, रोहित सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, जया सिंह, आकाश राय, गोदावरी मिश्र, राकेश त्रिपाठी, उमाकांत मिश्र, रमाकांत मिश्र, ललित श्रीवास्तव ,महेश शर्मा, अजय गुप्ता, राहुल जयसवाल, सत्य प्रकाश मिश्रा, कंचन पांडे, बबीता गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, दीप शिखा जायसवाल, नगर अध्यक्ष प्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, रामबाबू श्रीवास्तव, अशोक राठौर, पंकज अवस्थी, मनीष पांडे, संदीप अवस्थी, विनोद त्रिपाठी, शिवा गोस्वामी, उर्मिला राजवंशी, संतोष शुक्ला, अनुज गुप्ता, रमेश त्रिवेदी, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

**सीतापुर।** खैराबाद नगर के भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप अवस्थी ने अपने आवास पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, विश्राम सागर राठौर, राकेश त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा, अनुप विश्वकर्मा, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन प्रेम शंकर पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष खैराबाद अवधेश कटियार, आकाश अग्रवाल बजरंगी, संजय मिश्रा, रामजी गुप्ता, अखिल त्रिवेदी, अवधेश जायसवाल, रामप्रताप साख्य, विनीत मिश्रा आदित्य शंकर अवस्थी, अजीत गुप्ता, आमिर कलाम, अजितेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मोत्सव पर हिन्दू शेर सेना ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**सीतापुर।** हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के जन्मोत्सव पर पंचम पुरवा कबीला रिजॉर्ट में एक कंबल वितरण और भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन हिंदू, सरोज त्रिपाठी, रिंकू अवस्थी, जिला प्रभारी भगवान शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विवेक, जिला सचिव अंकित, शुभम बघेल, रवि वाजपेई, शिवम हिंदू, यस दीक्षित, पवन, जिला मीडिया प्रभारी ओपी शुक्ला, मातृशक्ति प्रकोष्ठ से जिला सचिव रेखा अग्रवाल का सहयोग रहा।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में गांव पहुंचा सपा का प्रतिनिधि मंडल



**मोहम्मदी खीरी।** नगर के एक मोहल्ले में 5 बच्चों की मौत के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला अध्यक्ष रामपाल यादव के नेतृत्व में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मोहल्ला सरैया में मृतक बच्चों के परिवारजनों से भेंट की तथा उन्हें सांत्वना दिलाई और गहरा दुख व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष रामपाल यादव बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर हम लोग यहां आए हैं जिसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेंगे तथा यह प्रतिनिधिमंडल कल जिलाधिकारी से मिलकर मोहल्ले में व्याप्त गंदगी और नालों की विधिवत सफाई तथा स्वास्थ्य विभाग के बारे में अवगत कराएगा, तथा उसके बाद मोहम्मदी उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से समस्या से रूबरू कराने का काम करेंगे, सपा प्रतिनिधिमंडल ने बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री आर.ए.उस्मानी, जिला महामंत्री अंसार महमूद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव, प्रमुख रूप से रहे वहीं पीड़ित से मुलाकात करने के समय समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# 3 दिनों में सरैया में 950 घरों का किया गया सर्वे, बुखार से पीड़ित मिले 21 बच्चे

**● 532 बच्चों को पिलाई गई दवा, 130 को लगाया गया टीका, 231 बच्चों के लिए गए सैंपल**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सीएचसी** मोहम्मदी के मोहल्ला सरैया में बच्चों की मृत्यु की सूचना के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार 3 दिन से अभियान चलाकर सर्वे किया जा रहा है। वहीं टीम द्वारा टीकाकरण के साथ ही जांच भी की जा रही है। पिछले 3 दिनों में 950 घरों का सर्वे किया गया है। इस दौरान बुखार के 21 बच्चे मिले हैं। 532 बच्चों को विटामिन-ए की दवा पिलाई गई है और 130 बच्चों को टीका लगाया गया है। 231 सैंपल लिए गए हैं, जो सभी नेगेटिव हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि बच्चों की मृत्यु की खबर के बाद से स्वास्थ्य विभाग की टीमें मोहम्मदी के मोहल्ला सरैया में लगातार काम कर रही हैं। इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। 16 जनवरी को उन्होंने एसडीएम मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुमार गुप्ता के साथ मोहल्ले का भ्रमण कर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी हासिल की। इस दौरान 16 जनवरी को सर्वे कार्य के लिए कुल 8 टीमें लगाई गई थीं। इसके साथ तीन मेडिकल टीमें लगाई गई थीं। कुल 158 घरों का सर्वे किया गया। जिसमें 5 बुखार के बच्चे मिले। वहीं टीकाकरण के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं। इनके माध्यम से 88 बच्चों को दवा पिलाई गई है। वहीं 30 बच्चों को टीका लगाया गया। 59 सैंपल लिए गए, इसमें मलेरिया और डेंगू के 29.29 सैंपल व टाइफाइड के लिए एक सैंपल लिया गया। इस दौरान 29 स्लाइड बनाई गई। इसी तरह 15 जनवरी को सर्वे के लिए 8 टीमें लगाई गईं, 3 मेडिकल टीम लगाई गई। 320 घरों का सर्वे किया गया। बुखार के 7 बच्चे मिले। टीकाकरण के लिए तीन टीमें लगाई गई। इनके द्वारा 81 बच्चों को दवा पिलाई गई। वहीं 24 बच्चों को टीका लगाया गया। 111 सैंपल लिए गए। मलेरिया और डेंगू के 54.54 सैंपल लिए गए। तीन टाइफाइड के सैंपल लिए गए जो सभी नेगेटिव निकले। 14 जनवरी को सर्वे कार्य में 12 टीमें लगाई गई थीं। 3 मेडिकल टीमें थीं। 472 घरों का सर्वे किया गया था। बुखार के कुल 9 मरीज मिले थे। टीकाकरण के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं। जिन्होंने 363 बच्चों को दवा पिलाई थी और 76 बच्चों को टीके लगाए गए थे व 61 सैंपल लिए गए थे मलेरिया और डेंगू के 27.27 सैंपल चिकनगुनिया के 2 सैंपल और टाइफइड के 5 सैंपल लिए गए थे जो सभी नेगेटिव थे।

# जनता के लिए 24 घण्टे रहेगी उपलब्धता

**● महिलाओं की शिकायत पर त्वरित कार्यवाई : साहा**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**नवागत** एसपी 2013 बैच के आईपीएस गणेश प्रसाद साहा ने आज प्रेसवार्ता की। बताया कि वह ढाई साल डीसीपी नोएडा रहे हैं। बांदा, गोरखपुर, देवरिया, प्रयागराज, आजमगढ़ आदि जिलों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। जनता के लिए उनका कार्यालय 24 घंटे संवाद के लिए उपलब्ध रहेगा। फीडबैक की समुचित व्यवस्था होगी। महिलाओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण होगा। पुलिस कार्यालय में हेल्प डेस्क बनेगी। पुलिस फील्ड में कम दिख रही है। इसे सुधारा जाएगा। बॉर्डर संवेदनशील है, विशेष ध्यान होगा। अवैध, अनैतिक गतिविधियां रोकी जाएंगी। बाइक/ स्कूटर है तो हेलमेट जरूरी है। इसमें रियायत नहीं होगी। ट्रैफिक नियमों का सभी को पालन करना है। तस्करी रोकी जाएगी। एकल मार्ग एकल मार्ग ही रहेगा। पीआरवी के समय पर विशेष ध्यान



देकर प्रदेश में नंबर एक किया जाएगा। पुलिस स्टाफ के कल्याणकारी कार्यों व शिकायतों के निस्तारण के लिए अलग हेल्प डेस्क बनेगी। व्यापारी हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैंकों की सुरक्षा के लिए वह स्वयं ही निरीक्षण करेंगे। जहां बार बार दुर्घटना हुई है, वह स्थल चिन्हित होंगे।

# उत्साह, उल्लास एवं उमंग के साथ एक सप्ताह तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी** में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर (18 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य) विविध गतिविधियां होंगी। भारत सरकार से प्रस्तावित गतिविधि आयोजित किये जाने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने संबंधित विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय,भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी में 18 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य में प्रस्तावित गतिविधियों का आयोजन पूरी भव्यता के साथ होगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उक्त अवधि में ब्लाक, ग्राम पंचायत व मुख्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधि यथा बालिकाओं के घटते लिंगानुपात को रोकना, बालिकाओं के कौशल विकास एवं उनके स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। महिला, बाल विकास मंत्रालय से जारी रोस्टर के अनुसार प्रस्तावित गतिविधियां इस प्रकार होंगी :

18 जनवरी: हस्ताक्षर / प्रतिज्ञा समारोह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ ग्रहण समारोह होगा।

19 जनवरी: बाल लिंगानुपात, बाल संरक्षण और लड़कियों में कौशल विकास के महत्व पर विशेष ग्राम सभा/महिला सभा की योजना पर चर्चा,घर/ सार्वजनिक भवन/पंचायत कार्यालय आदि पर संदेश के साथ 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का संदेश चिपकाया जाएगा।

20 जनवरी: सरकारी/निजी स्कूलों के साथ लड़कियों के बीच खेलों को बढ़ावा देने पर कार्यक्रम, समाज कल्याण, सामुदायिक एकजुटता विद्यालयों पर समस्त पोस्टर, स्लोगन.लेखन, ड्राइंग, वालपेन्टिंग, वाल राइटिंग आदि की प्रतियोगिता का आयोजन।

23 जनवरी: बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संवेदीकरण पर सामुदायिक बैठकें, बाल विवाह खत्म करने की दिशा में धार्मिक नेताओं/समुदाय के साथ कार्यक्रम। टाक शो- स्वास्थ्य और पोषण, कानूनी पीसीपीएनडीटी, एमटीपी आदि, महिलाओं से सम्बन्धित अधिनियम की जानकारी प्रदान करना।

24 जनवरी: खेल, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, सामुदायिक संगठन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली स्थानीय बालिका चौम्पियनों का जिला स्तर पर सम्मान, वृक्षारोपण अभियान व जिला महिला चिकित्सालय/सीएचसी/पीएचसी पर कन्या जन्मोत्सव मनाया जाना।

# महिला शिक्षिकाओं ने निकाली दोपहिया रैली, बताए ट्रैफिक रूल्स

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**● डीएम-एसपी ने दिखाई दोपहिया रैली को हरी झंडी, दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प**

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में 'सड़क सुरक्षा माह' मनाया जा रहा है। 'सड़क सुरक्षा माह' अभियान कार्यक्रमों की श्रंखला में मंगलवार सुबह सड़क सुरक्षा, जनजागरूकता के लिए विभिन्न परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं ने दोपहिया रैली निकाली। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर दोपहिया रैली को रवाना किया। डीएम ने महिला शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

इस जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में हेलमेट लगाकर महिला शिक्षिकाएं सड़क जागरूकता वाली तख्तियां लेकर शामिल हुईं। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट में ही विसर्जित हुई। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, एआरटीओ रमेश चौबे, आलोक सिंह मौजूद रहे।

जागरूकता रैली से पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं।

दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधें। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करें। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएं। उन्होंने सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रण भी दिलाया।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि अधिकतर मार्ग दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

मार्ग दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जरूरी हो तो उसे अस्पताल तक भेजने में मदद करें। यह सच्ची मानवता है।

एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने कहा कि बाइक रैली का उद्देश्य शहरी, ग्रामीण जनता को जागरूक करना है। यातायात से संबंधित एंबुलेंस को रास्ता देना, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना आदि सड़क सुरक्षा अभियान के बेसिक नियम हैं। इस नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग इन नियमों को आत्मसात करें। इसीलिए बाइक रैली निकालकर जन-जन को जागरूक किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

## आने वाला...

है और हम इसे सामने आते देख रहे हैं। ऐसे समय में हम लोग मेहनत में पीछे न रहें। प्रयत्नों की पराकाष्ठा करें। अपने जीवन का क्षण-क्षण और अपने शरीर का कण-कण हम भारत की विकास गाथा में लगाएं। फडणवीस के मुताबिक, मोदी ने कहा अमृत काल को कर्तव्य काल में परवर्तित करने से ही देश को आगे ले जाया जा सकता है। ज्ञात हो कि भारत की आजादी के 75 वर्ष से 100 वर्षों तक के सफर को प्रधानमंत्री अक्सर अमृत काल कहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 18-25 आयु वर्ग के लोगों ने भारत का राजनीतिक इतिहास नहीं देखा है और उन्हें पिछली सरकारों के तहत हुए भ्रष्टाचार और गलत कामों के बारे में जानकारी नहीं है। इसलिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्हें भाजपा के सुशासन के बारे में बताएं।

## नड्डा की...

राजनाथ सिंह के प्रस्ताव को स्वीकार किया कि नड्डा जी को जून 2024 तक भाजपा के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को विस्तार दिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण भाजपा का सदस्यता अभियान समय पर हो नहीं पाया और जब तक बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के चुनाव नहीं हो जाते, तब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनना संवैधानिक रूप से संभव ही नहीं था। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई मौकों पर अलग-अलग कारणों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है और इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए जेपी नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी के नेतृत्व और जे पी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा 2024 के चुनाव में 2019 से भी बड़े जनादेश के साथ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा, और मोदी जी फिर से इस देश के प्रधानमंत्री बन कर इस देश का नेतृत्व करेंगे, इसका हम सबको भरोसा है। इस प्रस्ताव को पेश किए जाने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, स्वयं अमित शाह सहित पार्टी के करीब 350 वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इनमें पार्टी शासित 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व पांच उपमुख्यमंत्री तथा 35 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। शाह ने कहा कि नड्डा के नेतृत्व में पार्टी ने ना सिर्फ अपनी पैठ बढ़ाई, बल्कि अपना प्रसार भी किया और यश भी प्राप्त किया।

## नाखुश येदियुरप्पा...

पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए भाजपा विधायक बासनगौडा पाटिल येतनाल ने कहा था कि उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में टिकट हासिल करने के लिए ओछी चालें चलने की जरूरत नहीं। येतनाल ने कहा था कि एक दलाल मंत्री ने बीजापुर में मेरे खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि बासनगौडा को टिकट नहीं मिलेगा। मैं कहना चाहता हूं कि पहले अपनी सीट देखो। मैं तुम्हारी तरह ओछी हरकतें नहीं करता। संतों को ब्लैकमेल नहीं करता। मैं संतों को भुगतान नहीं करता। केंद्रीय भाजपा नेतृत्व, जिसने येदियुरप्पा के स्थान पर एक और लिंगायत नेता बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था, ने उन्हें संसदीय बोर्ड में शामिल कर सांत्वना देने की कोशिश की थी। संसदीय बोर्ड फैसला लेने वाली भाजपा शीर्ष संस्था है। बहरहाल, बीएसवाई हाल ही में भाजपा के शीर्ष नेताओं की बैठकों में शामिल नही हुए जिसमें प्रधानमंत्री भी शामिल थे।

## मक्की वैश्विक...

को ध्वस्त करने के लिए प्रभावशाली माध्यम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय, पुष्टि करने योग्य और अपरिवर्तनीय कार्वाई करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बनाना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि मक्की लश्कर ए तैयबा में इस संगठन के लिए धन जुटाने सहित नेतृत्व की कई भूमिकाओं में शामिल रहा है। बागची ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से खतरा काफी अधिक है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से प्रतिबंध एवं सूचीबद्ध किया जाना, क्षेत्र में ऐसे खतरों एवं आतंकी आधारभूत ढांचे को ध्वस्त करने के लिए प्रभावशाली माध्यम है।

## हमारी और...

और निर्वाचन आयोग एवं न्यायपालिका पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आज आरएसएस और भाजपा द्वारा सभी संस्थाओं को नियंत्रित किया जा रहा है। सभी संस्थाओं पर दबाव हैं। प्रेस दबाव में है, नौकरशाही दबाव में है, निर्वाचन आयोग दबाव में है, वे न्यायपालिक पर भी दबाव डालते हैं। राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, यह एक राजनीतिक दल और दूसरे राजनीतिक दल के बीच की लड़ाई नहीं है। अब यह देश की उन संस्थाओं और विपक्ष के बीच की लड़ाई है, जिस पर उन्होंने (भाजपा ने) कब्जा कर लिया है। इनमें से एक कारक ईवीएम है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में अब सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं गायब हैं।

## पंकज कुमार...

की थी, जिसके बाद सरकार ने खुफिया ब्यूरो, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रमुख, विदेश सचिव, रॉ प्रमुख और केंद्रीय गृह सचिव को कम से कम दो साल का निश्चित कार्यकाल देना शुरू किया।

## पहले वार्ता...

और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा संदेश है कि आइए हम टेबल पर बैठें और कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने के लिए गंभीर और ईमानदार बातचीत करें। पाकिस्तान और भारत पड़ोसी हैं और हमें एक-दूसरे के साथ ही रहना है। उन्होंने कहा कि यह हमारे ऊपर है कि हम शांति से रहें, प्रगति करें या एक-दूसरे से झगड़ने में अपना समय एवं संसाधन बर्बाद करें। भारत के साथ हमारे तीन युद्ध हुए हैं और इन युद्धों ने अधिक दुख, गरीबी और बेरोजगारी ही दी है। हमने इन युद्धों से सबक सीखा है और हम शांति से रहना चाहते हैं, बशर्ते हम अपनी वास्तविक समस्याओं को हल करने में सक्षम हों। हम गरीबी को कम करना चाहते हैं, समृद्धि प्राप्त करना चाहते हैं और अपने लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी सुविधाएं प्रदान करना चाहते हैं। हम बम और गोला-बारूद पर अपने संसाधनों को बर्बाद नहीं करना चाहते हैं। यही वह संदेश है जो मैं प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहता हूं।

## हथियार डीलर...

प्रशस्त हुआ। जिला न्यायाधीश माइकल स्नो ने पिछले साल लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में मामले की सुनवाई की थी और उन्होंने फैसला दिया था कि भंडारी के प्रत्यर्पण पर कोई रोक नहीं है और इस मामले को भारतीय मूल की गृह मंत्री ब्रेवरमैन के पास भेज दिया।

## एनसीईआरटी के...

जिसमें ट्रांसजेंडर समुदाय के छात्र या अन्य लोगों सहित स्कूल काउंसलर और शिक्षकों का प्रतिनिधित्व हो सकता है। स्कूलों में शिकायत पेटी रखने को भी कहा गया है। इन शिकायत पेटियों को ऐसे स्थान पर रखे जाने की सिफारिश की गई है जिससे शिकायतकर्ता की पहचान जाहिर न हो। दिशा निर्देशों में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर समुदाय के छात्रों को मुख्य धारा में अधिक से अधिक शामिल करने के लिए स्कूलों में ट्रांसजेंडर लोगों को कार्यशालाओं में विशेष अतिथिासमिति के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि संबोधन या नाम पुकराने में अभद्र भाषा पूरी तरह से अस्वीकार्य है। एनसीईआरटी के दिशानिर्देश में कक्षा में संबोधन, पाठ्एत्तर गतिविधियों एवं स्कूल की अन्य गतिविधियों में लैंगिक चयन प्रक्रिया को समाप्त करने का सुझाव दिया गया है। इसमें कहा गया हे कि शिक्षक इस बारे में काउंसलर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि छात्रों के साथ किस प्रकार से संवाद किया जाए।

## साठ साल...

का 65.22 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण आबादी में 73.1 लाख की गिरावट आई। कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के जनसंख्या के आंकड़ों पर संभावित प्रभाव पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की गई। संक्रमण का पहला मामला चीन के वुहान शहर में ही सामने आया था। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल अनुमान लगाया था कि 15 नवंबर को दुनिया की आबादी आठ अरब तक पहुंच गई थी और भारत 2023 में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में जल्द चीन की जगह ले लेगा। विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी एक रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि 1950 के बाद पहली बार 2020 में वैश्विक जनसंख्या वृद्धि में एक प्रतिशत की गिरावट आई ।वहीं दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (चीन) 2022 में तीन प्रतिशत बढ़ी, जो पिछले वर्ष के 8.1 प्रतिशत के आधे से भी कम है।

# यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से धर्म नगरी चित्रकूट को मिलेगी नई उड़ान

संवाददाता। चित्रकूट



**चित्रकूटधाम** मण्डल बांदा के आयुक्त आर. पी. सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला एवं जन प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में बिंदीराम होटल के सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की बैठक का आयोजन उद्यमियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस मौके पर मंडलायुक्त आयुक्त आर पी सिंह ने प्रमुख उद्यमियों व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में चित्रकूट जनपद दस्यु प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। संस्कृति विकास की परिकल्पना नहीं थी। दस्युओं के खात्मे से लोगों में आशा एवं उन्मूलन की किरण जागी है। सरकार ने भी चित्रकूट को विकास की कई योजनाओं से जोड़ा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे अभी भरतकूप तक बना है जो अब चित्रकूट मुख्यालय से भी जुड़ेगा। विकास के लिए सबसे पहले सड़क की जरूरत है तमाम सड़कें प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री ने पानी की समस्या को लेकर पूरे बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना लागू करके घर घर जल पहुंचाना सुनिश्चित किया है। प्रदेश में 10 से 12 फरवरी 2023 को बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट समिट का कार्यक्रम होने जा रहा है। उसमें अधिक से अधिक इन्वेस्टर्स को जोड़ने का प्रयास प्रदेश के सभी जनपदों में किया जा रहा है

- **यू0पी ग्लोबल इन्वेस्ट समिट 2022-23 का चित्रकूट में आगाज-डीएम अभिषेक आनंद**
- **आप एक कदम चलो हम सौ कदम चलेंगे - डीएम**
- **योगी सरकार के प्रोत्साहन से उद्यमियों में खुशी की लहर**

उन्होंने कहा कि जनपद चित्रकूट में 128 निवेशकों से 11,488 करोड़ का प्रस्ताव आया है। यह उपलब्धि चित्रकूट ही नहीं बल्कि पूरे मंडल के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। इन्वेस्टरों को हर सुविधा जनपद में मुहैया कराई जाएगी। चित्रकूट में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। निश्चित तौर पर चित्रकूट का विकास होगा, देश दुनिया से जो लोग कटे थे वह जुड़ते नजर आएंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि जनपद में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। यहां से दिल्ली को जोड़ने वाली एक्सप्रेस वे सड़क का भी निर्माण हो चुका है। पहले दिल्ली जाने के लिए मात्र एक ट्रेन का रास्ता था उद्योग को बढ़ावा देने में बुंदेलखंड को एक बेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा सकता है। मंडल में समिट की शुरुआत चित्रकूट से हुई है। यह भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, आप लोगों को अच्छा अवसर मिलेगा उन्होंने जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से कहा कि जो इन्वेस्टर्स के सुझाव आएं तो उनका निस्तारण जरूर कराया जाए। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन दिनांक-10-12 फरवरी के मध्य लखनऊ में प्रस्तावित है। इसी क्रम में जनपद स्तर पर प्राप्त निवेश प्रस्तावों एवं नवीन पॉलिसियों केबारे में जागरूक करने केउद्देश्य से टूरिज्म कन्क्लेव एवं इन्वेस्टर समिट का आयोजन आज किया जा रहा है। जनपद चित्रकूट वर्तमान परिदृश्य में निवेश की आपार संभावनाओं से भरा हुआ है।

# केशव मौर्य के संभावित दौरे की तैयारी में जुटा प्रशासन

- **सीडीओ अमृतपाल कौर ने राजापुर पहुंच लिया चल रही तैयारियों का जायजा**
- **कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग विकास के लिए देंगे डिप्टी सीएम को ज्ञापन**

संवाददाता। राजापुर(चित्रकूट)



**उत्तर** प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के चित्रकूट जिले के राजापुर तहसील अन्तर्गत भभेंट गांव में ग्राम चौपाल व अमृत सरोवर केलोकार्पण कार्यक्रम के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने डेरा डाल दिया है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, आदि अधिकारियों ने तुलसी स्मारक के विशाल प्रांगण में बन रहे हेलीपैड एवं ग्राम पंचायत भभेंट में चौपाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संभावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन व तहसील स्तरीय अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को चाक चौबन्द करने के लिए डेरा डाला हुआ है। मंगलवार को सीडीओ अमृतपाल कौर ने एसडीएम प्रमोद झा, डीसी मनरेगा धर्मवीर सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम विकास ऋषिमुनि उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी, सुशील द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य उमाकांत त्रिपाठी तथा एडीओ पंचायत देवेन्द्र सिंह आदि केसाथ तैयारियों का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य के संभावित दौरे की तैयारी को देखते हुए सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, और ग्राम पंचायत भभेंट में ग्राम चौपाल व तुलसी स्मारक केविशाल प्रांगण में हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया गया है।

# गौशालाओं में प्रतिदिन गोवंशों का करायें स्वास्थ्य परीक्षण: आनंद

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद** केगौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों की समुचित व्यवस्था एवं देखरेख की वास्तविक स्थिति हेतु भौतिक सत्यापन तथा निरीक्षण करने केलिए जनपद भ्रमण पर आये अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव आनन्द कुमार सिंह ने मंगलवार को पांच गौशालाओं का निरीक्षण किया। जिसमें बैजानी, रामपुर थरियांव, सवंत, विक्रमपुर एवं रोशनपुर टेकारी शामिल हैं। सर्वप्रथम बैजानी गौशाला के निरीक्षण में महिला प्रधान रानी उपस्थित मिली। गौशाला में जाली लगवाने हेतु निर्देशित किया, ताकि जंगली जानवर गौशाला में प्रवेश न कर सकें। गोवर्द्धन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन गोबर गैस प्लांट को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। एक अतिरिक्त भूसा शेड बनाने के निर्देश दिए। रामपुर थरियांव गौशाला में



- **विशेष सचिव ने पांच गौशालाओं का निरीक्षण कर जाली लगवाने के दिए निर्देश**

बबूल की लकड़ी काफी मात्रा में एकत्रित पायी गयी। जिसको सुरक्षित रखते हुए अगले वर्ष ठंडी से बचाव हेतु अलाव के रूप में उपयोग करने की हिदायत दी। निर्माणाधीन स्टोर रूम को एक सप्ताह में पूर्ण करने की बात कही। सवंत गौशाला में सभी जानवर शेड के अंदर बंधे मिले।

गोपालकों को निर्देश दिए कि दिन के समय उन्हें खोल दें ताकि शेड के बाहर खुले में धूप ले सकें। स्टाक बोर्ड पर सभी सूचना अंकित मिलीं।

# चारों हत्यारोपियों को भेजा जेल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के ग्राम गुसियारी में एक सप्ताह पूर्व हुई युवक की हत्या केमामले में कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुसियारी निवासी अयूब खान उर्फ लल्लू (26) की हत्या 11 जनवरी की रात हो गयी थी, जिस पर मृतक के पिता द्वारा पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों की तलाश में लगी थी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात खंडेह खंडे व सिजनोडा मार्ग पर नवल किशोर उर्फ नवलू पुत्र सिद्ध गोपाल प्रजापति व राहुल यादव पुत्र प्रेम कुमार निवासीगण खंडेह तथा मनोज वर्मा पुत्र कल्लू व हीरालाल अनुरागी पुत्र चंदन निवासी गांव गुसियारी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया।

# गौशालाओं की व्यवस्थाएं मिली चाक चौबन्द : राजेन्द्र सिंह

संवाददाता। राजापुर( चित्रकूट)

**उत्तर** प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव ने राजापुर तहसील के कई ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें गौवंश आश्रय स्थलों में साफ सफाई, भूसा, चारा तथा कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए आश्रय स्थल में सुरक्षा का भी जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम राजापुर, एसडीएम मानिकपुर औचक निरीक्षण के वक्त मौजूद रहे।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाकर हर जिले में सके नोडल अधिकारी नियुक्त किए है, जो गौवंशों के आश्रालय, चारा भूसा, दाना पानी की व्यवस्थाओं को देखकर शासन को अपनी रिपोर्ट के माध्यम से अवगत कराने के लिए जनपद चित्रकूट के नोडल अधिकारी के रूप में विशेष सचिव कृषि राजेंद्र सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत चिल्ली राकस एवं बेराऊर



- **विशेष सचिव कृषि द्वारा गौशालाओं का औचक निरीक्षण**

बांगर की गौशालाओं का औचक निरीक्षण करते हुए बताया कि जनपद चित्रकूट में लगभग चार दिनों से भ्रमणशील हूं। किसी भी रास्ते में एक भी गौवंश अन्ना नजर नहीं आया और चिल्ली राकस, बेराऊर बांगर के गौशालाओं के औचक निरीक्षण के बाद बताया कि भूसा भण्डारण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें भूसा, पुआल तथा हरा चारा पाया गया। इसी प्रकार मानिकपुर तहसील के अगरहुंड़ा, कर्वी तहसील के बनकट के गौशालाओं का भी निरीक्षण किया गया, जहां संतोषजनक पाया गया। गौवंशों में होने वाली बीमारी लम्पी वायरस से ग्रस्त कोई भी गौवंश नहीं पाया गया। प्रत्येक माह पशु चिकित्साधिकारी द्वारा टीकाकरण भी कराए जाने की बात कही है तथा राजापुर तहसील के भ्रमण के दौरान गौशालाओं की स्थिति सरकार के मंशानुरूप चल रही है। औचक निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, उपजिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा तथा सम्बन्धित ग्रामों के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्नातक क्षेत्र एमएलसी सीट पर त्रिकोणीय हुआ मुकाबला

- **नामांकन वापस नहीं लेने से राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की राहें हुईं मुश्किल**

संवाददाता। उरई (जालौन)

**प्रयागराज-झांसी** स्नातक एमएलसी सीट पर चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय होता जा रहा है। इस सीट पर भाजपा ने बाबूलाल तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। जबकि समाजवादी पार्टी ने एसपी पटेल को बतौर प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। निर्दलीय प्रत्याशियों में सुरेश त्रिपाठी (तत्कालीन एमएलसी) व अशोक राठौर की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। पिछले चुनाव में सुरेश त्रिपाठी जब एमएलसी निर्वाचित हुये थे उस चुनाव में अशोक राठौर करीबी मामले में दूसरे नंबर पर रहे थे। अशोक राठौर माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं जो लगातार वित्तविहीन शिक्षकों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। अनेक अवसरों पर अशोक राठौर ने शासन तक भी वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाये जाने की मांग भी जोरशोर से उठाने में कोई संकोच नहीं किया। वहीं सुरेश त्रिपाठी प्रयागराज से आते हैं और वह भी वित्तविहीन शिक्षकों की लड़ाई लंबे समय से लड़ते आ रहे है।

अब ऐसी स्थिति में वित्तविहीन शिक्षक किस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे यह तो समय ही बतायेगा लेकिन इतना तय है कि अशोक राठौर ने जिस तरह से निर्दलीय प्रत्याशी बनकर एमएलसी चुनाव में ताल ठोंक दी है उससे पूरे चुनाव का परिदृश्य ही बदल गया है। ज्यादातर मतदाता अब चुनाव के त्रिकोणीय होने की संभावना जताने लगे हैं।

### समर्थक बोले अशोक राठौर पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव

**उरई।** एमएलसी के निर्दलीय प्रत्याशी अशोक राठौर के समर्थकों का कहना है कि मजबूती की वजह से उन पर नामांकन वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा था इसीलिए वो भूमिगत हो गए हैं। नामांकन के बाद से ही अशोक राठौर भूमिगत हो गए हैं। नाम न बताने की शर्त पर उनके समर्थक ने आरोप लगाया है कि सत्ता के दवाब की वजह से लगातार परेशान किया जा रहा है। सगे संबंधियों को भी पता नहीं है कि अशोक राठौर कहां हैं। जब संवाददाता ने भी उनसे बात करने का प्रयास किया तो उनका फोन स्विच ऑफ मिला। समर्थकों का कहना है कि अशोक राठौर पूरी ताकत से एमएलसी चुनाव लड़ेंगे और समर्थक शिक्षकों के सहयोग से जीत भी दर्ज कराने में सफल होंगे।

### भाजपा की एंट्री बिगाड़ सकती है सुरेश त्रिपाठी का खेल


**उरई।** इस चुनाव में अभी तक राजनीतिक पार्टियां चुनाव नहीं लड़ती थी इस वजह से संघ समर्थित शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग सुरेश त्रिपाठी को वोट करता था। लेकिन इस बार भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के मैदान में होने की वजह से उन शिक्षकों के पास अपना प्रत्याशी है और इस बार बाबूलाल तिवारी की दावेदारी मजबूत बताई जा रही है। भाजपा जनप्रतिनिधि और नेताओं ने अपनी ताकत को चुनावी मैदान में झोंकना शुरू कर दिया है।

### प्रयागराज के 50 फीसदी वोटों पर टिका पूरा चुनाव

**उरई।** प्रयागराज क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते है सुरेश त्रिपाठी और खास बात यह है कि कुल बने वोटों के लगभग 50 फीसदी वोट प्रयागराज जनपद से ही हैं, पर सुरेश त्रिपाठी उनमें से कितने वोट अपने पक्ष में ले जाते हैं, उनका पूरा चुनाव इसी पर टिका है।

# नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**नोडल** अधिकारी ने आज ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथु, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण प्रातः 11. 00 बजे किया गया। गौशाला में निरीक्षण के समय 618 गौवंश पाये गए। जिनमें से 603 गौवंश की ईयर टैगिंग पायी गयी। ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि 700 गौवंश को रखने की क्षमता है। कुछ गौवंश पशुधन सहभागिता के अंतर्गत दिये गए हैं।

गौशाला में पानी पिलाने के लिए 8 चरही हैं। गोबर से लट्ठे बनाने की मशीन देखी गई। चारे की सिंचाई हेतु ट्यूबवेल लगा पाया गया तथा समरसेबल के माध्यम से पशुओं को पेयजल पिलाया जाता है। गौशाला में 11 गौपालक हैं जो गौवंश की देख रेख करते हैं। पशुचिकित्सा अधिकारी से गौवंश के स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी करने पर बताया गया की प्रत्येक दिन स्वस्थ्य का परीक्षण किया जाता है, जिन गौवंश का स्वास्थ्य खराब होता है उनके तापमान की जांच की जाती है तथा उन्हें दवाई दी जाती है।

गौवंश की दवाओं के सम्बंध में पूछने पर पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि गौशाला में दवा नहीं रखी है। जब वह गौशाला में आते हैं तब दवाई साथ में लाते हैं। पशुचिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। गौशाला में ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल लगाये गए हैं तथा अलाव जलाया जाता है। गौशाला में भूसा व दाना पर्याप्त मात्रा में पाया गया।

# एसपी ने पैदल गश्त करके लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर

**पुलिस** अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने मंगलवार को स्थानीय पुलिस चौकी में निर्मित कार्यालय और बैरक का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान कस्बे की मेनरोड पर गश्त करके व्यापारियों से दुकानों में सीसीटीवी कैमरे व्यवस्थित कराने की अपील की।



कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति स्थानीय पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर नवनिर्मित पुलिस चौकी के कार्यालय भवन, पुलिस कर्मचारियों के बैरक का निरीक्षण किया। बाद में पुलिस चौकी में लगे लाउडस्पीकर की जांच की। लाउडस्पीकर चालू हालत में मिला। वहीं पुलिसकर्मियों के बने बैरक देखकर संतोष जताया। निरीक्षण के बाद मेनरोड पर गश्त करके व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी देखे। व्यापारियों एवं दुकानदारों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और सभी से अपील की कि अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे व्यवस्थित कराएं। बताया कि थोड़ा खर्च करके बड़ी अनहोनी को बचाया जा सकता है। इससे चोरी जैसी वारदातों पर लगाम लगाने में आसानी होगी। गश्त के दौरान उन्होंने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में व्यवस्थित कैमरों की जांच भी की। खासकर सर्राफा बाजार के सभी दुकानदारों से कहा कि वह अपने प्रतिष्ठानों में कैमरे अवश्य लगाएं। सड़क पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। पुलिस चौकी के पास से निकल रहे एक गरीब से पुलिस की कारगुजारी का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा से संबंधित जानकारियां ली। उन्हें चौकी पर कार चालक एवं एक होमगार्ड हाजिर मिला। भोगनीपुर कोतवाल अजीत पाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त की। व्यापारियों को सर्दी के मौसम में सुरक्षा का भी भरोसा दिलाया।

# फेरी लगाने वाले मजदूर की ठंड से मौत

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली के परा गांव से साईकिल से कबाड़ की फेरी लगाकर लौट रहे मजदूर की सर्दी लगने से मौत हो गई। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

राठ कस्वा निवासी गोविंददास(58) गांवों में जाकर साइकिल से कबाड़ की फेरी लगाते थे। जिससे परिवार का भरण पोषण होता था। मंगलवार की सुबह उसके पिता परा में साइकिल से कबाड़ की फेरी लगाने गए थे। शाम करीब चार बजे उसके पिता साइकिल से वापस घर आ रहे थे। तभी जगतराम महाविद्यालय के पास सर्दी लगने से वह साइकिल से गिर गए। मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र जयहिंद, महेश छोड़ गया है।

# संजय साहू को गिरफ्तार करना तो दूर मामले की लीपापोती में जुटी पुलिस

**हमीरपुर।** कस्वा राठ से दो माह पहले अवैध गुटखा बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद फैक्ट्री संचालक अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। राठ पुलिस इस मामले में लीपापोती करने में जुटी है। पिछले 12 नवम्बर को राठ पुलिस ने राठ कस्बे के गुलाबनगर में संजय साहू के मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में तंबाकू युक्त गुटखा व कई मशीनें पकड़ी थीं, और मौके से मजदूर सतेंद्र साहू व देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। मौके से फैक्ट्री संचालक संजय साहू भाग निकला था पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामला प्रशासनिक अमले में चर्चा का विषय बना हुआ था मगर दो माह व्यतीत हो जाने के बाद संजय साहू को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी है।

# बहन व दो मासूम बेटियों की हत्या करने वाला निकला सगा भाई

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले के कुरारा क्षेत्र में छह दिन पहले मां व उसकी दो मासूम बेटियों की हत्या कर जला देने के मामले का खुलासा पुलिस ने आज कर दिया है। शराब के पैसे न देने पर मृतका के सगे भाई ने सिलबट्टा से कुचलकर बहन व दोनों भांजियों की हत्या कर लाशों को आग लगाकर जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने आज बताया कि क्षेत्र के जल्ला गांव में राजू पाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था गांव में उसकी पत्नी अनीता (28) व उसकी पुत्री मोहिनी (6) व रोहिणी (3) उसके पिता के साथ रहती थीं। ग्यारह जनवरी देर रात अनीता का भाई रामप्रकाश निवासी ग्राम भवानीपुर जनपद बांदा जो शराब पीने का आदी थी घटना के एक सप्ताह पहले बहन के यहां आया था। घटना के दिन रात में उसने शराब पीने के पैसे अपनी बहन अनीता से मांगे उसने पैसे देने से इंकार कर दिया तभी नाराज होकर भाई रामप्रकाश ने सबसे पहले अनीता को सिलबट्टे से कुचल कर हत्या कर दी इसके बाद उसके दोनों बेटियों को कुचल दिया और चारपाई में लिटा कर आग लगा दी और बाहर से कमरे में ताला लगाकर भाग निकला। हालांकि आग से चारपाई व आवास का कुछ



भाग जला था जिससे पुलिस को संदिग्ध मौत प्रतीत हो रही थी और तबसे मृतका के भाई रामप्रकाश को पुलिस खोजबीन मे लगी थी। कल रामप्रकाश को बादा कस्बे से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, और कड़ाई से पूछताछ करने पर रामप्रकाश ने अपना जुल्म कबूल कर लिया। पुलिस ने सिलब्ट्टा भी बरामद कर लिया है। अभियुक्त रामप्रकाश को जेल भेज दिया है। हालाकि मृतका का ससुर ब्रम्हादीन शुरु से ही हत्या का मामला पुलिस के सामने चीख चीख कर कहता रहा है मगर पुलिस उस पर पर्दा डालती रही मगर जब मृतका के भाई ने अपना जुल्म कबूल किया तो पुलिस भौचक्की रह गयी।

### पुलिस हत्या में पर्दा डालने का करती रही प्रयास

**हमीरपुर।** पुलिस इस मामले में एक सप्ताह तक पर्दा डालने का प्रयास करती रही, पुलिस ने हमेशा दावा किया कि आगजनी से ही घटना घटी है, जब कि आग से जलकर मरने की कोई स्थिति नहीं समझ में आ रही थी। जब कि मृतका का ससुर बराबर हत्या करने व इसमें मृतका के भाई के शामिल रहने का आरोप लगाता रहा था मगर उसके दावे को समस्त पुलिस महकमा झूठा साबित करता रहा।

मगर आज हकीकत पुलिस के सामने आ गयी जिसे उसे भय था। बताया जाता है कि हत्यारोपी के गिरफ्तार होने के बाद भी उसके चेहरे पर कोई शिकन नही थी।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने ट्यूबवेल में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे चाचा को देखकर आरोपी धमकी देकर मौके से भाग निकला। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। पिता ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर वह खेत में थे, पत्नी रिश्तेदारी में गई थी। घर पर नाबालिग बेटी अकेली थी। वह मवेशियों को चराने के लिए खेतों की ओर जा रही थी। तभी रास्ते में मिले गांव के ही अतुल ने बेटी को अकेला पाकर दबोच लिया और खेत में स्थित ट्यूबवेल में खींच ले गया, जहां आरोपी ने बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बेटी की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे चाचा को देखकर आरोपी जान की धमकी देकर भाग निकला। बदहवास हालत में घर लौटी बेटी ने आप बीती सुनाई। इसके बाद पीड़ित पिता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टता मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नाबालिग को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अन्तिम संस्कार से लौट रहे पूर्व प्रधान की हादसे में मौत साथी घायल

**घाटमपुर।** सोमवार देर रात साढ़-सरसौल रोड पर गांव अमौर के सामने एक हादसे में दौलतपुर नर्वल गांव के पूर्व प्रधान सोहनलाल पाल की मौत हो गयी तथा साथी गंम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पूर्व प्रधान सोहनलाल पाल किसी के दाह संस्कार में शामिल होने गंगा घाट गये थे। देर शांम वापसी दौरान जैसे ही अमौर गांव के सामने बने गेट के पास पंहुचे कि तभी सामने से आई वाइक से सीधी टक्कर हो गयी। हादसे के बाद पहुंचे परिजनों ने एक कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने घर जाने को कहा। साढ़ थाना क्षेत्र में ही मंगलवार सुबह सतरौली मोढ़ पर वाइकों की सीधी टक्कर में एक ब्यक्ति की मौत हो गयी जबकि सिरोह निवासी प्रदीप (18) पुत्र राकेश व सुमित कुमार (17) पुत्र परसुराम घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जनता में चारा काटने खेत गई 18 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जनता गांव निवासी सेवक रैदास की पुत्री तारावती खेत चारा काटने गई थी। तभी संदिग्ध अवस्था में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बीत जाने पर जब वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खेत पहुंचने पर देखा कि तारावती का शव पेड़ पर लटका था। जिससे कोहराम मच गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चाचा राज बहादुर ने दी है।

### चिकित्साधिकारी ने एमएमयू को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**फतेहपुर।** हंस फाउंडेशन के द्वारा जनपद फतेहपुर के छह विकास खंडों तेलियानी, मलवा, भिटौरा, हस्वा, असोथर, बहुआ के चयनित ग्राम पंचायतों में प्राथमिक स्वास्थ्य हेतु चिकित्सक, एनम, एलटी सहित दवाओं की उपलब्धता वाली एमएमयू में एंबुलेंस मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करने के साथ ही शिक्षा एवम ग्राम स्तर पर आजीविका मुद्दे पर काम करने, स्वास्थ्य सेवाओं में उनके द्वारा और समय-समय परामर्श एवं चिकित्सीय सुविधाएं देने के लिये आज मलवा विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण द्विवेदी द्वारा फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आदित्य कुमार की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर एमएमयू को रवाना किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरव चिकित्सा अधिकारी एमएमयू, शिवानी सिंह एएनएम एवं चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक अजय सिंह चौहान उपस्थित रहे।

### दो के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**उरई (जालौन)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि जीतेंद्र कुमार राजपूत पुत्र विनोद कुमार राजपूत निवासी चिरगांव जनपद झांसी व विशाल पुत्र मुक्ति निवासी सुल्तानपुर थाना चिरगांव जनपद झांसी ने मिलकर उसकी बेटी जिसकी उम्र 22 वर्ष का रास्ते में जाते समय हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों युवक उसको फोटो व वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया। तो दोनों युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस पर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### पांच पर एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज

**उरई (जालौन)।** माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बंगरा निवासी नीरज कुमार पुत्र छुन्नीलाल ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि बृजभान सिंह गुर्जर पुत्र मंगल सिंह निवासी बांगरा थाना माधोगढ़ और चार अन्य लोगों ने मिलकर उसकी दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट व गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त आरोपियों ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### चार वर्षीय बच्ची को पाकर माता-पिता के चेहरे खिले

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर जारी आपरेशन मुस्कान के क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने रोडवेज बस में मिली चार वर्षीय बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची से मिलकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। मंगलवार को दोपहर 12 बजे रोडवेज बस यूपी 70बीटी- 8216 प्रयागराज से बांदा जा रही थी। परिचालक आनन्द कुमार पाण्डेय व चालक अश्वनी कुमार 20-25 महिला-पुरुष सवारियों के साथ थाने आकर चार वर्षीय बच्ची को सुपुर्द करते हुए बताया कि ये बच्ची लालतारोड या मऊ से बस में चढ़ी है। बस के अन्दर बच्ची के रोने की जानकारी पर कोई परिजन मौजूद नहीं थे। परिचालक की सूचना पर तत्काल वरिष्ठ दरोगा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय सक्रिय हो गये। उन्होंने आसपास के गांव के प्रधानों व अन्य लोगों से सम्पर्क कर बच्ची के माता-पिता की तलाश की तो पता चला कि लालतारोड मऊ के रहने वाले हैं। उन्हें फोन से सूचना देकर बुलवाकर बच्ची अनमोल शुक्ला पुत्री शिवगोविन्द शुक्ला के पहचान करने पर माता-पिता के सुपुर्द किया। परिजनों ने बताया कि सड़क किनारे घर होने से गलती से बस में बच्ची चढ़ गई थी। परिजनों ने रैपुरा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर वरिष्ठ दरोगा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही नन्दलाल व महिला सिपाही दीक्षा मौजूद रही।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बे में मानसिक तनाव के चलते लगभग 38 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बा निवासी गंगा सागर के पुत्र अशोक कुमार पाल पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में था। देर रात उसने उस वक्त घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो अशोक का शव फंदे से लटका देख कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# विमान हादसा : शव देखकर फफक पड़े परिजन

## द्य मृतक संख्या 71 हुई, सौंपे जा रहे हैं शव

भाषा। काठमांडू,

**नेपाल में यति** एयरलाइंस विमान हादसे में मारे गए एक और यात्री का शव मिलने के बाद मंगलवार को कुल मृतक संख्या बढ़ कर 71 हो गई है और अधिकारियों ने परिजनों को शवों को सौंपना शुरू कर दिया है।

यति एयरलाइंस का एटीआर-72 विमान रविवार को रिजार्ट शहर पोखरा के नवनिर्मित हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान नदी तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें चालक दल के चार सदस्यों और पांच भारतीयों समेत 72 लोग सवार थे। इनमें से 70 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है और अन्य दो की तलाश जारी है। नेपाल सेना के सूत्रों के मुताबिक, दो और लोग अभी भी लापता हैं और तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों ने बताया कि सोमवार रात पोखरा घाटी में सेती नदी की खाई में दुर्घटना स्थल से एक और शव बरामद होने के बाद मृतकों की कुल संख्या 70 हो गई है। यति एयरलाइंस के विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से रविवार को सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर उड़ान भरी थी और उतरने से कुछ मिनट पहले पोखरा में पुराने हवाईअड्डे और नए हवाईअड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 53 नेपाली यात्री और पांच भारतीयों सहित 15 विदेशी नागरिक और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। बताया जाता है कि सभी पांच भारतीय उत्तर प्रदेश के थे और उनकी पहचान अभिषेक कुशवाहा (25), विशाल शर्मा (22), अनिल कुमार राजभर (27), सोनू जायसवाल (35) और संजय जायसवाल के रूप में हुई है। यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला के मुताबिक, 70 शवों में से 22 शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा जा रहा है। नेपाल सेना के सूत्रों के अनुसार, चालक दल के सदस्यों और विदेशी नागरिकों सहित शेष 48 शवों में से 25 को पहले ही नेपाल सेना के हेलीकॉप्टर से काठमांडू लाया जा चुका है और त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अन्य 23 शवों को जल्द ही हेलीकॉप्टर से काठमांडू ला कर त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल भेजा जाएगा। विदेशी नागरिकों के शव परिवार के सदस्यों या संबंधित राजनयिक मिशनों को सौंपे जाएंगे। दुर्घटना में मारे गए उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के चार लोगों के शव लेने के लिए उनके परिवार के सदस्य काठमांडू पहुंच गए हैं। विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर दोनों को बरामद कर लिया गया है। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) कॉकपिट में रेडियो प्रसारण और अन्य ध्वनियां, जैसे पायलटों के बीच बातचीत, और इंजन का शोर आदि रिकॉर्ड करता है। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) 80 से अधिक विभिन्न प्रकार की जानकारी जैसे गति, ऊंचाई और दिशा, साथ ही पायलट की गतिविधियों और महत्वपूर्ण प्रणालियों के प्रदर्शन को रिकॉर्ड करता है। सीवीआर और एफडीआर दोनों को नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) को सौंप दिया गया।



पोखरा विमान हादसे के मृतकों को दीप जलाकर याद किया गया

# यमन के विद्रोहियों, सऊदी अरब ने संघर्ष विराम कायम रखने के लिए वार्ता शुरू की

भाषा। काहिरा

**यमन में लड़ाई** में नौ महीने से अधिक समय तक तक विराम के बीच, सऊदी अरब और उसके विरोधी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अनौपचारिक संघर्ष विराम को मजबूत करने की उम्मीद से पिछले दरवाजे से वार्ता फिर से शुरू कर दी है यह संघर्ष विराम नाजुक है। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में हुए संघर्ष विराम के अक्टूबर में खत्म होने के बाद से कोई औपचारिक संघर्ष विराम नहीं हुआ है। युद्ध के आठ साल बाद सभी पक्ष समाधान खोजते नजर आ रहे हैं। इस युद्ध में 1,50,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और अरब का सबसे गरीब देश यमन भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है तथा दुनिया के सबसे भयावह मानवीय संकट से जूझ रहा है। सऊदी अरब ने सितंबर में हूती विद्रोहियों के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू की थी। तब तक यह साफ हो गया था कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले संघर्ष विराम समझौते का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। ओमान इसमें मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। गोपनीयता की शर्त पर कहा, अगर वे अच्छी सोच और पूरे विश्वास के साथ बातचीत करते हैं और वार्ता में अधिकारियों जैसे अन्य यमनी तत्व भी शामिल होते हैं, तो यह युद्ध खत्म करने का अवसर है। सऊदी अरब के एक कूटनीतिज्ञ ने कहा कि उनके देश ने चीन तथा रूस से तनाव न बढ़ने देने के लिए ईरान तथा हूती पर दबाव बनाने को कहा है। हूती तथा ओमान वार्ता पर ईरान को नियमित रूप से जानकारी देते हैं। ईरान ने अभी तक अघोषित संघर्ष विराम का समर्थन किया है। यमन में युद्ध तब शुरू हुआ जब हूती विद्रोहियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया इसके बाद देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के पदाधिकारी पहले दक्षिण की ओर गए और फिर उन्हें सऊदी अरब में निर्वासन के लिए मजबूर होना पड़ा।

**● युद्ध में 1,50,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है**

## ऑस्ट्रेलिया में एक और हिन्दू मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया : खबर

भाषा। मेलबर्न

**खालिस्तान** समर्थकों ने ऑस्ट्रेलिया में एक हिन्दू मंदिर पर भारत-विरोधी बातें लिखकर कथित रूप से उसे नुकसान पहुंचाया है। मंगलवार को मीडिया में प्रकाशित खबरों से यह जानकारी मिली है। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में एक सप्ताह के भीतर हिन्दू मंदिर को क्षति पहुंचाने की यह दूसरी घटना है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे वेबसाइट की खबर के अनुसार, विक्टोरिया के कैरम डॉन्स में स्थित ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु मंदिर को सोमवार को नुकसान पहुंचाया गया। मंदिर को क्षति पहुंचाए जाने की यह बात उस वक्त सामने आई, जब तमिल हिंदू समुदाय के तीन दिन लंबे त्योहार थाई पोंगल पर दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्री शिव विष्णु मंदिर में वर्षों से पूजा कर रहीं उषा सेंथिलनाथन ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में तमिल अल्पसंख्यक समूह हैं, हममें से ज्यादातर लोग धार्मिक आधार पर निशाना बनाए जाने से बचने के लिए यहां आए। उन्होंने कहा, यह मेरे पूजा करने की जगह है और मुझे यह स्वीकार्य नहीं है कि ए खालिस्तान समर्थक बिना किसी डर के अपने नफरती संदेशों से इसे नुकसान पहुंचाएं। मैं प्रीमियर डान एंड्रयूज और विक्टोरिया पुलिस से इन गुंडों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का अनुरोध करती हूं।

## भारत से महिला शांतिरक्षकों के अबेई पहुंचने पर खुशः संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक मामलों के प्रमुख ने सोमवार को अबेई में भारत की महिला शांतिरक्षकों की सबसे बड़ी टुकड़ी की तैनाती का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सैनिकों का मतलब कुशल संचालन है। शांति संचालन के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव जीन-पियरे लैक्रोइक्स ने ट्वीट में किया, भारत से महिला शांतिरक्षकों की सबसे बड़ी टुकड़ी को अबेई में देखकर खुशी हुई। अधिक महिला शांतिरक्षकों का अर्थ है अधिक कुशल संचालन। हम जिनकी सेवा करते हैं वे उन्हें बेहतर तरीके से प्रतिबिंबित करने में मदद करेंगी। महिला शांतिरक्षकों की सबसे बड़ी टुकड़ी भारत से शनिवार को अबेई पहुंची। इन्हें संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएसएफए) के साथ तैनात किया जाएगा। अबेई दक्षिण सूडान और सूडान की सीमा पर विवादित क्षेत्र है और इसे विशेष प्रशासनिक दर्जा दिया गया है। मिशन ने सोमवार को ट्वीट किया था, यूएनआईएसएफए, भारत से हाल के वर्षों में शांतिरक्षकों की एकमात्र सबसे बड़ी महिला टुकड़ी की तैनाती का स्वागत करने के लिए उत्साहित है। वे अबेई में यूएनआईएसएफए के सेवारत भारतीय बटालियन में शामिल होंगी। यह तैनाती यूएनआईएसएफए को लेकर भारत की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। महिला शांतिरक्षाकों की इस टुकड़ी में दो अधिकारी और अन्य रैंक की 25 अधिकारी शामिल हैं। यह दल एक वर्ष तक अपने समकक्षों के साथ अबेई में स्थाई शांति स्थापित करने के लिए काम करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया में हुए कार हादसे में भारतीय छात्र की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुए कार हादसे में 21 वर्षीय एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है। मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई। मीडिया के मुताबिक मारा गया छात्र कुणाल चोपड़ा मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर जिले का रहने वाला था और छात्र वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहा था। ऑस्ट्रेलिया में बहु संस्कृति और बहु भाषी प्रसारक एसबीएस पंजाबी की खबर के मुताबिक हादसा पिछले सप्ताह कैनबरा के विलियम होवेल ड्राइव पर स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे उस समय हुआ जब चोपड़ा काम से लौट रहा था। एसबीएस पंजाबी के मुताबिक चोपड़ा की कार कंक्रीट पम्पिंग ट्रक से टकरा गई थी। शुरुआती जांच के मुताबिक चोपड़ा की कार गलत दिशा में चली गई थी जिसकी वजह से वह कैनबरा आ रहे ट्रक से टकरा गई। खबर के अनुसार चोपड़ा को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। कैनबरा में इस साल(2023) में यह पहला जानलेवा सड़क हादसा है। ट्रैविस मिल्स की रोड पुलिसिंग के कार्यवाहक निरीक्षक ने बताया कि सड़क हादसा जांच टीम चोपड़ा के साथ हुए हादसे की जांच कर रही है।

## अफगानिस्तान की पूर्व सांसद की हत्या की कई देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने निंदा की

**काबुल।** अफगानिस्तान की एक पूर्व सांसद की हत्या की संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका समेत कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं देशों ने सोमवार को निंदा की। पूर्व सांसद मुरसल नबीजादा और उनके अंगरक्षक की अज्ञात हमलावरों ने काबुल स्थित उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। नबीजादा उन कुछ महिला सांसदों में से थीं जो अगस्त, 2021 में सत्ता पर तालिबान का कब्जा होने के बाद भी काबुल में रह रही थीं। देश की सत्ता पर तालिबान के फिर से काबिज होने के बाद यह पहली बार है।

## नेपाली पीएम ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया, 15 नए मंत्रियों ने ली शपथ

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने मंगलवार को पहली बार 15 नए मंत्रियों को शामिल कर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। नए मंत्रियों में तीन कनिष्ठ मंत्री भी शामिल हैं। सीपीएन-माओवादी केंद्र के नेता प्रचंड (68) ने पिछले साल 25 दिसंबर को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। सीपीएन (माओवादी केंद्र), सीपीएन-एमाले, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी समेत सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री प्रचंड से यहां सोमवार को उनके आवास पर मुलाकात की और सत्ता में साझेदारी समझौते को अंतिम रूप दिया। सीपीएम (एमाले) नेता बिमला राय पौडेल को विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि उनकी ही पार्टी से हरि उप्रेती को भी देश का रक्षा मंत्री बनाया गया है। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के आवास पर एक समारोह में नवनियुक्त मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## बोरिस पिस्टोरियस को रक्षा मंत्री नियुक्त करेंगे जर्मन चांसलर

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज क्रिस्टीन लैम्ब्रेक्ट के इस्तीफे के बाद बोरिस पिस्टोरियस को नए रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त करेंगे। डीपीए समाचार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री पद के लिए नामित पिस्टोरियस, शॉल्ज की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं, और 2013 से लोअर सैक्सनी राज्य के गृह मंत्री हैं। पिस्टोरियस (62) को जर्मनी की सेना के आधुनिकीकरण की परियोजना को आगे बढ़ाना होगा और यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति योजना की देखरेख करनी होगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इस सप्ताह बर्लिन का दौरा करने वाले हैं और फिर पश्चिमी जर्मनी में रामस्टीन एयर बेस में सहयोगियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। दिसंबर 2021 में शॉल्ज के चांसलर बनने के बाद से लैम्ब्रेक्ट रक्षा मंत्री थीं। लंबे समय से आलोचक कह रहे थे कि वह अपनी भूमिका को सही से नहीं निभा रहीं।

## चीन की आर्थिक विकास दर तीन प्रतिशत तक गिरी

**बीजिंग।** चीन में पिछले साल कोरोना वायरस से निपटने के लिए लगाई गईं पाबंदियों, रियल एस्टेट मंदी के कारण आर्थिक विकास दर तीन प्रतिशत तक गिर गई। हालांकि पाबंदियां हटाने के बाद से धीरे-धीरे इसमें सुधार हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि एक साल में 2.9 प्रतिशत तक गिरी। विशेषज्ञों का कहना है कि पाबंदियां हटने के बाद से धीरे-धीरे शॉपिंग मॉल और रेस्तरां में लोगों की मौजूदगी बढ़ रही है। वहीं सरकार के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि संक्रमण की मौजूदा लहर गुजर चुकी है। गौरतलब है कि पिछले साल की आर्थिक विकास दर 2021 की 8.1 प्रतिशत से आधे से भी कम थी।

# रूसी हमले में पांच बच्चों सहित 44 लोगों की मौत


रुस के रक्षामंत्री सेना के अधिकारियों से बात करते हुए

भाषा। कीव

**दक्षिण-पूर्वी** यूक्रेन के एक आवासीय भवन पर रूस द्वारा सप्ताहांत में किए गए मिसाइल हमले में पांच बच्चों सहित कुल 44 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मलबे से आज और एक बच्चे का शव मिला है। निप्रो शहर में हुआ यह हमला एक जगह पर एकत्र असैन्य नागरिकों की संख्या के आधार पर अभी तक का सबसे भयावह हमला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उपप्रमुख किरिलो तिमोशेंको ने बताया कि शनिवार को हुए हमले में पांच बच्चों सहित 44 लोग मारे गए जबकि 79 लोग घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि इस बहुमंजिला इमारत में करीब 1,700 लोग निवास करते थे और मृतकों की अंतिम संख्या में हमले के बाद लापता दो दर्जन लोगों को भी शामिल किया गया है। निप्रो सिटी काउंसिल ने बताया कि आपात बलों ने लगातार जारी राहत एवं बचाव कार्य के दौरान करीब नौ मीट्रिक टन मलबा हटाया है। उसने बताया कि करीब 400 लोगों ने अपना घर खो दिया है। हमले में 72 अपार्टमेंट पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं जबकि 236 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है।

## संबंधों में खटास के बीच अमेरिका रवाना हुए तुर्किए के शीर्ष राजनयिक

**अंकारा।** तुर्किए के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लु मंगलवार को अमेरिका रवाना हुए और उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों के बीच असहमतियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी। इस यात्रा के दौरान कावुसोग्लु अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। तुर्किए के किसी शीर्ष अधिकारी का अमेरिका की यात्रा करना सामान्य बात नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के निरंकुश होते शासन और अधिकारों एवं स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने वाली उनकी नीतियों के कारण तुर्किए से दूरी बनाई हुई है। तुर्किए अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। तुर्किए सरकार ने पिछले साल रूस और यूक्रेन के बीच अहम समझौता कराने में मदद की थी, जिसकी वजह से युद्ध के बीच लाखों टन यूक्रेनी अनाज वैश्विक बाजार तक पहुंच पाया और खाद्य संकट टल गया। तुर्किए और अमेरिका के बीच कई मामलों पर विवाद की स्थिति है। उनके बीच सबसे बड़ा विवाद तुर्किए के रूस निर्मित मिसाइल खरीदने और सीरिया में कुर्द मिलिशिया को मिलने वाला अमेरिकी समर्थन है। तुर्किए पर 2017 में रूस एस-400 वायु रक्षा प्रणाली खरीदने के कारण प्रतिबंध लगे और उसे अगली पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू विमान के विकास कार्यक्रम से हटा दिया।

# मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे पर आयोजित कार्यक्रम में गोलीबारी, आठ लोग घायल

भाषा। फोर्ट पीअर्स (अमेरिका)

**अमेरिका के फ्लोरिडा** में मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में हुई गोलीबारी में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। डब्ल्यूपीबीएफ-टीवी की खबर के अनुसार, सेंट लूसी काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सभी घायलों के वयस्क होने की पुष्टि की है। इलौस एलिस पार्क में आयोजित मार्टिन लूथर किंग कार शो एंड फैमिली फन डे के दौरान शाम पांच बजकर 20 मिनट पर गोलीबारी हुई। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोग पहुंचे थे। सेंट लूसी काउंटी के उप प्रमुख ब्रायन हेस्टर ने कहा, कई लोग घायल हुए हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई थी, दुर्भाग्य से मामला सुलझाने के लिए उन्होंने बंदूकों का सहारा लिया। इस बीच, पुलिस ने बताया कि घायलों में एक बच्चे समेत चार लोगों की हालत नाजुक है।




# पाक निर्वाचन आयोग ने वित्तीय ब्योरा जमा नहीं कराने पर 271 सांसदों, विधायकों को निलंबित किया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के शीर्ष चुनाव निकाय ने अपनी पूंजी और देनदारी का लेखा-जोखा जमा नहीं कराने पर देश भर के 271 सांसदों एवं विधायकों की सदस्यता निलंबित कर दी है। वित्तीय विवरण हर साल 31 दिसंबर तक दाखिल करते होते हैं और पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने सांसदों एवं विधायकों को 30 जून 2022 तक का अपना वित्तीय लेखा-जोखा 16 जनवरी, 2023 तक जमा कराने का निर्देश दिया था। उन्हें चेतावनी दी गई थी कि वित्तीय विवरण उपलब्ध नहीं करने वालों की सदस्यता निलंबित कर दी जाएगी। नेशनल असेंबली के 136 सदस्यों, 21 सीनेटर और प्रांतीय असेंबली के 114 सदस्यों को निलंबित किया गया है। पिछले साल नेशनल असेंबली के 35 सदस्यों और तीन सीनेटरों ने 16 जनवरी की समय सीमा तक वित्तीय विवरण दाखिल नहीं किया था, जबकि इस साल तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं के इस्तीफा देने के कारण यह संख्या अपेक्षाकृत बहुत अधिक रही। ईसीपी द्वारा जारी सूची के अनुसार, निलंबित सदस्यों में पंजाब प्रांतीय विधानसभा (एमपीए) का कोई सदस्य नहीं है, क्योंकि प्रांतीय विधानसभा को पहले ही भंग किया जा चुका है। नेशनल असेम्बली के सदस्यों और सीनेटरों के अलावा सिंध प्रांतीय विधानसभा के 48, खैबर पख्तूनख्वा प्रांतीय विधानसभा के 54 और बलूचिस्तान प्रांतीय विधानसभा के 12 सदस्यों की सदस्यता निलंबित की गई है।

## भारतीय-अमेरिकी कृष्ण वविलाला एमएलके ग्रांडे परेड स्पेशल अवार्ड से सम्मानित

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी कृष्ण वविलाला को भारतीय प्रवासियों को अमेरिका की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एमएलके ग्रांडे परेड विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# वर्ष 2022 पांचवां सबसे गर्म साल दर्ज किया गया : नासा




भाषा। वाशिंगटन

**धरती की सतह** का औसत तापमान वर्ष 2022 में वर्ष 2015 के तापमान के बराबर हो गया। वर्ष 2022 को अब तक के पांचवें सबसे गर्म साल के रूप में दर्ज किया गया है। यह दावा नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के एक विश्लेषक ने किया है। पृथ्वी के दीर्घावधि ताप में बढ़ोतरी का रुख जारी रहने के बीच वर्ष 2022 में वैश्विक ताप 1.6 डिग्री फारेनहाइट या 0.89 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो नासा के आधार अवधि (1951 से 1980) के औसत ताप से अधिक है। नासा के न्यूयॉक स्थित गोड्डार्ड इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज (जीआईएसएस) के वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी। नासा के प्रशासक बिन नेल्सन ने कहा कि ताप में बढ़ोतरी का यह रुख एक चेतावनी है। नेल्सन ने कहा, हमारी गर्म होती जलवायु पहले से खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है: जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं, समुद्री तूफान और अधिक ताकतवर हो गए हैं, सूखे से तबाही और समुद्र का जल स्तर भी बढ़ रहा है। नासा हमारी प्रतिबद्धता को और गहन कर रहा है ताकि हम जलवायु परिवर्तन पर लगाम लगाने में अपना योगदान दे सकें। वर्ष 1880 में आधुनिक रिकॉर्ड दर्ज करने की शुरुआत होने के बाद के सालों में पिछले नौ साल सबसे अधिक गर्म साल रहे। अध्ययन के मुताबिक इसका मतलब है कि धरती का ताप वर्ष 2022 में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के औसत ताप के मुकाबले करीब दो डिग्री फॉरेनहाइट या करीब 1.11 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जीआईएसएस के निदेशक गेविन श्मिट ने कहा, ताप में बढ़ोतरी के रुख का कारण मानवीय गतिविधियां हैं जिसके कारण बड़ी मात्रा में ग्रीन हाउस गैसों का वायुमंडल में पहुंचना जारी है। अध्ययन में कहा गया कि वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान मानवीय गतिविधियों से संबंधित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में थोड़े समय के लिए कमी आई थी, लेकिन अब यह फिर वही स्थिति हो गई है। अध्ययन में कहा गया है कि हाल ही में नासा के वैज्ञानिकों समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने वर्ष 2022 में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक दर्ज की थी। अध्ययन में कहा गया कि अर्थ सर्फेस मिनरल डस्ट सोर्स इन्वेस्टीगेशन इंस्ट्रूमेंट का इस्तेमाल करके नासा ने मिथेन (एक ताकतवर ग्रीन हाउस गैस) के कुछ बहुत अधिक उत्सर्जक स्रोतों की पहचान की है। अर्थ सर्फेस मिनरल डस्ट सोर्स इन्वेस्टीगेशन इंस्ट्रूमेंट को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पिछले साल शुरू किया गया था। जीआईएसएस की ओर से वर्ष 2022 की वार्षिक बैठक में पेश शोध रिपोर्ट के मुताबिक आर्कटिक क्षेत्र के ताप में जबरदस्त बढ़ोतरी का रुख जारी है।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी वार्ता की विश्वसनीयता पर अफ्रीकी कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाए

**मोम्बासा (केन्या)।** अफ्रीकी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र की जलवायु संबंधी संस्था को लेकर क्षोभ जताते हुए उस पर वार्षिक जलवायु सम्मेलन में संदिग्ध साख वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को भाग लेने की अनुमति देकर उन्हे प्रदूषण फैलाने वाली उनकी गतिविधियो पर पर्दा डालने का आरोप लगाया। दरअसल संयुक्त अरब अमीरात मे नवंबर के अंत मे होने वाली संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के अगले दौर का नेतृत्व अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के प्रबंध निर्देशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुल्तान अल जाबेर को सौंपे जाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की गई थी, जिस पर अफ्रीका के जलवायु कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। पैन अफ्रीकन क्लाइमेट जस्टिस एलायंस (पीएसीजेए) ने इस कदम को संयुक्त राष्ट्र एजेंसी का सबसे निम्न दर्जे का अवसर करार दिया। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु निकाय ने इस नियुक्ति पर कोई टिप्पणी नही की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे तेल और गैस क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मेलन के मकसद को विफल करने की आशंका को लेकर चिंतित है। सम्मेलन मे दुनिया भर के देश ग्लोबल वार्मिंग गतिविधियो को कम करने के तरीको पर सहमति बनाने का प्रयास कर रहे है। जलवायु संबंधी अभियान समूहो ने संयुक्त अरब अमीरात के ऐसे किसी भी कदम को अस्वीकार करने का आह्वान किया है जिससे जीवाश्म ईंधन को बढ़ावा देने वाले तत्वों को वैश्विक जलवायु वार्ताओ का नियंत्रण मिले। पीएसीजेए के कार्यकारी निदेशक मिथिका म्वेंडा ने अल-जाबेर को लेकर सोमवार को दिए बयान मे कहा, यह सजा माफी और हितो के टकराव की पाठ्यपुस्तक मे दी जाने वाली परिभाषा है।

**PUBLIC NOTICE**
**Plot # 286 Sector-7, Phase-II, IMT Manesar**

Plot # 286 Sector-7 Phase-II, IMT Manesar-122051, Distt.Gurugram (Haryana) measuring 1,012.5 sq. mtrs.was allotted by the Corporation vide its Allotment Letter dated 9.4.2004 in favour of M/s. Rajesh Printing Press, a partnership firm of Mr. Rakesh Madhok and Mr. Rajesh Madhok with profit sharing ratio of 50 : 50 respectively as per Partnership Deed dated 7.11.2006 and having its office at Plot # 449 Pace City-II, Sector-37, Gurugram-122004, Haryana. The Corporation has been informed by the firm that one of its partner namely Mr. Rakesh Madhok S/o late Shri Inder Sain Madhok R/o H. # 24/6 East Punjabi Bagh, New Delhi-110026 has expired on 16.1.2019. Subsequently after his death, the firm has reconstituted the Partnership Deed and the legal heirs of the deceased partner, Ms. Renu Madhok, Ms. Mudita Chugh and Mr. Vishal Madhok has approached the Corporation to transfer his 50% shares in M/s. Rajesh Printing Press in favour of Ms. Renu Madhok as per Re-Constituted Partnership Deed dated 29.1.2019 to becomes the legal heir of his 50% shares in M/s. Rajesh Printing Press in the records of the Corporation.

The Corporation is in process of considering firm's request and transferring the said 50% his shares in M/s. Rajesh Printing Press to and in favour of Ms. Renu Madhok on the basis of Re-constituted Partnership firm namely M/s. Rajesh Printing Press and NOC from other legal heirs. Through this public notice, it is hereby informed that in case, any of the legal heirs of late Mr. Rakesh Madhok or any other person having reservation / objection to the said transfer may file his / her / its objection in writing before the undersigned or Addl. General Manager (Estate), M/s. HSIIDC Ltd., C-13-14, Sector-6, Panchkula, Haryana along with an affidavit within a period of 30 days from the date of publication of this notice. In case, no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that no one has any objection to Amended Deed of Partner-ship dated 29.1.2019 and the Corporation shall go ahead with amendment in shares of M/s. Rajesh Printing Press in the records of the Corporation.

The Estate Manager
M/s. HSIIDC Ltd.
IMT Manesar-122050, Distt. Gurugram

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि फरियाद अली मे ग्राम हल्दोनी, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय प्लॉट एरिया परिमाप 70वर्ग गज, खसरा नंबर 310केए, बिक्री विलेख दिनांक 03.12.2013, दस्तावेज सं.23226, पुस्तक सं.1, खंड सं. 6265, पृष्ठ 287-304, दिनांक 03.12.2013 को पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं और मैसर्स हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा करनाल के द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। मूल पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 16.01.2010, (i) जैतुन पुत्री हाजी अकबर अली और पत्नी अली हसन और (ii) रहीस पुत्र ममहुद के द्वारा आशिया बेगम पत्नी यामीन अल्वी के पक्ष में निष्पादित किया गया, उप-पंजीयक-दादरी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज सं.457, पुस्तक सं.1, खंड सं. 2460, पृष्ठ 353-364, दिनांक 16.01.2010 को पंजीकृत और मूल पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 11.08.2011, आशिया बेगम पत्नी यामीन अल्वी के द्वारा मोहम्मद हनीफ पुत्र अली शेर के पक्ष में निष्पादित, उप-पंजीयक-दादरी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज सं. 12818, पुस्तक सं.1, खंड सं. 3664, पृष्ठ 161-174, पंजीकृत दिनांक 11.08.2011, उपरोक्त संपत्ति खो गई है। और दिनांक 01.12.2022 को अपराध शाखा लखनऊ पुलिस यूपी में प्राथमिकी एलआर सं. 2023000008216/2023 दर्ज किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई दावा है, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिनों के भीतर संपत्ति मूल दस्तावेजों के साथ नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि इस संबंध में कोई दावा या विवाद उक्त संपत्ति में नहीं हैं।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_T1518FBGD
REG. NO.HR38Z2646-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE5,46,201.50

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 01.02.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :JAGDISH SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 919582795967
EMAIL-jagdish.singh@kotak.com

# प्रधानमंत्री कल कर्नाटक, महाराष्ट्र में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** बृहस्पतिवार को कर्नाटक और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे तथा इस दौरान दोनों राज्यों में करीब 49,600 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री कर्नाटक में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना से संबंधित 10,800 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। उसके मुताबिक, प्रधानमंत्री मुंबई मेट्रो रेल लाइन टू ए और 7 राष्ट्र को समर्पित करेंगे और इसमें सवारी भी करेंगे। वह 38,800 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें मुंबई में सात सीवेज शोधन संयंत्रों, सड़क कंक्रीटीकरण परियोजना और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पुनर्विकास की आधारशिला रखा जाना शामिल है।

पीएमओ ने बताया कि कर्नाटक में प्रधानमंत्री यादगिर और कलबुर्गी जिलों का दौरा करेंगे और दोपहर करीब 12 बजे यादगिर जिले के कोडेकल में वह सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कलबुर्गी जिले के मालखेड पहुंचेंगे, जहां वह हाल ही में घोषित राजस्व गांवों के पात्र लाभार्थियों को मालिकाना हक (हक्कू पत्र) वितरित करेंगे और एक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप जल जीवन मिशन के अंतर्गत यादगिर बहु-ग्राम पेयजल आपूर्ति योजना की आधारशिला रखेंगे।

इस योजना के तहत 117 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र बनाया जाएगा। 2050 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली इस परियोजना से यादगिर जिले की 700 से अधिक ग्रामीण बस्तियों और तीन कस्बों के लगभग 2.3 लाख घरों को पीने योग्य पानी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री नारायणपुर लेफ्ट बैंक नहर-विस्तार नवीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना (एनएलबीसी - ईआरएम) का भी उद्घाटन करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, 10,000 क्यूसेक की नहर वहन क्षमता वाली इस परियोजना से 4.5 लाख हेक्टेयर कमांड क्षेत्र की सिंचाई की जा सकती है और इससे कलबुर्गी, यादगिर और विजयपुर जिलों के 560 गांवों के तीन लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना की कुल लागत लगभग 4700 करोड़ रुपए है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-150सी के 65.5 किलोमीटर खंड की आधारशिला भी रखेंगे। छह लेन की यह ग्रीनफील्ड सड़क परियोजना सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे का हिस्सा है। इसे बनाने में करीब 2,000 करोड़ रुपए की लागत आ रही है। सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे छह राज्यों- गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से होकर गुजरेगा।

## दाऊद इब्राहिम की दूसरी पत्नी भी है : उसके भांजे ने एनआईए से कहा

**मुंबई।** भगोड़े माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम के भांजे ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को बताया कि दाऊद की दूसरी पत्नी भी है, जो पाकिस्तानी है और उसने अपनी पहली पत्नी को तलाक देने के बारे में झूठ बोला था। एनआईए भारत में आतंकवादी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल एक आपराधिक गिरोह और वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े एक मामले की जांच कर रही है। दाऊद की बहन हसीना पारकर के बेटे अली शाह पारकर का बयान इस मामले में एनआईए द्वारा पिछले साल नवंबर में दायर आरोपपत्र का हिस्सा है। यह मामला एक वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक गिरोह (डी-कंपनी) से संबंधित है। इस गिरोह के बारे में दावा किया गया है कि यह भारत में विभिन्न आतंकवादी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे बिहार सरकार के खिलाफ मौन उपवास शुरू करेंगे

**पटना।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे ने सोमवार को कहा कि वह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की कथित किसान और गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ मौन उपवास शुरू करेंगे। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, बीते हफ्ते बक्सर के चौसा में जिस तरह सुरक्षाबलों ने किसानों को बेरहमी से पीटा, उसने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अमानवीय, किसान विरोधी और गरीब विरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, यह घटना मुख्यमंत्री द्वारा 1300 मेगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता वाले थर्मल पावर प्लांट के काम को पूरा करने में बाधा उत्पन्न करने का जानबूझकर किया गया प्रयास था। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून के महीने में बिजली संयंत्र का उद्घाटन किए जाने की उम्मीद है इसलिए मुख्यमंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहे हैं कि संयंत्र का काम समय पर पूरा न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं प्रदेश के लोगों के लिए समस्या कुमार है पर वे अपनी समाधान यात्रा में व्यस्त हैं।

चौबे ने कहा, मैंने राज्य में मुख्यमंत्री और महागठबंधन सरकार की नीतियों के खिलाफ पश्चिम चंपारण से 30 जनवरी (महात्मा गांधी की पुण्यतिथि) से मौन उपवास अभियान शुरू करने का फैसला किया है। मैं अपने अभियान की शुरुआत पश्चिम चंपारण जिले से करूंगा क्योंकि यही वह जगह है जहां से नीतीश ने पांच जनवरी को अपनी समाधान यात्रा शुरू की थी। मैं उन सभी जिलों में मौन उपवास पर बैठूंगा जहां नीतीश अपनी समाधान यात्रा के दौरान जा रहे हैं। मेरे इस अभियान का उद्देश्य राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करना है। बक्सर जिले में चौसा में थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले में मुआवजे की मांग कर रहे किसानों के साथ 11 जनवरी को हुई झड़प में दस पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस बीच बक्सर में अपनी जमीन के उचित मूल्य और मुआवजे की मांग को लेकर कई दिनों से अनशन पर बैठे भाजपा नेता परशुराम चतुर्वेदी के निधन पर शोक जताते हुए मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान चौबे ने कहा, पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान मुझे चतुर्वेदी के निधन का दुखद समाचार मिला। उनकी हृदय घात से मौत हो गई है। चतुर्वेदी बक्सर में किसानों की मांग के लिए आक्रोश यात्रा में शामिल थे। केंद्रीय मंत्री रविवार शाम एक सड़क हादसे में बाल-बाल बचे थे जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। उन्होंने आरोप लगाया, मुझे राज्य प्रायोजित गुंडों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।

# सीडीएस अनिल चौहान एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में पहुंचे

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया और कहा कि युवाओं में अनुशासन तथा नेतृत्व की भावना पैदा करने में इसका योगदान अनुकरणीय है। यह पहली बार है जब किसी सीडीएस ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि एनसीसी अपने आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन के अनुरूप 17 लाख कैडेट के एक स्वयंसेवी संगठन के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, इस देश के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और भाईचारे के गुण पैदा करने में इसका योगदान अनुकरणीय है। सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में एनसीसी के योगदान को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि पुनीत सागर अभियान के तहत देश भर के विभिन्न जलाशयों से एनसीसी कैडेट ने 200 टन से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। उन्होंने कहा कि अभियान में लगभग 13.5 लाख एनसीसी कैडेट ने भाग लिया और लगभग 208 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया, जिसमें से 167 टन को पुनर्चक्रण के लिए भेजा गया है।

सीडीएस ने उल्लेख किया कि एनसीसी कैडेट ने गांधीनगर में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी में भाग लिया और सामरिक मिशन के लिए एक यूएवी सहित उन्नत प्रौद्योगिकी प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए। उन्होंने विभिन्न खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कैडेट की सराहना की। उन्होंने कहा, यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एनसीसी के कई पूर्व कैडेट ने सशस्त्र बलों को करियर के पसंदीदा विकल्प के रूप में चुना है। मुझे यकीन है कि उनके साहस की कहानियां आपको सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए और प्रेरित करेंगी।



नई दिल्ली में मुख्य सीडीएस जनरल अनिल चौहान गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए एनसीसी कैम्प में कैडेट से मुलाकात करते हुए।

# न्यायालय ने अल्पसंख्यकों की पहचान के संबंध में छह राज्यों के राय नहीं देने पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर सहित छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा केंद्र को अपनी राय नहीं देने पर मंगलवार को नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति एस. के. कौल, न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह यह नहीं समझ पा रही है कि इन राज्यों ने अपना जवाब क्यों नहीं दिया। पीठ ने कहा, ...हम केंद्र सरकार को उनकी प्रतिक्रिया लेने का अंतिम अवसर देते हैं, ऐसा नहीं होने पर हम मान लेंगे कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। केंद्र की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कार्य मंत्रालय द्वारा दायर हालिया स्थिति रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि 24 राज्यों और छह केंद्रशासित प्रदेशों ने अब तक इस संबंध में अपनी टिप्पणी दी है। पिछले सप्ताह सर्वोच्च अदालत में दायर स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, लक्षद्वीप, राजस्थान और तेलंगाना से अभी तक जवाब नहीं मिला है।

जब वेंकटरमणी ने पीठ से कहा कि छह राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों ने अभी तक इस मुद्दे पर अपनी राय नहीं दी है, तो पीठ ने कहा कि वे लंबे समय तक ऐसा नहीं कर सकते और यह मान लिया जाएगा कि वे जवाब नहीं देना चाहते हैं। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। पीठ ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेशों का शासन केंद्र द्वारा संचालित है। इस मामले के याचिकाकर्ताओं में से एक अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मामला है।

## भारतीय चिकित्सा व्यवस्था और चिकित्सकों पर भरोसे के चलते नहीं कराता विदेश में इलाजः अमिताभ बच्चन

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा कि भारतीय चिकित्सा व्यवस्था और चिकित्सकों पर अटूट भरोसे के चलते वह विदेश में अपना इलाज नहीं कराते। बच्चन, बीसीएम समूह के साथ गठजोड़ से इंदौर में खोले गए कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल के उद्घाटन के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। जब भी मैं बीमार पड़ा या मेरे साथ कोई दुर्घटना हुई, तो मेरे और मेरे परिवार के पास वे सभी साधन थे जिनके बूते मैं विदेश जाकर अपना इलाज करा सकता था। लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया क्योंकि मुझे भारत की चिकित्सा व्यवस्था और देश के चिकित्सकों पर पूरा विश्वास था और हमेशा रहेगा। बच्चन ने कहा, अगर भविष्य में मुझे बीमारी की अवस्था में अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा, तो मैं एक बार फिर भारत की चिकित्सा व्यवस्था और देश के चिकित्सकों पर ही विश्वास करूंगा।

## यूएई सरकार का अधिकारी बनकर होटल को 23 लाख रुपए का चूना लगाया, पुलिस कर रही ठग की तलाश

**नई दिल्ली।** पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही है जो खुद को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार का वरिष्ठ अधिकारी बताकर दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में चार महीने तक रहा और 23 लाख रुपए से अधिक का बिल चुकाए बिना फरार हो गया। आरोपी महमेद शरीफ पिछले साल एक अगस्त को नई दिल्ली स्थित होटल लीला पैलेस पहुंचा था। वह कमरा नंबर 427 में रह रहा था और 20 नवंबर को होटल से भाग गया। आरोपी बकाया बिल का भुगतान न कर होटल को 23.46 लाख रुपए का चूना लगाने के साथ ही कुछ कीमती सामान भी लेकर भाग गया। आरोपी ने होटल में फर्जी बिजनेस कार्ड के साथ ही यूएई का निवास कार्ड सौंपा था। होटल प्रबंधन ने अपनी शिकायत में कहा, ऐसा लगता है कि अतिथि ने जानबूझकर गलत छवि बनाने और बाद में होटल को धोखा देने के इरादे से अतिरिक्त विश्वास हासिल करने के लिए ए कार्ड दिए।

# उच्च न्यायालय ने राम जन्मभूमि ट्रस्ट संबंधी सूचना मुहैया कराने को लेकर सीआईसी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रबंधन देख रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने इस बात पर गौर करते हुए अंतरिम राहत दी कि सीआईसी ने उस ट्रस्ट को नोटिस जारी नहीं किया था, जिसके बारे में सूचना मांगी गई थी, जो कि सूचना का अधिकार कानून के प्रावधानों के तहत अनिवार्य है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा, याचिकाकर्ता, सीपीआईओ, सीबीडीटी ने अंतरिम राहत देने के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनाया है। अगर अंतरिम राहत नहीं दी जाती है तो उसे अपूरणीय क्षति होगी। सीपीआईओ, सीबीडीटी ने बताया है कि 30 नवंबर, 2022 का आदेश उसे 3 जनवरी, 2023 को प्राप्त हुआ। संबंधित आदेश पर सुनवाई की अगली तारीख तक रोक रहेगी। सीपीआईओ, सीबीडीटी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाएगी। अदालत सीबीडीटी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर, 2022 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया। सीआईसी ने आदेश दिया था कि सीपीआईओ आरटीआई कानून के तहत आवेदन में किए गए कुछ बिंदुओं पर फिर से विचार करेंगे और आदेश की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर सूचना उपलब्ध कराएंगे।

आरटीआई आवेदक ने दान से संबंधित प्रावधानों के तहत छूट या कटौती प्राप्त करने के लिए ट्रस्ट द्वारा दायर पूर्ण आवेदन (सभी अनुलग्नकों के साथ) की एक प्रति मांगी थी। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्ट डीड (न्यास से संबंधित दस्तावेज) की एक प्रति भी मांगी थी, जो कि दान के लिए छूट या कटौती प्राप्त करने को लेकर आवेदन के साथ दायर की गई थी। शुरुआत में सीबीडीटी के सीपीआईओ से सूचना मांगी गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद, सीबीडीटी के अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष पहली अपील दायर की गई, वहां भी सूचना देने से मना कर दिया गया। आरटीआई आवेदक कैलाश चंद्र मूंद्रा ने दूसरी अपील के साथ सीआईसी से संपर्क किया, सीपीआईओ, सीबीडीटी और अपीलीय प्राधिकरण के निष्कर्षों को उलट दिया और 30 नवंबर, 2022 का आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि सीआईसी ने इस तथ्य पर विचार नहीं किया कि आयकर रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी आयकर कानून, 1961 की धारा 138 के तहत छूट प्राप्त है, जो एक विशेष कानून है।

## हम लोगों को अनावश्यक जेल में रखे जाने में यकीन नहीं करते : सर्वोच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में तीन छात्र कार्यकर्ताओं की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को कहा, हम लोगों को अनावश्यक रूप से जेल में रखे जाने में विश्वास नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति एस. के. कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले में जमानत याचिकाओं पर घंटों सुनवाई दिल्ली उच्च न्यायालय के समय कीं पूरी तरह बर्बादी थी। पीठ में न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ दिल्ली उच्च न्यायालय के 15 जून 2021 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी, जिसमें कार्यकर्ता नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध के दौरान सांप्रदायिक हिंसा से संबंधित मामले में जमानत दी गई थी। पुलिस की ओर से पेश अधिवक्ता रजत नायर ने सुनवाई की शुरुआत में पीठ से याचिकाओं पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया, क्योंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एक अलग मामले में संविधान पीठ के समक्ष पेश हो रहे हैं। पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 31 जनवरी तय की। पीठ ने कहा कि जमानत से जुड़े मामलों में, जैसे ही कोई मामले के गुण-दोष में जाता है, सुनवाई लंबी हो जाती है। आरोपियों की ओर से पेश एक वकील ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने उच्च न्यायालय के समक्ष गुण-दोष पर बहस की थी। नायर ने कहा कि पुलिस ने केवल उच्च न्यायालय द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दिया था कि आरोपियों का कृत्य आतंकी कृत्य है या नहीं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, आपने जमानत के मामलों में घंटों व्यतीत किए हैं।

## क्विक न्यूज

### आपदा के लिए जोशीमठ के निवासी जिम्मेदार नहीं, लोगों की रक्षा के केंद्र सरकार कदम उठाएः ममता बनर्जी

**कोलकाता।** भूधंसाव से ग्रस्त जोशीमठ मे स्थिति को बहुत खतरनाक बताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड में इस छोटे-से पर्वतीय शहर के निवासी आपदा के लिए जिम्मेदार नही है तथा केंद्र को लोगों की रक्षा के लिए युद्ध स्तर पर कदम उठाने चाहिए। सरकार को जल्द से जल्द कदम उठाने चाहिए क्योंकि पहले ही भूधंसाव का पूर्वानुमान जताया जा चुका है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्द्धमान जिले मे रानीगंज कोयला क्षेत्र में जोशीमठ जैसे हालात हो सकते है क्योंकि यह इलाका भी भूधंसाव के लिहाज से संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने कोलकाता मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कहा, जब संभावित भूस्खलन की चेतावनी थी तो आवश्यक कदम क्यो नही उठाए गए? जोशीमठ में हालात बहुत खतरनाक है। इस पर्वतीय शहर के निवासी जिम्मेदार नही है।

### जातिगत सर्वेक्षण कराने के बिहार सरकार के कदम के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में नई याचिका दायर

**नई दिल्ली।** राज्य मे जातिगत सर्वेक्षण कराने के बिहार सरकार के फैसले के खिलाफ मंगलवार को उच्चतम न्यायालय मे एक नई याचिका दायर की गई, जिसमे दावा किया गया है कि राज्य की कार्वाई संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है। हिदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा दायर याचिका मे आरोप लगाया गया है कि अधिसूचना भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है। इसी तरह की अन्य याचिकाएं 20 जनवरी को प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने की संभावना है। मंगलवार को दायर जनहित याचिका मे बिहार सरकार के उपसचिव द्वारा राज्य मे जातिगत सर्वेक्षण कराने के संबंध मे जारी की गई अधिसूचना को रद्द करने और संबंधित अधिकारियो को क्वायद से रोकने का आग्रह किया गया है।

### इंडिगो के यात्री ने पिछले महीने गलती से विमान का आपात दरवाजा खोल दिया थाः विमानन कंपनी

**नई दिल्ली।** इंडिगो के एक यात्री ने पिछले महीने चेन्नई मे विमान पर सवार होने के बाद गलती से उसका आपात दरवाजा खोल दिया था। उस समय विमान हवाई अड्डे पर था और तिरुचिरापल्ली के लिए उड़ान भरने से पहले अनिवार्य इंजनीयरिंग जांच की प्रक्रिया अपनाई गई। विमानन कंपनी ने एक बयान मे यह जानकारी दी। उड्डयन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत इस घटना की जानकारी दी गई और सुरक्षा से कोई समझौता नही किया गया। इंडिगो ने मंगलवार को यहां जारी बयान मे कहा कि यात्री 10 दिसंबर 2022 को फ्लाइट संख्या 6ई-7339 मे चेन्नई से तिरुचिरापल्ली की यात्रा कर रहा था और विमान मे सवार होने के दौरान उसने गलती से आपात दरवाजा खोल दिया था। कंपनी ने बयान मे कहा, यात्री ने तत्काल अपने कृत्य के लिए माफी मांगी। मानक परिचालन प्रक्रिया के तहत घटना को दर्ज किया गया और विमान की अनिवार्य इंजनीयरिंग जांच की गई जिसकी वजह से उड़ान मे देरी हुई।

### बेमतलब के नारों के साथ चल रहा न पचने वाला शासनः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा के संतृप्ति का शासन संबंधी नारे को लेकर उस पर निशाना साधा और कहा कि यह वास्तव मे बेमतलब के नारों के साथ न पचने वाला शासन है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यहां भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे इसके सामाजिक-आर्थिक संकल्प के जवाब मे ट्विटर पर यह टिप्पणी की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने यह रेखांकित किया कि देश अब संतृप्ति की राजनीति और संतृप्ति के शासन की ओर बढ़ रहा है तथा सरकार के कार्यक्रम लोगों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। रमेश ने कहा, भाजपा ने देश को एक नया मुहावरा दिया हैः संतृप्ति का शासन। यह वास्तव मे अर्थहीन नारों और एक लाइन के अतिरेक से जुड़ा न पचने वाला शासन है।

### जयश्री ने योगी का जताया आभार

**कानपुर।** जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स ने कानपुर जिले के ग्राम कुंभी में एक नया औद्योगिक कारखाना स्थापित कर अपनी निर्माण क्षमता का विस्तार किया है। जेजीएफ इंडस्ट्रीज की यह नई फैक्ट्री छह महीने के भीतर 150 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की गई है। जेजीएफइंडस्ट्रीज की यह फैक्ट्री कुंभी गांव कानपुर जिलाद्ध में 14 एकड़ जमीन पर बनी है और प्लांट को पूरी क्षमता से चलाने के लिए इसमें करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। नई इकाई को जेजीएफकी विनिर्माण मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है और यह राज्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से दूध की खरीद को भी बढ़ावा देगी। किशन मोदी, प्रबंध निदेशक जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स ने कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं कि उन्होंने अटल पूर्वांचल उद्योग विकास परिषद के माध्यम से उत्तर प्रदेश में व्यवसाय स्थापित करना आसान बनाया और मेरे जैसे उद्यमियों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे 'राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस' में

**नई दिल्ली।** 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गुजरात के मुख्य मंत्री भी शामिल होंगे। इसकी जानकारी आज देश भर के राज्य सम्नवयको की बैठक में गुजरात साइंस सिटी के निदेशक एवं राष्ट्रीय आयोजन के संयोजक डॉ. नरोत्तम साहू ने दी। उन्होंने सभी राज्यों का अपडेट लिया और राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होने को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि बाल विज्ञान कांग्रेस के इस 30वें राष्ट्रीय आयोजन को एक शानदार जश्न के रूप में मनाया जायेगा। 27 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कई नई गतिविधि पहली बार होंगी। उन्होंने बताया कि इस बार बाल वैज्ञानिकों के प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण को पहली बार देश भर के लिए यूट्यूब पर लाइव किया जायेगा। पुरातन बाल वैज्ञानिकों का भी एक अलग सेशन रखा गया हैं जिसे भारत सरकार के वर्तमान वरिष्ठ वैज्ञानिक इंजीनियर सुजीत बनर्जी, व पूर्व राष्ट्रीय संयोजक रहे डॉ. मधु फूल व डॉ. डीके पांडे समन्वयन करेंगे। इस बार बाल वैज्ञानिक एक रोबोट से बात भी करेंगे और अपनी प्रोजेक्ट की समस्या पर चर्चा भी करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 साल की यात्रा में राजकोट, गुजरात की पहली बाल वैज्ञानिक हैं जिसका प्रोजेक्ट को पेटेंट मिला हैं। साथ ही देश और दुनिया से पहुंच रहे बाल वैज्ञानिकों से इसरो के निदेशक, देश का पहला सुपर कंप्यूटर बनाने वाले वैज्ञानिक डॉ. विजय भटकर भी बालकों से बातचीत करेंगे। उत्तर प्रदेश पश्चिम के नोडल अधिकारी डॉ. विष्णु प्रसाद और राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने भी आज की बैठक में भाग लिया तथा बताया कि हमारे यहां से 21 बाल वैज्ञानिक सहित 29 लोगों का दल दुनिया में विज्ञान के सबसे बड़े आयोजन में भाग लेने जायेगा। इसमें मेरठ से सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज सरधना की दो बाल वैज्ञानिक खुशी और छवि भी जायेंगी।

## भाजपा के अनूप गुप्ता चंडीगढ़ के नए महापौर आप प्रत्याशी को हराया

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में मंगलवार को हुए महापौर के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अनूप गुप्ता विजई हुए और उन्होंने आम आदमी पार्टी के जसबीर सिंह को हराया। अधिकारियों के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार अनूप गुप्ता को 15 वोट मिले, वहीं आप उम्मीदवार को 14 वोट मिले। छह सदस्यों वाली कांग्रेस और एक मात्र सदस्य वाले शिरोमणि अकाली दल के मतदान से दूर रहने के निर्णय के बाद भाजपा और आप के बीच करीबी मुकाबले की उम्मीद की जा रही थी। सदन में भाजपा और आप दोनों के 14-14 पार्षद हैं, जबकि चंडीगढ़ से भाजपा की लोकसभा सदस्य किरण खेर के पास नगर निगम सदन की पदेन सदस्य होने के नाते मतदान का अधिकार है। किरण खेर ने भी मतदान किया था। अब महापौर के चुनाव के बाद वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए भी चुनाव होगा।

# जोशीमठ में कार्यरत विभिन्न संस्थानों ने अपनी रिपोर्ट सौंपने की समयसीमा तय की

**देहरादून।** उत्तराखंड में जोशीमठ भूधंसाव के विभिन्न पहलुओं से जुड़े अध्ययन में लगे केंद्रीय संस्थानों ने अपनी रिपोर्ट देने के लिए मंगलवार को समयसीमा तय की जबकि जेपी कॉलोनी में पूर्ण क्षतिग्रस्त 15 भवनों को तोड़े जाने का कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। मारवाड़ी क्षेत्र स्थित जेपी कॉलोनी में अज्ञात भूमिगत स्रोत से हो रहा पानी का रिसाव और कम होकर 123 लीटर प्रति मिनट हो गया, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है। प्रदेश के शिक्षा विभाग ने जोशीमठ भूधंसाव से प्रभावित छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षा के लिए किसी भी शहर को चुनने की छूट देने का निर्णय किया।

प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने संवाददाताओं को बताया कि जोशीमठ में काम कर रहे केंद्र के तकनीकी संस्थानों से भूधंसाव ग्रस्त क्षेत्र के संबंध में अपनी अध्ययन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के बारे में बातचीत की गई और उन्होंने इसके लिए अपनी समयसीमा से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय भू-भौतिक अनुसंधान संस्थान की 10 सदस्ईय वैज्ञानिकों की टीम ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट दो सप्ताह तथा अंतिम रिपोर्ट तीन सप्ताह में, सात सदस्ईय वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान की टीम ने प्रारंभिक रिपोर्ट दो सप्ताह और अंतिम रिपोर्ट दो माह में जबकि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की सात सदस्ईय टीम ने प्रारंभिक रिपोर्ट दो सप्ताह तथा अंतिम रिपोर्ट दो माह में देने को कहा है।

सिन्हा ने बताया कि केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड की चार सदस्ईय टीम ने प्रारंभिक रिपोर्ट एक सप्ताह तथा अंतिम रिपोर्ट तीन सप्ताह जबकि भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान की टीम प्रारंभिक रिपोर्ट एक सप्ताह में तथा अंतिम रिपोर्ट तीन सप्ताह में सौंपेगी। आईआईटी रुड़की की टीम अभी अपनी जांच में लगने वाले समय का आकलन करेगी और उसके बाद समयसीमा से अवगत कराएगी।

जोशीमठ में अग्रणी संस्था के रूप में काम कर रहे केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान के बारे में कहा कि उसका काम लगातार तब तक चलता रहेगा जब तक कि सब लोगों का पुनर्वास नहीं हो जाता। संस्थान ने अपनी जांच रिपोर्ट तीन सप्ताह में देने को कहा है। सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के मुख्य सचिव एस.एस. संधु जोशीमठ में कार्यरत सभी संस्थानों के प्रमुखों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा करेंगे और उनसे जांच में तेजी लाने को कहेंगे। सिन्हा ने कहा कि भूधंसाव प्रभावित क्षेत्रों में दरार वाले भवनों की संख्या 849 हो गई है जिनमें से असुरक्षित भवनों की संख्या 167 है। अस्थाई राहत शिविरों में ले जाए जाने वाले परिवारों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 250 हो गई, जिनमें 838 सदस्य हैं। अंतरिम राहत के तौर पर प्रति परिवार डेढ़ लाख रुपए दिए जा रहे हैं और इसके तहत अभी तक 207 परिवारों को लगभग 3.10 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

# न्यूजीलैंड को भी पटखनी देने को टीम इंडिया तैयार

## ● न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में मध्यक्रम में खेल सकते हैं ईशान

**भाषा।** हैदराबाद



**विश्व रिकॉर्ड** दोहरे शतक के बावजूद टीम से बाहर किए जाने पर मचे बवाल के बाद ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में अंतिम एकादश में वापसी कर सकते हैं हालांकि उन्हें मध्यक्रम में उतरना पड़ेगा।

बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले किशन को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में बाहर रखा गया। शुभमन गिल को उन पर तरजीह दी गई जिन्होंने कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज किया। गिल ने तीन मैचों में 70, 21 और 116 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ सलामी जोड़ी में किसी बदलाव की संभावना नहीं है। केएल राहुल निजी कारणों से उपलब्ध नहीं है लिहाजा किशन को विकेटकीपिंग का जिम्मा सौंपा जा सकता है। वह अब तक दस वनडे में से तीन में मध्यक्रम में उतर चुके हैं तो उन्हें इस क्रम पर बल्लेबाजी का अनुभव है। टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर केएस भरत के चुने जाने की संभावना कम है क्योंकि राहुल की गैर मौजूदगी में उन्हें कवर के तौर पर ही रखा गया है। इस साल होने वाले विश्व कप को देखते हुए हर मैच अहम है और भारत श्रीलंका के खिलाफ वाली लय को कायम रखना चाहेगा। श्रीलंका के खिलाफ शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाजों और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। गिल और विराट कोहली के अलावा रोहित ने भी 83 और 42 रन बनाए लेकिन शतक नहीं जमा सके। कोहली ने एक के बाद एक शतक ठोंके और पुराने फॉर्म में लौटकर न्यूजीलैंड के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। श्रेयस अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ 28, 28 और 38 रन बनाए। वह कमर की तकलीफ के कारण अगर नहीं खेल पाते हैं तो सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह पक्की करने के लिए तीन मौके मिलेंगे। सूर्य और हार्दिक पंड्या की मौजूदगी भारतीय मध्यक्रम को मजबूत बनाएगी राहुल के अलावा अक्षर पटेल को भी ब्रेक दिया गया है जिनकी जगह शाहबाज अहमद अंतिम एकादश का हिस्सा हो सकते हैं। देखना यह है कि टीम प्रबंधन उन्हें उतारता है या वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जा सकता है। अभी तक भारत ने उंगली या कलाई के एक स्पिनर को तरजीह दी है यानी युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव में से एक को चुना है जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ प्रभावित भी किया। पांच साल पहले की तरह दोनों साथ में खेलेंगे या नहीं, यह देखना होगा। पहले वनडे के बाद चहल कंधे में सूजन की वजह से नहीं खेले लेकिन इस श्रृंखला के लिए वह उपलब्ध होंगे। सिराज, मोहम्मद शमी और उमरान मलिक तेज गेंदबाजी का मोर्चा संभालेंगे। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम में केन विलियमसन और टिम साउदी जैसे सितारे नहीं है लेकिन इसके बावजूद टीम काफी मजबूत है। कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम ने पिछली बार भारत के खिलाफ वनडे में शानदार प्रदर्शन किया था। न्यूजीलैंड टीम पाकिस्तान को हराकर बुलंद हौसलों के साथ आई है।

### श्रेयस कमर की चोट के कारण खिलाफ श्रृंखला से बाहर, पाटीदार टीम में

**हैदराबाद।** मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। हाल के समय में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियो मे बदलने मे नाकाम रहे अय्यर अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे जहां उनकी चोट का आकलन और प्रबंधन होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच की आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए है। घरेलू क्रिकेट मे मध्य प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले रजत पाटीदार को अय्यर के विकल्प के तौर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे बुधवार को खेला जाएगा।पिछली तीन पारियों मे अय्यर 28, 28 और 38 रन बनाकर आउट हुए। अय्यर की गौरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव को टीम मे अपनी जगह पक्की करने के कम से कम तीन मौके मिलेंगे।

# विश्व कप मैच जल्दी शुरू करने में रोहित कोइ दिक्कत नही



## ● इशान के मध्यक्रम मे खेलने की पुष्टि की

**भाषा।** हैदराबाद

**रोहित शर्मा** ने रविचंद्रन अश्विन के एकदिवसीय विश्व कप में ओस के प्रभाव को कम करने के लिए मैच जल्दी शुरू करने के विचार का मंगलवार को समर्थन किया क्योंकि भारतीय कप्तान नहीं चाहते कि किसी बड़ी प्रतियोगिता में किसी टीम को अनुचित फायदा मिले। शाम के समय जब मैदान पर ओस गिरती है तो गेंदबाजों के लिए गेंद को पकड़ना मुश्किल हो जाता है जिससे लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है। अश्विन ने अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेले जाने वाले विश्व कप के मैच सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। आमतौर पर भारत में एकदिवसीय मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट प शुरू होते हैं। हालांकि मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए बड़ी रकम का भुगतान करने वाले प्रसारकों से इस विषय पर अंतिम निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। रोहित ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले एकदिवसीय से पूर्व कहा, यह एक अच्छा विचार है। यह एक विश्व कप है। आप नहीं चाहते कि टॉस की भूमिका अधिक हो। आप इसे पूरी तरह से हटाना चाहते हैं। मुझे जल्दी शुरुआत का विचार पसंद है लेकिन नहीं पता कि क्या यह संभव है। प्रसारणकर्ता फैसला करेंगे (हंसते हुए)। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से आप टीमों को ओस का फायदा उठाते हुए नहीं देखना चाहते। आप चाहते हैं कि क्रिकेट दूधिया रोशनी में ओस की मौजूदगी में बल्लेबाजी टीम को फायदे के बिना खेला जाए। कप्तान ने यह भी पुष्टि की कि बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पिछली एकदिवसीय पारी में रिकॉर्ड दोहरा शतक जड़ने वाले इशान किशन मध्यक्रम में खेलेंगे। किशन मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे और मुझे खुशी है कि बांग्लादेश में उस शानदार पारी के बाद उसे यहां मौका मिलेगा। मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और उमरान मलिक श्रीलंका के खिलाफ भारत की पसंदीदा तेज गेंदबाजी तिकड़ी थी। इनके साथ लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को अंतिम एकादश में शामिल करें तो भारत का निचला क्रम काफी लंबा हो जाता है। रोहित ने कहा कि शारदुल ठाकुर को इस मुद्दे का हल निकालने के लिए टीम में वापस लाया गया है लेकिन यह उन क्षेत्रों में शामिल हैं जिस पर विश्व कप से पहले टीम को काम करना होगा। सात बल्लेबाजों और चार विशेषज्ञ गेंदबाजों को खिलाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं किसी भी चीज से समझौता नहीं करना चाहता।

### बोल्ट और साउथी की कमी खलेगी, सोढ़ी भी पहले वनडे से बाहर: लैथम



**हैदराबाद।** कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम ने बुधवार को यहा होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय से पूर्व कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी और ट्रेंट बोल्ट की न्यूजीलैंड को कमी खलेगी लेकिन इससे नए खिलाड़ियों को भारत दौरे पर जिम्मेदारी लेने का मौका मिलेगा। साउथी पाकिस्तान के सफल दौरे के बाद स्वदेश लौट गए है जबकि बोल्ट न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने का फैसला करने के बाद यूएई मे आईएलटी20 मे खेल रहे है। बल्लेबाजी विभाग मे टीम को नियमित कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी। लैथम ने मंगलवार को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, वे (बोल्ट, साउथी, विलियमसन) टीम मे नही है और हमे उनकी कमी खलेगी।

### हर्ले गाला के विकल्प के रूप में यशाश्री भारतीय टीम में शामिल

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका मे चल रहे अंडर-19 महिला विश्व कप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम मे चोटिल हर्ले गाला के विकल्प के तौर पर यशाश्री सोपाधांधी को शामिल करने को मंगलवार को स्वीकृति दे दी। आईसीसी ने बयान मे कहा, आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2023 की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने भारतीय टीम मे हर्ले गाला के विकल्प के तौर पर यशाश्री सोपाधांधी को शामिल करने की स्वीकृति दे दी है।

### सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में होने जा रहे सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का बुधवार को वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यहां जारी बयान में कहा कि खेल महाकुंभ बस्ती और पड़ोसी क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और करियर के रूप में खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने की एक पहल है।

### 2004 टेस्ट श्रृंखला जीतने के जादू को दोहरा सकता है ऑस्ट्रेलिया: गिलक्रिस्ट

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एडम गिलक्रिस्ट को यकीन है कि पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अगर स्पिनर नाथन लियोन के साथ तीन तेज गेंदबाजों को उतारेगी तो भारत मे 19 साल के बाद बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत सकती है। वर्ष 2004 की श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान रहे पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज गिलक्रिस्ट ने कहा कि उपमहाद्वीप की परिस्थितयो मे नए स्पिनर के साथ प्रयोग करना कभी फायदेमंद नही रहा है और कमिंस को ऐसा करने से बचना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया 1969 से भारत मे सिर्फ एक टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है।

### उथप्पा पर भारी पड़े विन्स, गल्फ जायंट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने 46 गेंद मे 10 चौके और दो छक्के की मदद 79 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली लेकिन उनकी टीम दुबई कैपिटल्स को इंटरनेशनल लीग टी20 के मैच में सोमवार को यहां गल्फ जायंट्स के खिलाफ छह विकेट की हार का सामना करना पड़ा। टीम के शुरुआती मैच मे 65 रन बनाने वाले गल्फ जायंट्स के कप्तान जेम्स विन्स ने इस मुकबले मे नाबाद 83 रन की पारी खेल छह गेंद शेष रहते अपनी टीम को दो मैचों में दूसरी जीत दिला दी।

### तीरंदाजी ट्रायल्स में शीर्ष आठ में रहे दीपिका और दास

**कोलकाता।** पिछले साल भारतीय टीम से बाहर रहे ओलंपियन अतनु दास ने मंगलवार को यहां साई परिसर मे संपन्न हुए तीरंदाजी ओपन चयन ट्रायल्स में दूसरा स्थान हासिल करके शानदार वापसी की। यह ट्रायल्स विश्वकप के चार चरणों, विश्व चैंपियनशिप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए किए गए थे। दास सेना के धीरज बी के बाद दूसरे स्थान पर रहे जबकि अनुभवी जयंत तालुकदार और पार्थ सालुंके सात दिन के ट्रायल्स में चोटी के चार खिलाड़ियों मे शामिल रहे।

# वेल्स के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कोशिश करेंगे: मनप्रीत



**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारत एफ**आईएच विश्व कप के पहले दो मैचों में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकाम रहा लेकिन मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को उम्मीद है कि उनकी टीम वेल्स के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में ऐसा करने में सफल रहेगी। भारत ने अभी तक दो मैचों में नौ पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन किसी पर भी सीधा गोल करने में वह सफल नहीं रहा। स्पेन के खिलाफ हालांकि अमित रोहिदास ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के ड्रैग फ्लिक के विरोधी खिलाड़ी की स्टिक से रिबाउंड होने के बाद गोल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने गोल रहित ड्रा खेला। इस मैच में भारत को चार पेनल्टी कॉर्नर मिले थे। मनप्रीत ने मंगलवार को यहां टीम के अभ्यास के बाद पीटीआई से कहा, हम कुछ अवसरों पर चूके हैं लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ अगर आपने देखा होगा तो उन्होंने अच्छी तरह से रक्षण किया और उनके गोलकीपर ने बेहतरीन खेल दिखाया। हम यह नहीं कह सकते कि यह हमारी गलती नहीं थी लेकिन इंग्लैंड ने भी अच्छी तरह से बचाव किया। हमने कहां गलती की हम उसका आकलन करेंगे। उन्होंने कहा, इंग्लैंड और वेल्स की खेल शैली लगभग एक जैसी है और हम वेल्स के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कोशिश करेंगे। मनप्रीत ने कहा कि वेल्स के खिलाफ मैच महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जीत दर्ज करने पर भारत पूल डी में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

### समय आने पर श्रीजेश की जगह लेगा कृशन पाठक , कहा भारत के गोलकीपिंग कोच ने

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपिंग कोच डेनिस वान डे पोल का मानना है कि युवा गोलकीपर कृशन पाठक काफी परिपक्व हो गए है और जब पी आर श्रीजेश खेल को अलविदा कहेंगे तो उनकी जगह ले सकते है। 25 वर्ष के पाठक तोक्यो ओलंपिक मे श्रीजेश के साथ अतिरिक्त गोलकीपर थे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक मे ऐतहासिक कांस्य पदक जीता था। इसके बाद से पाठक और श्रीजेश दोनों भारतीय टीम का नियमित हिस्सा है और चार क्वार्टर मे बारी बारी से गोलकीपिंग करते है। पिछले 16 साल से भारतीय टीम के साथ खेल रहे 34 वर्ष के श्रीजेश अपने कैरियर की ढलान पर है। वान डे पोल ने पीटीआई से कहा , मैने भारतीय टीम के साथ शिविर मे काम किया है। दिसंबर में बेंगलुरू मे मैने नौ गोलकीपरों के साथ काम किया जिनमें से तीन श्रीजेश, पाठक और सूरज करकेरा भारतीय टीम का हिस्सा है।

### हार्दिक क्वार्टर फाइनल के लिए उपलब्ध रहेंगे

**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह की चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार उनकी हैमस्ट्रिंग की चोट गंभीर नहीं है हालांकि उनका विश्व कप में गुरुवार को वेल्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध है लेकिन यदि भारत क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो उनके इस मैच में उपलब्ध रहने की संभावना है। हार्दिक 15 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मंगलवार को उन्हें अभ्यास के दौरान फुटबॉल पर किक मारते हुए देखा गया।

# रानी ने वापसी पर गोल किया

## ● भारत ने द.अफ्रीका को 5-1 से हराया



**केपटाउन।** रानी रामपाल ने राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए गोल किया जिसकी मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से हरा दिया। पिछले साल जून में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021 . 22 में बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद टीम में वापसी करने वाली रानी ने 12वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद मोनिका (20वां), नवनीत कौर (24वां), गुरजीत कौर (25वां) और संगीता कुमारी (30वां) ने गोल दागे। भारत के पास हाफटाइम तक 5-0 की बढ़त थी। दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र गोल 44वें मिनट में कप्तान कानिता बॉब्स ने किया।

# मरे ने बेरेटिनी को पांच सेट में दी मात



## ● आस्ट्रेलिया ओपन रूबलेव भी जीतें

**भाषा।** मेलबर्न

**एंडी मरे ने** आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर के पांच सेट चले रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को यहां मातियो बेरेटिनी के खिलाफ 6-3, 6-3, 4-6, 6-7, 7-6 से जीत दर्ज की। पैंतीस साल के मरे ने अपने से लगभग एक दशक कम उम्र के और विश्व रैंकिंग में 50 से अधिक स्थान बेहतर बेरेटिनी को हराने के लिए साढ़े चार घंटे से कुछ अधिक का समय लिया। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन मरे ने किसी मेजर टूर्नामेंट में 2017 के बाद पहली बार शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है। स्कॉटलैंड के दुनिया के इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी की मौजूदा विश्व रैंकिंग 66 है। तेरहवें वरीय बेरेटिनी के खिलाफ जीत के साथ मरे ओपन युग में आस्ट्रेलिया ओपन में 50 मैच जीतने वाले सिर्फ पांचवें पुरुष खिलाड़ी बने। उनसे पहले नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर, रफेल नडाल और स्टीफन एडबर्ग यह उपलब्ध हासिल कर चुके हैं। पांच सेट के मुकाबलों में मरे की हार-जीत का रिकॉर्ड अब 27. 13 है जबकि बेरेटिनी को नौ मुकाबलों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। रूबलेव ने भी वाइल्ड कार्डधारी थीम को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2020 में उपविजेता रहे थीम 2021 में चोट के कारण ज्यादा नहीं खेल सके लेकिन पिछले साल शीर्ष सौ के भीतर पहुंच गए। उन्हें टूर्नामेंट के आयोजकों ने वाइल्ड कार्ड दिया है। अब रूबलेव का सामना आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर मैक्स परसेल या फिनलैंड के एमिल रूसुवुओरी से होगा। यहां 2017 में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्रिगोर दिमित्रोव ने असलान कारात्सेव को 7-6, 7- 5, 6-2 से मात दी।

### रूस और बेलारूस के ध्वजों पर प्रतिबंध

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान मेलबर्न पार्क पर रूस और बेलारूस के राष्ट्रध्वजो पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साल के पहले ग्रैंडस्लैम के पहले दिन कुछ दर्शक इन्हे लेकर पहुंचे थे। आम तौर पर मेलबर्न पार्क पर मैचों के दौरान ध्वज दिखाए जा सकते हैं। टेनिस आस्ट्रेलिया ने हालांकि यूक्रेन पर सैन्य हमले के कारण इन दोनों देशो के लिए वह नीति बदल दी है। टेनिस आस्ट्रेलिया ने एक बयान मे कहा , हमारी मूल नीति यह है कि प्रशंसक ध्वज लेकर आ सकते है लेकिन उनका इस्तेमाल व्यवधान पैदा करने के लिए नही कर सकते। इसमें कहा गया , कल कोर्ट के पास एक ध्वज पाया गया। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ माहौल देने के लिए पूरी कोशिश करते रहेंगे।

# सिंधू इंडिया ओपन के पहले दौर में बाहर

## ●सेन और साइना दूसरे दौर में

**भाषा।** नई दिल्ली







**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां पहले दौर में हारकर बाहर हो गई लेकिन पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन लक्ष्य सेन और साइना नेहवाल ने जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। पूर्व चैंपियन और दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को महिला एकल मुकाबले में थाईलैंड की दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ सीधे गेम में 12-21 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। सुपानिदा ने पिछली बार भी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सिंधू को हराया था। विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी और यहां सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने शानदार खेल का नजारा पेश करके विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एयएस प्रणय से मलेशिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया। सेन ने इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में खेले गए मैच में प्रणय को 21-14, 21-15 से हराया। पूर्व चैंपियन साइना के लिए भी यह अच्छा दिन रहा। उन्होंने अपने पहले मैच में डेनमार्क की दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट को 21-17, 12-21, 21-19 से हराया। सिंधू को बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ जूझना पड़ा जिनके रिटर्न सटीक थे और पहले गेम में उन्होंने रैली में भी नियंत्रण बनाया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में कड़ी चुनौती पेश की। उन्होंने 12-17 से पिछड़ने के बाद 20-19 पर एक गेम प्वाइंट हासिल किया।

# बेल्जियम और जर्मनी ने 2-2 से ड्रॉ खेला



**भाषा।** भुवनेश्वर

**गत चैंपियन** बेल्जियम ने मैच खत्म होने से छह मिनट पहले गोल दागकर एफआईएच पुरुष विश्व कप के पूल बी मैच में जर्मनी को 2-2 से बराबरी पर रोककर क्वार्टर फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। सेड्रिक चार्लियर ने बेल्जियम को नौवें मिनट में मैदानी गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन जर्मनी ने जोरदार वापसी करते हुए वेलेन निकलास (22वें मिनट) और टॉम ग्रेमबुश (52वें मिनट) के गोल से 2-। की बढ़त बना ली। ग्रेमबुश ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागा। विक्टर वेगनेज ने हालांकि 54वें मिनट में गोल दागकर बेल्जियम को हार से बचा लिया। बेल्जियम और जर्मनी दोनों के दो-दो मैच में चार-चार अंक हैं। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 20 जर्मनी को होने वाले दोनों टीम के आखिरी मुकाबलों से ग्रुप विजेता तय होगा। बेल्जियम को अंतिम पूल मैच में जापान से भिड़ना है जबकि जर्मनी का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। बेल्जियम की टीम अभी प्लस पांच के बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। जर्मनी का गोल अंतर प्लस तीन है। इससे पहले पूल बी के एक अन्य मैच में कोरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान को 2-। से हराया। ली जुंग जुन ने आठवें और 23वें मिनट में दो मैदानी गोल दागकर दक्षिण कोरिया की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले केन नागायोशी ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर जापान को बढ़त दिलाई थी।

# दिल्ली के खिलाफ सरफराज ने फिर जड़ा शतक



**भाषा।** नई दिल्ली

**सरफराज खान** ने लगातार रनों का अंबार लगाने के बावजूद आस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई की तरफ से दिल्ली के खिलाफ शतक जमाया। मुंबई के इस युवा बल्लेबाज का रणजी ट्रॉफी में इस सत्र में यह तीसरा शतक है जिससे उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश की है। मुंबई की टीम पहले दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले पहली पारी में 293 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी पारी की विशेषता सरफराज खान के 125 रन रहे। सरफराज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहले दो मैचों की टीम में नहीं चुना गया था। उन्होंने यह शतक ऐसे समय में लगाया जबकि उनकी टीम को इसकी सख्त जरूरत थी।

### ओडिशा बनाम यूपी : पहले दिन पांच विकेट पर 222 रन

**मेरठ।** मेरठ मे ओडिशा ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहले दिन पांच विकेट पर 222 रन बनाए। उसकी तरफ से शांतनु मिश्रा ने नाबाद 107 रन बनाए है जबकि राजेश धूपर ने 62 रन का योगदान दिया। स्टंप उखड़ने के समय मिश्रा के साथ अभिषेक राउत 43 रन पर खेल रहे थे।

### अनुस्तुप के नाबाद शतक से बंगाल की मजबूत शुरुआत

**रणजी ट्रॉफी**

रोहतक। अनुभवी बल्लेबाज अनुस्तुप मजूमदार के नाबाद 137 रन की मदद से बंगाल ने हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच मे मंगलवार को यहां दमदार शुरुआत करते हुए छह विकेट पर 335 रन बनाए। ग्रुप ए मे 25 अंको के साथ शीर्ष पर चल रहे बंगाल की तरफ से मजूमदार के अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 57 और विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने 49 रन का योगदान दिया। स्टंप उखड़ने के समय मजूमदार के साथ प्रदीप्ता प्रमाणिक 23 रन पर खेल रहे थे। हर्षल पटेल हरियाणा के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 60 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। ग्रुप ए के ही देहरादून में खेले जा रहे एक अन्य मैच मे उत्तराखंड ने बड़ौदा को पहली पारी मे 35.3 ओवर मे 86 रन पर आउट कर दिया। उत्तराखंड की तरफ से अग्रिम तिवारी ने 40 रन देकर पांच विकेट लिए। उत्तराखंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 74 रन बनाए थे।

### बेबी के शतक से केरल ने कर्नाटक के खिलाफ वापसी की

तिरुवनंतपुरम। कप्तान सचिन बेबी (नाबाद 116) के शतक से केरल ने छह रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन छह विकेट पर 224 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए करेल ने सलामी बल्लेबाजों राहुल पी (00) और रोहन एस कुन्नुमल (05) तथा रोहन प्रेम (00) के विकेट जल्दी गंवा दिए जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर छह रन हो गया। सचिन ने इसके बाद वत्सल गोविंद (46) के साथ 120 रन जोड़कर पारी को संभाला।

### तेजस पटेल और गजा ने गुजरात को विदर्भ पर बढ़त दिलाई

**नागपुर।** गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के पहले ही दिन विदर्भ के खिलाफ 114 रन की बढ़त के साथ अपना पलड़ा भारी रखा। तेजस पटेल (19 रन पर पांच विकेट) और चिंतन गजा (31 रन पर पांच विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी के शानदार प्रदर्शन से विदर्भ को 74 रन पर ढेर करने के बाद गुजरात ने दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 188 रन बना लिए हैं। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद पटेल ने चौथे ओवर में ही अनुभवी फैज फजल को पगबाधा कर दिया जो खाता भी नहीं खोल पाए। पटेल और गजा की धारदार गेंदबाजी के सामने सिर्फ सलामी बल्लेबाज संजय रामास्वामी (61 गेंद में 33 रन, पांच चौके) की कुछ देर टिककर खेल पाए। विकेटों के पतझड़ के बीच रामास्वामी ने एक छोर संभाले रखा।